फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 200 प्रभात जयपुर, बुधवार 23 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBIT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot



**Thatolia!** Completing the stack, she would triumphantly shout "Thatolia!" because her natural lisp not allowing her the correct pronunciation.

**Delicious Dairy-free Desserts**

**Pregnancy Health**

**Jobless Youth & Criminal Records**



*पी-22 नाम का माउन्टेन लायन लॉस एंजिल्स शहर में सैलिब्रिटी माना जाता है। हालीवुड हिल्स के ग्रिफिथ पार्क में रहने वाले पी-22 (पी यानि पूमा) से प्रेरणा लेकर कई भित्तिचित्र, गीत बन चुके हैं और उसके जीवन पर एक प्रदर्शनी भी लग चुकी है। आज से दस साल पहले, दस फरवरी को जब वैज्ञानिक इस क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगा रहे थे तब उन्हें पी-22 नजर आया था। कैलिफोर्निया के नैशनल वाइल्ड लाइफ फैडरेशन के डायरैक्टर बैथ प्रैट ने कहा कि ''लंबे समय से लोग इस शहर को धुँएं से भरा कॉंकरीट का जंगल कहकर कोसते रहे हैं पर पी-22 ने यहां बसेरा कर सबको गलत साबित कर दिया।'' प्रैट ने तो अपने शरीर पर पी-22 का गोदना (टैटू) भी बनवा रखा है। उन्होंने ही इसे माउन्टेन लायन्स का ''ब्रैड पिट'' नाम दिया, क्योंकि यह बहुत खूबसूरत और रहस्यमय है और प्रेम के क्षेत्र में दुर्भाग्यशाली है। यहां जंगल में भोजन प्रचुर मात्रा में है और कोई नर प्रतिस्पर्धी भी नहीं है। लेकिन, अफसोस, कोई मादा भी नहीं है, जिसके साथ यह जोड़ा बना सके। प्रैट कहते हैं कि देश के किसी अन्य भाग में यह होता तो अब तक इसे मार दिया जाता या भगा दिया जाता पर लॉस एंजलिस में यह ''फेमस'' है। पी-22 का जन्म सन् 2010 में सैंटा मोनिका माउन्टेन में हुआ था, जहां लगभग 100 माउन्टेन लायन हैं। इसलिए संभवतः इसे नए आवास की तलाश के लिए निकलना पड़ा। सन् 2012 में इसने सैंटा मोनिका माउन्टेन्स को छोड़ा और 50 मील लम्बी यात्रा कर ग्रिफिथ पार्क पहुंचा और यहीं बस गया। फ्रैंड्स ऑफ ग्रिफिथ पार्क नामक संगठन के अध्यक्ष गैरी हैन्स को आज भी वो दिन याद है जब उन्होंने पहली बार पी-22 को देखा था। वे अपनी टीम के साथ, क्षेत्र में जंगली जानवरों का पता लगाने के लिए कैमरा ट्रैप लगवा रहे थे। लेकिन जब कोयोटी, बॉबकैट और लोमड़ी जैसे जीवों के साथ-साथ माउन्टेन लायन भी नजर आया तो सब हतप्रभ हो गए। पी-22 सन् 2014 में उस समय सुर्खियों में आया था जब वो एक ऐसे मरे हुए जानवर को खाकर बीमार हो गया जो चूहे मारने का जहर खाकर मरा था। इसके बाद काफी विरोध हुआ और अक्टूबर 2020 में तो, चूहा मारने की इस खतरनाक दवा के इस्तेमाल पर कानूनी रोक लगा दी गई। इसके बाद सन् 2016 में इसने लॉस एंजलिस ज़ू की आठ फीट दीवार फांद कर सोते हुए कोआला को मार दिया। अब यह माउन्टेन लायन, विकास की वजह से विखंडित जंगलों को जोड़ने के लिए वाइल्डलाइफ क्रॉसिंग बनाने की जरूरत का प्रतीक बन गया है। ज्ञातव्य है कि, लॉस एंजलिस में विश्व का सबसे बड़ा वॉइल्ड लाइफ क्रॉसिंग बनने जा रहा है, जिससे अन्य माउन्टेन लायन भी बैखौफ आ-जा सकेंगे।*

# नीतीश कुमार ने अपना नाम चलवाया देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में?

## क्या यह इस बात का संकेत है कि, देहरादून, पणजी व लखनऊ में भाजपा का भविष्य अंधकारमय दिख रहा है, राजनीतिज्ञों को?

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22फरवरी। उत्तर प्रदेश में अभी चार चरणों का मतदान शेष है जिसमें 231 सीटों पर मतदान होना है। इसके साथ ही उत्तराखण्ड, गोवा और पंजाब में पहले ही मतदान सम्पन्न हो गया है। धीरे-धीरे यह सुस्पष्ट होता जा रहा है कि देहरादून, पणजी और लखनऊ में भाजपा की राजनीतिक संभावनाए गर्दिश में हैं। संभावनाओं पर घने बादल छा गए हैं और चण्डीगढ़ में भी उसकी संभावनाएं नहीं के बराबर हैं।

उत्तर प्रदेश में चुनाव के तीन चरणों में अब तक हुए मतदान में जिन 172 विधानसभा सीटों के लिए वोट डाले जा चुके हैं, वहां से प्राप्त जमीनी खबरें बताती हैं कि उनमें भाजपा को भारी नुकसान हो रहा है। भाजपा ने वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में इन क्षेत्रों की172 सीटों में से 140 पर जीत दर्ज की थीं। अनुभवी पर्यवेक्षक कह रहे है कि सपा-राष्ट्रीय लोकदल (आर.एल.डी.) गठबंधन के मुकाबले भाजपा 50 सीटे जीतने की स्थिति में भी नहीं है।

तथापि, इसकी एक अंतिम और स्पष्ट तस्वीर तभी सामने आएंगी 10 मार्च को मतगणना होगी, लेकिन विरोधी खेमे के माहौल और कार्यवाहियों को

- **महाराष्ट्र सरकार में मंत्री व एन.सी.पी. के प्रवक्ता नवाब मलिक ने नीतीश के प्रयास को गंभीरता से लेते हुए कहा, विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने से पहले नीतीश, भाजपा से अपने संबंध विच्छेद करें।**
- **भाजपा अपना एड़ी से चोटी तक का जोर लगाकर, आशा कर रही है कि, वह किसी तरह यू.पी. में सरकार बना ले। पर इसकी संभावना कम होती जा रही है, सपा के कार्यकर्ताओं के मनोबल के सामने।**
- **नवाब मलिक ने कहा, भाजपा यू.पी. में 150 सीटों पर सिमट जायेगी।**
- **यहां यह भी उल्लेखनीय है कि, नीतीश कुमार ने विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने का इरादा, प्रशांत किशोर की सलाह पर बनाया है।**

देखते हुए यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा के लिए आगामी महीनों में मुसीबतें कई गुना बढ़ने वाली हैं।

आगामी 10 मार्च के बाद भाजपा के साथ क्या होगा, उसका एक ट्रेलर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक प्रेरित कदम से देखा जा सकता है। कुमार ने इच्छा जतायी है कि वे विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनना चाहते हैं। उन्होंने यह कदम चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर से विचार-विमर्श करने के बाद उठाया है।

बिहार के मुख्यमंत्री की इस पहल को तब और तवज्जो मिली जब महाराष्ट्र के मंत्री एवं एन.सी.पी. प्रवक्ता नवाब मलिक ने आज कहा कि देश के अगले राष्ट्रपति के लिए विपक्ष के उम्मीदवार के बारे में कोई भी निर्णय विभिन्न पार्टियों के नेता सामूहिक रूप से लेंगे और इस पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री के नाम पर तभी विचार किया जाएगा, जबकि उनकी पार्टी जे.डी. (यू.) भाजपा के साथ अपने संबंध विच्छेद कर ले।

मलिक ने यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया से गुजर रहे पांचों राज्यों- उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ेगा और 403 सदस्यीय उत्तर प्रदेश विधानसभा में उसे 150 से भी कम सीटें मिलेंगी।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मुम्बई में महा विकास अगाड़ी (एम.वी.ए.) के शीर्ष नेताओं से मुलाकात का उल्लेख करते हुए आगे कहा कि वर्ष 2024 के लोक सभा चुनावों से पूर्व राष्ट्रीय स्तर पर एक भाजपा विरोधी मोर्चे के गठन की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों के सामूहिक नेतृत्व के अधीन इस मोर्चे का गठन किया जाएगा। उन्होंने आगे यह भी कहा कि कांग्रेस के बिना ऐसे मोर्चे का गठन नहीं किया जा सकता।

मलिक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि इस वर्ष के अन्त में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव को लेकर ''ऐसी खबरें हैं कि इनमें नीतीश कुमार को विपक्ष का उम्मीदवार बनाया जा रहा है।

मलिक ने कहा कि ''इस पर तब तक कोई विचार नहीं किया जा सकता,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी व नरेन्द्र मोदी का एक सा व्यवहार है यू.पी. के चुनाव के प्रति!

## राहुल कुछ घण्टों के लिये यू.पी. गये, वाराणसी में रवि दास जयन्ती पर गुरुद्वारे में भोजन परोसने

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22फरवरी। उत्तर प्रदेश के चुनावों को लेकर राहुल गांधी एवं नरेन्द्र मोदी की अनोखी तुलनात्मक दास्तान!

राहुल गांधी ने प्रचार के लिये उत्तर प्रदेश जाने का जोखिम नहीं उठाया है तथा प्रचार की पूरी जिम्मेदारी प्रियंका गांधी के भरोसे छोड़ दी है, ताकि वे कांग्रेस के झंडे को फहराती रहें। वे रविदास जयन्ती के अवसर पर चन्द घंटों के लिये वाराणसी गये थे, जहाँ भाई-बहिन ने गुरुद्वारे में भोजन परोसा था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उत्तर प्रदेश से दूर ही बने रहे हैं। उन्होंने पहले तीन चरणों में प्रचार नहीं किया, जहाँ भाजपा को औसत से कम प्रदर्शन की आशा है।

- **प्र.मंत्री मोदी भी यू.पी. में चौथे राउण्ड में पहुंचे, क्योंकि यह माना जाता है कि, चौथे चरण के बाद से भाजपा उन्मुख क्षेत्र आरम्भ होता है।**
- **पर, जमीनी रिपोर्ट्स के अनुसार, इन क्षेत्रों में भाजपा की हालत ज्यादा आरामदेह नहीं है।**
- **इस क्षेत्र में अमित शाह को भी हूटिंग के कारण, अपना रोड-शो, एक किलोमीटर बाद त्यागना पड़ा था। तथा दो दिन बाद स्मृति ईरानी चुनाव प्रचार करने आयीं, उनको भी हूटिंग का सामना करना पड़ा था, तथा उनके हाथ से माइक छीन लिया गया था। इसी प्रकार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को भी, जनता ने आड़े हाथ लिया, बेरोजगारी की स्थिति को सुलझाने में योगदान नहीं करने के कारण।**
- **कांग्रेस व भाजपा की हालत एक सी ही है यू.पी. में, पर, कांग्रेस के लिये संतोष की बात यह है कि, वह वैसे भी सत्ता में नहीं है वहीं, भाजपा के हाथ से सत्ता निकलती ही नजर आ रही है।**

प्रधानमंत्री ने केवल चौथे चरण तथा उससे आगे के चरणों के लिये प्रचार करना शुरु करके अपनी व्यावहारिक समझ का परिचय दे दिया है। उन्होंने कहा है कि अवध क्षेत्र, जहाँ 59 सीटों के लिये कल चुनाव होना है, भाजपा का गढ़ है। लेकिन जमीनी रिपोर्ट बता रही हैं कि अवध और पूर्वी उत्तर प्रदेश- दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लिखित परीक्षा?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22फरवरी। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस याचिका की सुनवाई के लिये बुधवार की तारीख दे दी, जिसमें सैन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकण्डरी एजुकेशन (सी.बी.एस.ई.) तथा अन्य राज्यों के शिक्षा बोर्डों की परीक्षा ऑफ लाइन कराये जाने की व्यवस्था को रद्द किये जाने की माँग

- **सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत याचिका में गुज़ारिश की गयी है कि, दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा रद्द की जाये। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर एमरजैंसी सुनवायी करने की व्यवस्था की है।**

की गई। अदालत ने बुधवार की तारीख ठाणे-निवासी चाइल्ड ऐक्टिविस्ट वकील अनुभा श्रीवास्तव साहनी के वकील की अपील पर दी।

मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने उक्त वकील को सोमवार को निर्देश दिये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# करोना की ''ऑन लाइन'' जांच करने वाली कम्पनियों का काम अब अन्ततोगत्वा रैगुलेट होगा!

## दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मुतल्लिक मजबूत आदेश पारित किये

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 22 फरवरी। दिल्ली हाई कोर्ट ने ''इंडियन काउंसिल ऑफ मेडीकल रिसर्च'' (आई.सी.एम.आर.) को आदेश दिये हैं कि वह ''ऑनलाईन एग्रीगेटर्स'', (यानि वह कंपनियां जो करोना की ऑन लाइन जांच करने का दावा करती है) उन कंपनियों द्वारा टैस्ट के ''सैम्पल कलेक्शन, स्टोरेज और टैस्ट करने की प्रक्रिया की गुणवत्ता तय करने के लिए मानक तय करे और फिर एक हफ्ते के भीतर अपनी वैबसाईट पर इन मानकों को प्रकाशित करे।

न्यायाधीश नज़मी वज़ीरी ने यह आदेश, डॉक्टर रोहित जैन द्वारा दायर की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये थे। डॉक्टर रोहित जैन जयपुर के निवासी हैं।

याचिकाकर्ता रोहित जैन की और से अधिवक्ता शशांक देव सुधि अदालत में पैरवी के लिए पेश हुए थे। उन्होंने अदालत को कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा करोना की जांच का दावा करने वाली ''ऑन लाइन'' कम्पनियों की निगरानी रखने और उनके द्वारा किये गये टैस्ट की गुणवत्ता की जांच करने के लिए कोई कदम नहीं उठाने जा रहे हैं। उन्होंने अदालत को कहा कि कई ''ऑन लाइन एग्रीगेटर'' कम्पनियाँ दिल्ली की परीसीमा से बाहर स्थित हैं, परन्तु वह दिल्ली के भीतर, बिना किसी संस्था या विभाग की निगरानी के कार्य कर रही हैं।

- **दिल्ली हाई कोर्ट ने टिप्पणी की कि, यह कम्पनियां कैसे सैम्पल लेती हैं, कैसे टैस्ट करती हैं और इन कम्पनियों के पास टैस्ट करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षित या शिक्षित लोग हैं कि नहीं, इसका सही जवाब कहीं से भी नहीं मिलता।**
- **अतः दिल्ली हाई कोर्ट ने अब पहल करके इन टैस्टिंग एजेन्सीज़ को रैगुलेट करने के आदेश पारित किये और आई.सी.एम.आर. को इन कम्पनियों की टैस्टिंग प्रक्रिया को प्रमाणित करने के लिए मानदण्ड तय कर, एक हफ्ते में अपनी वैबसाइट पर प्रकाशित करने के आदेश दिये हैं।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुम्बई के पूर्व पुलिस कमिश्नर

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 फरवरी। इस भ्रष्टाचार-विवाद, जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा राज्य के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख लिप्त हैं, को ''मैसी स्टेट ऑफ अफेयर्स'' का संज्ञा देते हुये, सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार का महाराष्ट्र पुलिस को आदेश दिये कि वह मुम्बई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करें।

- **सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र पुलिस को पाबंद किया कि, पूर्व कमिश्नर परमबीर सिंह के खिलाफ कोई कार्यवाही न करे।**

न्यायमूर्ति संजय किशन कौल तथा एम.एम. सुन्द्रेश की बैंच ने कहा कि बैंच जल्दी ही यह निर्णय लेगी कि सिंह के खिलाफ सभी केसों की सीबीआई जाँच कराई जाये या नहीं। इधर महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि सारे केस केन्द्रीय एजेंसी (सीबीआई) को नहीं सौंपे जा सकते है।

# पुतिन ने इतिहास, बल्कि सांस्कृतिक इतिहास का सहारा लिया यूक्रेन पर कब्जा जमाने के लिये

## पुतिन ने कहा, यूक्रेन तो, एक ''फिक्शन'' (तथ्यों से परे सृजित कहानी) है जो कम्युनिस्ट नेताओं ने रची थी, अपनी ''थ्योरी'' को सही बताने के प्रयास में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 फरवरी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन की भूमि पर अपने देश के कब्जे को न्यायोचित ठहराने के लिए इतिहास और उससे भी अधिक सांस्कृतिक इतिहास पर भरोसा कर रहे हैं।

पुतिन ने यूक्रेन और रूस के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का स्मरण करते हुए उसके खिलाफ अपनी सभी कार्रवाईयों पर उठी आपत्तियों को दरकिनार कर दिया हैं।

उन्होंने रूस और पूर्वी दिशा के उसके पड़ोसी के बीच के सांस्कृतिक संबंधों को याद करते हुए यूक्रेन को हड़पने की अपनी योजनाओं के प्रति शर्मिंदा होना बन्द कर दिया है। दो पृथक प्रांतों दनयस्क और लुहान्स्क को मान्यता प्रदान करते हुए पुतिन ने अपने एक भाषण में इस पर जोर दिया कि यूक्रेन हमेशा से महान रूसी साम्राज्य का एक हिस्सा रहा है।

वास्तव में रूस के कई महान लेखक और बुद्धिजीवी यूक्रेन मूल के थे और बाद में ये लोग देश की पूर्व राजधानी सैन्ट पीटर्सबर्ग में चले गए थे।

देश की राजधानी को उत्तरी शहर में शिफ्ट करने वाले रूसी सम्राट पीटर द ग्रेट ने इस शहर की बसावट मॉस्को और कॉसैक्स की देहाती परम्पराओं की बजाए फ्रांस और फ्रैन्च शैली से की थी।

- **पुतिन ने जाने माने साम्यवादी नेता, लैनिन व स्टालिन को भी नहीं बख्शा, यूक्रेन पर कब्जा जमाने के लिये प्रस्तुत तर्कों में।**
- **पुतिन ने यूक्रेन के बगावती प्रदेश, दनयस्क व लूहान्स्क को मान्यता प्रदान करते हुए कहा, ''हमें किसी की भी स्वीकृति लेने की क्या आवश्यकता है, उसे प्राप्त करने के लिये जो ''शुरु से हमारा ही था।''**
- **पर यूरोप पुतिन के इन विचारों से पूर्णतया असहमत है। जर्मनी ने रूस के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट, गैस-पाइन लाइन पर काम रूकवा दिया है। ब्रिटेन ने, रूस के पांच बैंक व हाई-नैट-वर्थ व्यक्तियों के खाते सीज़ कर लिये हैं। ये व्यक्ति रूस के राष्ट्रपति के निकटस्थ प्राणी माने जाते हैं। बड़े स्पोर्टस इवैन्ट, जिनका रूस में आयोजित होना काफी समय से निश्चित था, को अब रूस के बाहर शिफ्ट कर रहे हैं यूरोपीय देश।**

पुतिन ने अपने भाषण में कहा कि यूक्रेन की अलग पहचान एक कोरी कल्पना है और इस कल्पना को साम्यवादी नेताओं के दौर में एक राष्ट्रीयता सृजित करने के लिए की गई थी।

लगता है कि उन्होंने लेनिन और स्टालिन जैसे उन महान कम्युनिस्ट नेताओं की भी भर्त्सना कर दी है, जिन्होंने उप राष्ट्रीयता और राष्ट्रीयताओं को लेकर किए गए अपने शोध के समर्थन में इन क्षेत्रों को अलग किया था। पुतिन ने कहा कि ''जो हमारा है, उसे पुनः प्राप्त करने के लिए हमें किसी की अनुमति लेने की जरूरत क्यों होनी चाहिए।'' लेकिन पुतिन जो भी सोचते हैं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अरब पैसा स्विस बैंकों में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 22 फरवरी। स्विट्ज़रलैंड के बैंक ''क्रेडिट सुईस'' से लीक हुए डेटा ने मध्य पूर्व क्षेत्र की अनेक ताकतवर हस्तियों के निजी धन के पूरी तरह खोल दिये हैं तथा ''सेल्फ-डीलिंग'' को लेकर अनेक नये प्रश्न खड़े हो गये हैं।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार खाड़ी देशों के शासकों के अरबों डॉलर जमा पाये गये क्रेडिट स्वीस बैंक में। अखबार के अनुसार इससे यह साबित हुआ कि, इन देशों में शासक व सरकार में फर्क नहीं के बराबर है।**

न्यूयार्क टाइम्स कहता है कि लीक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

**विचार बिन्दु**

**वृक्ष अपने काटने वाले को भी छाया देता है। –चैतन्य**

# यह जो पब्लिक है सब जानती है

गत दो माह से मीडिया में एवं विभिन्न सभाओं में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता विधानसभा चुनाव वाले पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर के चुनाव प्रचार में विभिन्न प्रकार के आश्वासन मतदाताओं को दे रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वे जनता को बता रहे हैं कि यदि वे सत्ता में आए तो किस प्रकार उनका जीवन बेहतर हो जाएगा। यह बताने से से भी नहीं चूकते कि अन्य दलों के नेता किस प्रकार के बयान दे रहे हैं एवं किस प्रकार के भाषण दे रहे हैं। प्रत्येक नेता, अन्य दलों के कार्यकाल की, विभिन्न प्रकार के शब्दों से आलोचना करना से नहीं चूकते।

इस पूरे बयान और प्रति – बयान के भ्रम जाल में मतदाता भ्रमित हो रहा है। नेतागण समझते हैं कि जो वे कह रहे हैं, जनता उसको शत प्रतिशत सही मान लेती है। गत कई चुनावों में, इस गलतफहमी को बल मिला भी है। इसी प्रकार जो दल सत्ता में होते हैं, वे उनके द्वारा किए गए कार्यों का इस प्रकार से बखान करते हैं जैसे कोई राम राज्य ही आ गया हो। जनता का अनुभव, कई बार नेताओं के भाषणों के विपरीत होता है। जनता के प्रति नेताओं की यही गलतफहमी कई बार उन्हें ले डूबती है।

आपातकाल के दौरान, जो कुछ भी देश में हुआ, उसके बारे में सत्ता में बैठे नेताओं को कतई जानकारी नहीं थी। वे इसी भ्रम में रहे कि जनता, उनके द्वारा किए गए कार्यों से बेहद खुश है। श्रीमती गांधी ने, इसी भ्रम के चलते, मार्च 1977 में आपातकाल हटाकर चुनाव करवाए और हम सब जानते हैं कि किस प्रकार कांग्रेस की करारी हार हुई और जनता पार्टी सत्ता में आई। इसके बाद, विभिन्न चुनावों में अलग-अलग प्रकार के हथकंडे विभिन्न दलों द्वारा अपनाए गए हैं। कभी जाति के नाम पर, कभी धर्म के नाम पर, कभी क्षेत्रवाद के नाम पर, विभिन्न प्रकार के स्वप्न जनता को दिखाए गए, जिनसे प्रभावित होकर जनता ने ऐसे लोगों को बहुमत से सत्ता में बिठाया। कहा जाता है कि आप एक व्यक्ति को कई बार मूर्ख बना सकते हैं, कई व्यक्तियों को एक बार बना सकते हैं किन्तु सभी व्यक्तियों को सदैव मूर्ख नहीं बना सकते।

देश के पाँच राज्यों में विधानसभा के चुनाव मे हो रहे हैं। यह जनता पर निर्भर है कि विभिन्न दलों द्वारा किए जाए जा रहे वादों एवं दिए जा रहे आश्वासनों पर जनता विश्वास करती है अथवा नहीं। गत कुछ वर्षों में सोशल मीडिया का प्रचार-प्रसार तेजी से हुआ है। इन चुनावों में, विशेषकर कोरोना के कारण, चुनाव आयोग ने प्रचार के तौर-तरीकों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अब तो लगता है, जैसे पूरा चुनाव ही ट्विटर, फेसबुक और यूट्यूब पर लड़ा जा रहा है। आपको वैसे ही वीडियो यूट्यूब पर मिल जाएंगे, जिस प्रकार के आप देखना चाहते हैं। आप किसी एक विशेष विचारधारा के किसी वीडियो को एक बार डाउनलोड कर लेते हैं तो फिर जब भी आप यूट्यूब या फेसबुक को खोलेंगे तो आपको स्वतः बहुत सारे वीडियो एवं समाचार उसी प्रकार के मिल जाएंगे। इसी प्रकार कोई अन्य व्यक्ति, विपरीत विचारधारा का वीडियो डाउनलोड करता है तो उसी प्रकार के वीडियो प्राथमिकता से उपलब्ध होती रहेगी।

एक प्रकार से, सूचना और जानकारी का विस्फोट सोशल मीडिया पर हो रहा है। इसमें यह पता करना भी सरल नहीं है कि कौन सा वीडियो वास्तविक है और कौन सा फर्जी? तकनीक की मदद से आजकल फर्जी वीडियो बनाया जाना बहुत सरल हो गया है। इस प्रकार मतदाताओं के सामने दोहरी मुश्किल आ गई है। एक, पता करना मुश्किल है कि उसे प्राप्त व्हाट्सएप या वीडियो असली है या फर्जी। दो, यदि वीडियो असली भी है तो, उसमें किसी नेता द्वारा कही गई बात कितनी गलत है या सही?

> **जिस राजनीतिक परिपक्वता का परिचय जनता ने कई बार चुनावों में दिया, उसी प्रकार के विवेकपूर्ण निर्णय की, इस बार अत्याधिक आवश्यकता है। उसे यह भी देखना चाहिए कि जो लोग ठीक चुनाव से पूर्व दल बदल कर रहे हैं, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा कर रहे हैं या फिर वैचारिक मतभेद के आधार पर कर रहे हैं।**

गत कुछ दिनों में विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा दिये गए बयानों को ही देख लीजिए। "कोरोना का प्रबंध हमारे राज्य में सर्वश्रेष्ठ हुआ", "कोरोना वायरस के कोई कष्ट हमने नागरिकों को नहीं होने दिया", "हमारे राज्य में कोई बेरोजगारी नहीं है", "हमने किसानों की आय को दोगुना कर दिया है", "हमारे राज्य की जीडीपी किसी भी अन्य राज्य से अधिक तीव्रता से बढ़ी है", "हमने अपने राज्य में अपराधियों का पलायन करा दिया है", "महिलाओं को सुरक्षा, सर्वाधिक हमारे राज्य में प्राप्त है", "किसान भाइयों का हित हमारे लिए सर्वोपरि है", "हम किसान से केवल एक फोन कॉल की दूरी पर हैं", "हमारी सरकार आने पर राज्य के प्रत्येक महिला के खाते में 20000 वार्षिक जमा कराया जाएगा", "सत्ता में आने पर सबको 500 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी", "किसानों को पूरी बिजली मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी और वह भी 24 घंटे", "प्रत्येक व्यक्ति को रहने का घर दिया जाएगा", "भ्रष्टाचार को कतई सहन नहीं किया जाएगा', "इस देश की संपदा पर पहला हक मुसलमानों का है"। नेतागण यह समझते हैं कि लोग उनकी इस प्रकार की बातों पर आंख मूँद कर विश्वास कर लेंगे।

जिस प्रकार की घोषणाएं इन चुनावों में की जा रही हैं, लगभग उसी प्रकार की हर चुनाव के पहले होती रही है। जनता को यह तय करना है कि स्वयं के अनुभव के आधार पर, किसकी बात पर विश्वास करें और कितनी नहीं? जनता ने अपने विवेकशील होने का परिचय कई बार देश के विभिन्न चुनाव में दिया है और झूठे आश्वासन देने वाले नेताओं को अच्छा खासा पाठ पढ़ाया है।

दलबदल का एक बहुत बड़ा क्रम भी इन चुनावों में चला है। कई लोग भाजपा से कांग्रेस, कांग्रेस से भाजपा, भाजपा से समाजवादी पार्टी, सपा से भाजपा में गए हैं। जो व्यक्ति एक दल में रहते हुए अपने नेतृत्व की तारीफ करते हुए नहीं थकता था वही, अब उसकी आलोचना चुन-चुन कर कर रहा है। कुमार विश्वास जो एक समय अरविंद केजरीवाल के विश्वस्त व्यक्तियों में थे, वही अब केजरीवाल को खालिस्तान समर्थक बता कर अपना वीडियो जारी कर रहे हैं। यह समझना कठिन नहीं है कि पंजाब के चुनाव के ठीक पहले ही वे ऐसा क्यों कर रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं कि जब अरविंद केजरीवाल द्वारा उन्हें राज्यसभा में भेजना से मना से मना करने का अब वे बदला ले रहे हों। अचानक उन्हें केवल ज्ञान हुआ और एक वीडियो जारी कर दिया।

जो दल एक-दूसरे के विरुद्ध कठोर, आलोचनात्मक बयान दे रहे हैं, उनमें से, चुनाव के बाद सत्ता में आने के लिए,कौन किससे हाथ मिला ले, कुछ नहीं कहा जा सकता है।

इन पांच राज्यों के चुनाव, विशेषकर उत्तरप्रदेश एवं पंजाब के, 2024 के लोक सभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

जिस राजनीतिक परिपक्वता का परिचय जनता ने कई बार चुनावों में दिया, उसी प्रकार के विवेकपूर्ण निर्णय की, इस बार अत्याधिक आवश्यकता है। उसे यह भी देखना चाहिए कि जो लोग ठीक चुनाव से पूर्व दल बदल कर रहे हैं, वे केवल सत्ता प्राप्त करने के लिए ऐसा कर रहे हैं या फिर वैचारिक मतभेद के आधार पर कर रहे हैं। एक कहावत है, "सौ सुनार की, एक लुहार की"। पांच वर्ष तक सत्ताधारी लोग जनता के हितों पर अनेक प्रकार से निरंतर प्रहार करते रहते हैं। चुनाव ही वह अवसर जनता को प्रदान कराते हैं कि वह लुहार की तरह ऐसा प्रहार करे कि नेताओं को सदैव के लिए सबक मिल सके।

मतदाता को इन चुनावों में एक बार पुनः 1974 की फिल्म रोटी के इस गीत को सही सिद्ध करना है:–

ये जो पब्लिक है, सब जानती है, अंदर क्या है, बाहर क्या है, सब पहचानती है.......

आइए, हम आशा करें कि सभी राजनीतिक दल, जनता के विवेक और उसकी क्षमता को कम मानकर न चलें और उसी के अनुरूप वह उससे संवाद करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## राशिफल बुधवार 23 फरवरी, 2022



पंडित अनिल शर्मा

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2078, विशाखा नक्षत्र दिन 2:41 तक, धुव्र योग प्रातः 8:25 तक, बव करण सांय 4:57 तक, चन्द्रमा आज प्रातः 8:56 पर वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-तुला, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।


रवियोग दिन 2:41 तक है। अमृत सिद्धि योग और राजयोग दिन 2:41 से सांय 4:57 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 2:41 से आरम्भ होगा। आज श्री नाथ पाटोत्सव नाथद्वारा, कालाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:51 तक, शुभ 11:15 से 12:40 तक, चर 3:30 से 4:55 तक, लाभ 4:55 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:00, सूर्यास्त 6:20




**मेष**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा।




**सिंह**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी।




**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।




**वृष**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।




**कन्या**
आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में सुसंदेश प्राप्त होंगे।




**मकर**
आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन खर्च पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। संभावित स्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है।




**मिथुन**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे।




**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कर्क**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। भावनात्मक कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**मीन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा।

# आगामी वित्तीय बजट से राजस्थान को निजी वित्तीय निवेश को आकर्षित करना चाहिए

इसी सप्ताह राजस्थान सरकार आगामी वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अपना वित्तीय बजट प्रस्तुत करने वाली है। गहलोत सरकार इस आगामी बजट से काफी कुछ नया करने की कोशिश कर सकती है क्योंकि आधे से अधिक का कार्यकाल सरकार अपना पूर्ण कर चुकी है। गांधीवादी अशोक गहलोत इस बजट से राजस्थान को कुछ नया देने की कोशिश कर सकते हैं।

तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अगर प्रति व्यक्ति वित्तीय आय के हिसाब से बात की जाए तो राजस्थान का नंबर भारत में 20 राज्यों के बाद आता है। वर्ष 2019-20 तक प्रति व्यक्ति आय राजस्थान में 111000 थी। वर्तमान समय में तो स्थिति काफी विपरीत है। आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय में बेरोजगारी की द्वितीय सर्वाधिक दर राजस्थान में है। 19 फरवरी तक राजस्थान में बेरोजगारी की दर 18.19 प्रतिशत दर्ज की गई थी तथा राजस्थान से अधिक बेरोजगारी की दर मात्र हरियाणा में ही थी। वहीं कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में यह 3 प्रतिशत थी। वर्तमान समय में भारत के 11 राज्यों में बेरोजगारी की दर 5 प्रतिशत से कम है।

अगर कोई राज्य सरकार बेरोजगारी को खत्म करने में विफल रह रही है तो इसके पीछे का एक प्रत्यक्ष कारण निजी निवेश को ढंग से आकर्षित ना कर पाना है तो दूसरी तरफ अपने वित्तीय खर्चों का गलत आवंटन भी है।

गहलोत सरकार के इस कार्यकाल के पिछले सभी वित्तीय बजट का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो यह पाया जाएगा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में वित्तीय ऋण लगातार बढ़ रहा है। 2018-19 में वित्तीय ऋण की मात्रा 37847 करोड़ थी तो वहीं पर अगले वित्तीय वर्ष में ये 22 प्रतिशत से बढ़ी थी।

सरकार के राजस्व घाटे की बात की जाए तो पिछले 3 वर्षों में यह लगातार बढ़ा है। जहां 18-19 में ये 31.07 प्रतिशत था तो अगले वित्तीय वर्ष में ये 31.64 प्रतिशत रहा। वित्तीय वर्ष 20-21 के संशोधित वित्तीय प्रस्तुतीकरण में इसे 41.36 प्रतिशत आंका गया था। राजस्व घाटे का कारण सरकार की वित्तीय आय में कमी है। 2020-21 के आकड़े इसे स्पष्ट भी करते हैं। करों के संग्रहण में उत्पादन शुल्क में 9 प्रतिशत की कमी संशोधित वित्तीय प्रस्तुतीकरण में रखी गई थी, वहीं पर राज्य के विक्रय कर वैट में 8 प्रतिशत की कमी थी। अर्थव्यवस्था के वित्तीय घाटे की बात की जाए तो वह भी पिछले 3 वर्षों में लगातार बढ़ा है।



डॉक्टर पीएस वोहरा

पूंजीगत खर्चों की अगर बात की जाए तो पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार ने इसे 28 प्रतिशत से अधिक बढ़ाया था तथा चिकित्सा के क्षेत्र पर कुल 1804 करोड़ रुपए का आवंटन किया था जोकि पिछले वित्तीय वर्ष से 4 गुना अधिक था।

दूसरा पक्ष यह भी है कि वर्ष 18-19 में कुल 19638 करोड रुपए विभिन्न पूंजीगत संपत्तियों के निर्माण के लिए रखे गए थे वहीं पर 19-20 के वित्तीय बजट में इसे घटाकर मात्र 14718 करोड़ कर दिया गया था। आज अगर बेरोजगारी बढ़ रही है तो उसके पीछे का एक मुख्य कारण यह भी है कि अर्थव्यवस्था के पूंजीगत खर्चों में बढ़ोतरी नहीं हुई है जिसके कारण नई संपदा विकसित नहीं की जा सकी है।

राजस्थान अर्थव्यवस्था की वित्तीय बजट में प्रतिवर्ष कुल वित्तीय खर्चों का 80 से 82 प्रतिशत राजस्व व्यय के होते हैं तथा बाकी बचे 18 प्रतिशत के आस-पास पूंजीगत व्यय के लिए आवंटन होता है। पिछले 3 वित्तीय बजट तुलनात्मक अध्ययन से यह बताते हैं कि राजस्व व्यय के अंतर्गत वेतन व पेंशन की तुलना वित्तीय ऋण के ब्याज के भुगतान का लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2019-20 में यह करीब 2000 करोड रुपए से बड़ा था। निश्चित रूप से यह एक अच्छे आर्थिक विकास का सूचक नहीं है। विश्लेषणात्मक अध्ययन से यह भी पाया जा सकता है कि सरकार लगातार ऊर्जा, रूरल डेवलपमेंट, इरीगेशन के अंतर्गत अपने वित्तीय बजट को घटा रही है।

राजस्थान की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान सर्विस सेक्टर का है। कृषि क्षेत्र व औद्योगिक क्षेत्र का अंशदान लगभग समान है। आमूलचूल परिवर्तन हेतु अत्यंत आवश्यक है कि सरकार औद्योगिक क्षेत्र को मुख्यधारा में लाए। राजस्थान भारत के जीडीपी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के माध्यम से 13 प्रतिशत का अंशदान देता है। खनिज पदार्थों की उपलब्धता में भी राजस्थान काफी आगे है परंतु अगर औद्योगिक विस्तार की बात की जाए तो सीमेंट, टेक्सटाइल तथा बड़े वाहनों के लिए कलपुर्जे के उद्योगों में पाया जाता है। इन क्षेत्रों को अधिक विस्तार दीया जाना चाहिए। कच्चे तेल में भी अधिक से अधिक अवसर खोजे जाने चाहिए ताकि आर्थिक संपन्नता को बढ़ाया जा सके। भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि के माध्यम से राजस्थान जीडीपी में 23 प्रतिशत का अंशदान देता है इसलिए सरकार को विभिन्न तरह की लागत को नियंत्रित करना सरकार का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करके भी इस उद्देश्य की प्राप्ति की जा सकती है।

इसके अलावा सरकार को छोटे शहरों में सर्विस क्षेत्र को आकर्षित करना चाहिए ताकि युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार मिले।


इस बजट से यह भी आशा की जानी चाहिए कि सरकार आने वाले दिनों में निजी वित्तीय निवेश को राज्य में अधिक से अधिक आकर्षित करेगी ताकि अर्थव्यवस्था में एक तेजी लाकर राजस्थान को आर्थिक विकास की नई डगर पर देखा जा सके।

**डॉक्टर पीएस वोहरा**
**आर्थिक मामलों के जानकार**

# नौकर कौन? जनता या अधिकारी-कर्मचारी?

बहुत बार ऐसा होता है कि सरकारी कर्मचारी या अधिकारी जनता के काम करने में ना केवल अपना सौभाग्य समझते हैं, वरन काम को इतनी तन्मयता से करते हैं कि जनता को दृष्टि भ्रम की नौबत आ जाती है। अलबत्ता कई बार तो लोग देखकर हैरान हो जाते हैं कि इस तरह का व्यवहार यदि सभी अधिकारी-कर्मचारी करने लगें तो समस्याओं की फाइल किसी टैबल पर मिले ही नहीं। किंतु, बड़े अफसोस के साथ यह लिखना पड़ रहा है कि चाहे केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी हों, या फिर राज्यों के, अधिसंख्य के बारे में जो राय जन-मानस में बन गई है कि काम नहीं करते , वह अनायास नहीं बनी, उसके पीछे लाखों कर्मियों का परिश्रम और कई दशकों अनुभव है, या कहें कि कड़ा अनुभव है।

सरकारी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं। एक: वे लोग जो बिना किसी लाग-लपेट के समय पर काम करके अपनी टैबल हमेशा साफ रखते हैं। दूसरे: जो काम तो करते हैं, लेकिन थोड़ा आलस से, ना-नुकुर करके और जी-हूजुरी कराकर कर ही डालते हैं, उनकी टैबल सामान्यतः मासिक रुप से साफ होती है। तीसरे: वे ही, जो जब तक वजन नहीं, तब तक काम नहीं। अक्सर ये नीचे वाले दोनों ही प्रकार के कर्मी इस लेख की आत्मा हैं। इन्हीं की वजह से लिखना पड़ रहा है कि नौकर कौन? अन्यथा पहले वाले



रामगोपाल जाट

कर्मी के कारण तो इस लेख के लिखने की आवश्यकता ही नहीं थी।

एक विभाग में सैंकड़ों कर्मचारी और कई अधिकारी होते हैं, जो जनता के लिये ही काम करने के लिये रखे जाते हैं। आप कल्पना कीजिये, जो व्यक्ति जनता की सेवा, मतलब लोगों के काम-काज करने के लिये ही नौकरी पर रखा जाता है, उससे मिलने से पहले यदि जनता सो-सो बार सोचने लगे, तो समझो यह व्यवस्था बनी कैसे? जो अधिकारी-कर्मचारी फरियादी की तरफ झांके ही नहीं, और एक से अधिक बार टोक दे तो डपट-झपट करते देर नहीं लगाये, तो पूछो यह व्यवस्था बनाने का जिम्मेदार कौन है?

क्या यह व्यवस्था एक दिन में बन गई? एक साल में बन गई? एक दशक में बन गई? नहीं !इस व्यवस्था को बनाने में हजारों-हजारों अधिकारियों और कर्मचारियों की अथक नकारात्मक मेहनत लगी है। ऐसे-ऐसे कर्मचारी-अधिकारी इस व्यवस्था को बनाने के जिम्मेदार हैं, जो बरसों तक इस बात की तनख्वाह उठाते रहे कि वे तो सरकारी अधिकारी हैं, सरकारी कर्मचारी हैं। कल्पना कीजिये, जिसको नौकरी लगते समय केवल एक ही बात दिखती थी, कि उसे सेवानिवृत्त होने तक सरकारी सीट पर बैठकर केवल जनता के काम करने हैं, वही दो-चार बरस बाद इस बात को पूरी तरह से भूल चुका होता है कि वह सरकारी सेवा में रखा ही क्यों गया था?

मेरा एक मित्र था! जब हम पढ़ते थे, तब उसके पिता सरकारी सेवा में थे वह अकसर कहता था कि सरकारी तनख्वाह लेकर भी मेरे पापा इमानदारी से काम नहीं करते, वह कामचोरी करते हैं और हमेशा वेतन के लिये बातें करते हुये पाये जाते हैं। वह कार्यालय में काम के वक्त भी घर के काम निपटाते रहते हैं । हुआ यूं, कि कुछ बरस पहले वह मित्र सरकारी सेवा में शिक्षक बन गया। शुरुआत में शहर से कुछ दूर विद्यालय में सेवा देने के बाद शिक्षा संकुल में डेपुटेशन पर सेवाएं देने लगा। एक दिन मैं रिपोर्टिंग के लिये शिक्षा संकुल गया था, वहीं पर मिल गया। मुझे बोला, चल कैंटीन में चाय पीते हैं। उसके साथ दो अन्य साथी भी थे। चाय बन ही रही थी कि उनकी बातें पूरे सरकारी सबाब पर आ गई । पिता को कोसने वाला भी वही बात उस दिन कर रहा था। मुझे सुनकर ताज्जुब हुआ कि यह आदमी ऐसे-कैसे इतना बदल सकता है।

रोचक बात यह भी है कि जिस वक्त हम चाय पी रहे थे, उस वक्त ना तो ड्यूटी टाइम खत्म हुआ था और ना ही लंच हो रहा था, फिर भी हम करीब एक घंटे तक उसके वेतन में से 50 रुपये कटने का गुणा-भाग कर रहे थे। है ना कमाल की बात ! तब मुझे लगा कि कहीं सरकारी पानी और सरकारी कार्यालयों के वास्तु में ही तो गड़बड़ नहीं है? लेकिन फिर मैं कहूं, यदि ऐसा होता तो जो 5 या 10 प्रतिशत ईमानदार और मेहनती अधिकारी-कर्मचारी हैं, वे भी तो उन्हीं सरकारी कार्यालयों में ही रहते हैं, वहीं का पानी पीते हैं, वहीं लंच भी करते हैं तो अंततः मुझे इसका जवाब नहीं मिला है कि नौकर कौन? जनता या अधिकारी-कर्मचारी?

**–रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# 20 साल से बकाया मजदूरी के लिए संघर्ष कर रहे निरंजन ने अन्न जल छोड़ा

**अलवर,** (निसं)। अलवर की मॉडर्न शूटिंग फैक्ट्री में 18 साल तक सैंपल मैन के तौर पर काम करने वाले निरंजन 20 साल से बकाया मजदूरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, अब निरंजन ने अन्न जल छोड दिया है। 2001 में फैक्ट्री बंद हो गई तब से निरंजन अपने बकाया के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कानूनी लडाई लड़ने और जीतने के बाद भी निरंजन के हाथ पैसा नहीं आया है। अब निरंजन ने अपने घर के गेट पर लिख दिया है 'अन्न जल छोड़ दिया है, मर जाऊं तो मेरा शव मंत्री टीकाराम जूली के कदमों में डाल देना'।

अलवर के शांतिकुंज में रहने वाले निरंजन ने घर के गेट पर यह भी लिखा है कि मेरा शव मेडिकल कॉलेज को सौंप दिया जाए, ताकि वह मेडिकल स्टूडेंट्स के काम आ सके। अब मुझे उम्मीद नहीं है कि पैसा मिलेगा। निरंजन की बेटी ने कहा कि पिता नहीं बचेंगे तो हम भी नहीं बचेंगे। पूरे परिवार के शरीर को मेडिकल कॉलेज को सौंप देना ही ठीक रहेगा । निरंजन के एक बेटा और एक बेटी है। 2001 में फैक्ट्री से नौकरी छूटने पर निरंजन ठेला लगाकर फल बेचने लगे। लॉकडाउन में वह काम बंद हुआ तो परिवार के भूखों मरने की नौबत आ गई। 2001 में मॉडर्न शूटिंग फैक्ट्री बंद हो गई थी।

निरंजन को 1500 से 2400 रुपए मासिक सैलरी मिलती थी। सैलरी के बकाया भुगतान के लिए निरंजन ने कोर्ट के चक्कर काटे। 2009 में मॉडर्न शूटिंग फैक्ट्री को सत्यतेज कंपनी ने खरीद लिया। फैक्ट्री का सौदा होने के बाद भी मजदूरों को बकाया भुगतान नहीं किया गया। कोर्ट ने फैक्ट्री को मजदूरों के बकाया भुगतान का निर्देश भी दिया लेकिन अमल नहीं किया गया। 2013

> ■ **'अन्न जल छोड़ दिया है, मर जाऊं तो मेरा शव मंत्री टीकाराम जूली के कदमों में डाल देना'**

में श्रम विभाग ने सत्यतेज से समझौता करने वाले मजदूरों का पैसा दिलाया था, लेकिन निरंजन सिंह के मामले में कोर्ट में केस चल रहा था। निरंजन समेत 5 मजदूरों का पैसा अटका हुआ था। श्रम न्यायालय ने मार्च 2017 में आदेश दिए। निरंजन को 5 लाख के भुगतान का आदेश जारी हो गया।

लेकिन तब से निरंजन अलवर से जयपुर के चक्कर काट रहे हैं। इन सबसे परेशान होकर निरंजन अपने परिवार के साथ 18 दिन की भूख हडताल भी कर चुके हैं। इस मामले में कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली कह चुके हैं कि निरंजन का भुगतान होना है, वह प्रक्रियाधीन है जहां मदद की जरूरत है वहां की जाएगी। निरंजन का कहना है कि श्रम मंत्री रहे टीकाराम जूली के आश्वासन के बाद भी श्रम विभाग के अधिकारी टालमटोल करते रहे। कोर्ट के आदेश पर भी पैसा देने में आनाकानी की जा रही है।

इस मामले में श्रम विभाग के अधिकारी राकेश का कहना है कि विभाग के स्तर पर काम पेंडिंग नहीं है। विभाग से अवार्ड घोषित हो चुका है। अवार्ड की पालना नहीं करने पर जिला कलेक्टर जयपुर को भी लिख दिया है। ताकि रिकवरी कर पैसा दिया जाए। इसके बाद जयपुर से रिकवरी की प्रक्रिया चल रही है। प्रक्रिया में ही समय लग रहा है।

## सिलीसेढ के पास गंदगी को देखकर पर्यटक निराश

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में प्रसिद्ध सिलीसेढ झील पर गंदगी का आलम बना हुआ है। सिलीसेढ झील अलवर का एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं। आज जब मीडिया कर्मी द्वारा पर्यटकों से संपर्क किया गया तो उन्होंने झील के पानी में व आस-पास की गंदगी को देखकर निराशा जताई तथा प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसी क्षेत्र की पर्यटन स्थल को स्वच्छ रखना उस क्षेत्र के प्रशासन विभाग की जिम्मेदारी होती है लेकिन यहां की गंदगी को देखकर ऐसा नहीं लगता।

# सभ्य संक्रमण

अब हम पहले से अधिक सभ्य हो गये हैं। महिला स्वास्थ्य के प्रति चेतना तो चरम पर है। प्रजनन स्वास्थ्य - जनसंख्या विस्फोट के कारण जागरूक राष्ट्र और सभ्य समाज का केन्द्र बिन्दु है । जागरूकता का प्रतीक है देश में प्रति वर्ष 60 लाख से अधिक होते गर्भपात। सभ्य समाज की अनपढ महिलाऐं गर्भपात को सफाई, थोड़ी पढी हुई अबोर्शन या डी एन्ड सी और अगर सुशिक्षित आधुनिक महिला है तो बतायेंगी एम टी पी करवाई थी। 'आबादी की महामारी' के परिप्रेक्ष्य में बने गर्भपात कानून से योगदान देने को सब अपना कर्तव्य मानते हैं। यही कारण है कि कानून के सुरक्षात्मक प्रावधानों की अवहेलना में होते 40 लाख अवैध गर्भपात और उससे होती हजारों महिलाओं की मृत्यु के प्रति सर्वथा अवज्ञा। वैसे कुछ सिरफिरे जनसंख्या नियंत्रण के लिए गर्भपात को बर्बरता की संज्ञा देते हैं। कहते हैं कि यह वहशियों का नया धर्म है। अबोर्सन फार पॉपुलेशन कंट्राल इज न्यू रिलिजन ऑफ बार्बेनियन्स अवैध संक्रमित गर्भपात से होने वाली भयानक मृत्यु को देखते हुए तो यह सही लगता है। 40 लाख अवैध गर्भपात के प्रति आंखे बंद रखना, कान बंद रखना, मुंह बंद रखना संवेदनहीनता की पराकाष्टा है, बर्बर हिंसा है।

25 वर्षीय महिला को शहर के जाने माने प्रतिष्ठित उच्च स्तरीय अस्पताल में लाया गया है। हालत गंभीर है। शहर से 120 किलो मीटर दूर कस्बे से लाया गया है जहां, मरीज के कथनानुसार, 3 दिन पहले अबोर्सन करवाया था। पेट फूला हुआ है। भयंकर दर्द है। पेट को दबा कर छोड़ते ही मरीज पीड़ा से कराह उठती है। बुखार है। रक्तचाप गिरा हुआ है। नाड़ी की गति काफी तेज है। चेहरा जर्द है, सांस उखड़ी हुई है। आंतों ने काम करना बंद कर दिया है, उल्टियां हो रही हैं। 24 घंटे से पेशाब नहीं हुआ है, गुर्दे फेल हो रहे हैं। साफ है गर्भपात के दौरान गर्भाशय में छेद हुआ और उससे घुसे औजार से आंत फटी।

ंदर गंभीर मलीय संक्रमण हुआ। पूरे शरीर में तीव्र गति से संक्रमण का जहर फैल गया है। महिला सन्निपात में है। आई सी यू में भरती कर इलाज चालू



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

किया गया। दर्जनों टेस्ट हुए । उंची एन्टीबायोटिक्स दी गई। गिरे रक्तचाप के लिए दवायें और तरल दिए गये। संक्रमण, हृदय रोग और गुर्दा रोग विशेषज्ञों को दिखाया गया। डायालिसिस की गई। लेकिन हालत नही संभली। वेन्टीलेटर पर भी रखा गया मृत्यु हो गई। मुत्यु के प्रमाण पत्र में कारण लिखा गया पेरिटोनियम का गंभीर संक्रमण, रक्त संक्रमण से मल्टी ऑर्गन फेलियोर। उसी अस्पताल का दूसरा केस। 30 वर्ष की विवाहित महिला। वैसे ही 'सफाई' के बाद गर्भाशय और आंत के फटने से पेरिटोनियम का मलीय संक्रमण। वैसी ही दर्दनाक गंभीर स्थिति। फर्क इतना कि इस में सर्जन ने आपरेशन कर पेट खोला, बदबू भरी मवाद को निकाला, धो कर साफ किया और आंत का छेद बंद किया। लेकिन मरीज आपरेशन थियेटर से आई सी यू में अचेत वेन्टीलेटर पर ही लौटी, जहां सघन उपचार के बावजूद उसने दम तोड़ दिया। मृत्यु प्रमाण पत्र में लिखा गया 'सेप्टिक पेरीटोनाइटिस, सेप्टिक शॉक, मल्टीऑर्गन फेलियोर।'

ऐसे केसेज आम हैं। उच्चस्तरीय अस्पताल स्वाभाविक मृत्यु का प्रमाण पत्र देते हैं और महिला की अंतेष्ठि कर दी जाती है। रिपोर्टस के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 10000 महिलाओं की मृत्यु अवैध संक्रमित गर्भपात से होती है। गंभीर मारक संक्रमण, भयंकर मृत्यु।

संवेदनहीनता की परकाष्ठा यह है कि इसकी रोकथाम की कोई चेष्ठा नहीं होती, सब मौन रहते है। अवैध गर्भपात केन्द्र, गांवों में ही नहीं, शहरों में भी खूब फल-फूल रहे हैं। इस के प्रति सब मौन क्यों हैं? क्या तड़प-तड़प कर मरती इन महिलाओं की सुध लेने को कभी कोई 'वर्मा' आयोग बिठाया जायेगा?

अवैध गर्भपात संगीन अपराध है। गर्भ हनन से मातृ हत्या। कानून में प्रावधान है कि अगर किसी महिला की विवाह के सात साल में मृत्यु होती है और साक्ष्य है कि उसके शरीर पर कुछ किया गया था तो पुलिस को इत्तला की जानी चाहिए। हर संक्रमित गर्भपात में ये साक्ष्य बहुलता से होते हैं। पुलिस को ऐसी मुत्यु की इत्तला न देना भी अपराध है। फिर क्यों सब चुप रहते है? सभ्य समाज, सरकार और प्रशासन की चुप्पी क्या कांसपिरेसी ऑफ साइलेन्स - मौन स्वीकृति से लिप्तता नहीं है? दुर्भाग्य यह है कि तथाकथित जागरूक महिला संगठन भी इसमें शामिल हैं। अनचाहे गर्भ को वहन न करने के मौलिक अधिकार का यह विकृत रूप भयानक है। सभ्य समाज में यह कैसा संक्रमण है?

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या छह सौ के आसपास बनी हुई है

## राजधानी जयपुर में मंगलवार को 202 नए संक्रमित मिले, जबकि अन्य जिलों में इनकी संख्या पचास से भी कम रही है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है। इसके चलते नए संक्रमितों की संख्या छह सौ के आसपास बनी हुई है। वहीं रोजाना नए संक्रमितों के मुकाबले में 2 से 3 गुना मरीज ठीक हो रहे हैं। प्रदेश में मंगलवार को जहां 616 नए संक्रमित मिले हैं, वहीं 3 और लोगों की मौत हुई है। इस बीच 1682 मरीज इस बीमारी से ठीक हुए हैं।

- चार जिले बूंदी, जालोर, करौली और सिरोही में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 3 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में मंगलवार को 29 जिलों में करोना संक्रमण के 616 नए मामले मिले है। इससे पहले सोमवार को 563 रोगी पाए गए थे। आज चार जिले बूंदी, जालोर, करौली और सिरोही में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। इसके अलावा राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 202 मरीज मिले हैं। वहीं उदयपुर में 45, जोधपुर व कोटा में 41-41, नागौर में 31, अजमेर में 30, झुंझुनूं में 23, भीलवाड़ा में 21, चूरू में 17, सीकर में 15, भरतपुर में 14, राजसमंद में 13, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर व गंगानगर में 11-11, बीकानेर में 10, झालावाड़ व टोंक में 9-9, हनुमानगढ़ में 8, बाड़मेर में 7, अलवर, डूंगरपुर व प्रतापगढ़ में 6-6, बारां व सवाई माधोपुर में 5-5, पाली में 4, दौसा और धौलपुर में 2-2 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच राज्य में 1682 मरीज ठीक भी हुए हैं।

इसके साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 98.66 फीसदी पर पहुंच गई है। उधर राज्य में एक्टिव केस भी घटकर 7518 रह गए हैं। इनमें 2449 मामले जयपुर जिले में हैं। बाकी अन्य जिलों में 5 सौ से भी कम मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में करोना से होने वाली मौतों के आंकड़े में भी अब गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। मंगलवार को राज्य 3 लोगों की मौत हो गई है। इनमें अजमेर, बाड़मेर और सीकर में 1-1 मरीज की मृत्यु हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9530 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सोडाला में 23 नए संक्रमित मिले

जयपुर जिले में मंगलवार को 44 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 23 मरीज सोडाला में पाए गए हैं। इसके अलावा वैशाली नगर और झोटवाड़ा में 17-17 तथा मानसरोवर में 11 संक्रमित मिले हैं।

## विधान सभा का आईओएस मोबाइल एप लांच

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान विधान सभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा ने मंगलवार को यहां विधानसभा में बटन दबा कर विधान सभा का आईओएस (आईफोन ऑपरेटिंग सिस्टम) आधारित मोबाइल एप लॉँच किया। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का एन्ड्राइड आधारित मोबाइल एप पूर्व में संचालित है।

आईफोन ऑपरेटिंग सिस्टम उपकरण धारक उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए यह एप जारी किया गया है। विधान सभा के इस एप में प्रश्न, प्रस्ताव, विधेयक, कार्यसूची, सत्र समीक्षा, बजट भाषण, राज्यपाल महोदय के अभिभाषण, सदन की कार्यवाही के विवरण सहित विधानसभा के सदस्यों के उपयोग हेतु प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली व समाचार कतरनें भी उपलब्ध रहेंगी। इस एप में महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के जीवन परिचय भी उपलब्ध होंगे। शर्मा ने बताया कि नवीनतम तकनीक में अग्रणी राजस्थान विधान सभा द्वारा राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र के सहयोग से विकसित इस एप में विधान सभा के कार्य से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी उपलब्ध रहेगी।



**मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वित्तीय वर्ष 2022-23 के राज्य बजट को अन्तिम रूप दिया। इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा, शासन सचिव वित्त (राजस्व) सुरेश चन्द गुप्ता, शासन सचिव वित्त (बजट) सुधीर कुमार शर्मा, शासन सचिव वित्त (व्यय) नरेश कुमार ठकराल एवं निदेशक (बजट) ब्रजेश किशोर शर्मा उपस्थित थे।**

# प्रदेश में जल जीवन मिशन में 5352 गांवों में 11 लाख 20 हजार 'हर घर जल' कनेक्शन के प्रस्ताव मंजूर

- आगामी गर्मियों में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल परिवहन के लिए 95.80 करोड़ रुपये के प्रस्ताव का अनुमोदन
- जयपुर शहर सहित कई शहरी जल प्रदाय योजनाओं के प्रस्तावों को भी स्वीकृति

**जयपुर**, (का.सं.)। जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी की अध्यक्षता में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के तहत राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आर. डब्ल्यू. एस. एस. एम. बी.) की नीति निर्धारण समिति (पी. पी. सी.) की 207वीं बैठक मंगलवार को शासन सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक में डॉ. जोशी ने जल जीवन मिशन (जे.जे.एम.) के तहत प्रदेश में मेजर प्रोजेक्ट्स और रेग्यूलर विंग में 11 हजार 95 करोड़ रुपये की लागत से 5352 गांवों की 75 स्कीम्स में 11 लाख 19 हजार 640 'हर घर जल' कनेक्शन देने के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

इसमें 17 वृहद पेयजल परियोजनाओं के तहत 10 हजार 83 करोड़ रुपये की लागत से 4336 गांवों में 9 लाख 85 हजार से अधिक 'हर घर जल' कनेक्शन दिए जाएंगे। इसी प्रकार रेग्यूलर विंग में 58 सिंगल एवं मल्टी विलेज परियोजनओं में 1012 करोड़ रुपये की लागत से 1016 गांवों में एक लाख 34 हजार 630 'हर घर जल' कनेक्शन देने के प्रस्तावों का भी अनुमोदन किया गया।

जलदाय मंत्री ने बैठक में राज्य में ग्रीष्म-2022 के दौरान आगामी अप्रेल से अगस्त माह तक के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल परिवहन के लिए 95.80 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 86.69 करोड़ रुपये तथा शहरी क्षेत्रों में 29.11 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है। इसके साथ ही पाली शहर में आगामी ग्रीष्मकाल में रेल के माध्यम से सम्भावित जल परिवहन व्यवस्था के लिए 28.83 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

बैठक में जोधपुर शहर एवं जिले के 4 शहरी कस्बों फलौदी, पीपाड़, बिलाड़ा एवं भोपालगढ़ तथा जोधपुर, पाली एवं बाड़मेर के 2167 गांवों के लिए राजीव गांधी लिफ्ट कैनाल परियोजना फेज-तृतीय के लिए 1799 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। जयपुर शहर में बीसलपुर प्रोजेक्ट के तहत एस-15 से एस-18 जोन (डिग्गी मालपुरा रोड़ से जयपुर में टोंक रोड़ पर सीतापुरा इंडस्ट्रीयल एरिया तक) को जोड़ने के लिए 114.73 करोड़ रुपये के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इससे जयपुर सिटी में सांगानेर टाऊन के वार्ड संख्या 35 से 37 एवं 47 तथा जेडीए की गोविंदपुरा कॉलोनी सहित 250 अन्य आवासीय कॉलोनियों को फायदा होगा। जयपुर में लक्ष्मण डूंगरी योजना के संवर्द्धन के लिए 19.73 करोड़ के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। इससे चारदीवारी क्षेत्र में बीसलपुर सिस्टम के लिए जल स्टोरेज क्षमता का संवर्द्धन होगा एवं लोगों को नियमित रूप से पर्याप्त मात्रा एवं प्रेशर से पेयजल आपूर्ति हो सकेगी।

## सांगानेर की फैक्ट्रियों को लेकर दिए आदेशों के बारे में निचली अदालतों को दें सूचना : हाईकोर्ट

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने सांगानेर की कपड़ा रंगाई-छपाई की फैक्ट्रियों को लेकर अब तक दिए आदेशों की जानकारी निचली अदालतों को देने के संबंध में हाईकोर्ट की रजिस्ट्री को निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि निचली अदालतों को इस संबंध में दिए आदेशों की जानकारी होने पर फैक्ट्री के पानी-बिजली के कनेक्शन काटने के संबंध में दायर दावे पर सुनवाई के दौरान निचली अदालत को प्रकरण की पूरी जानकारी रहेगी। सीजे अकील कुरैशी और जस्टिस सुदेश बंसल की खंडपीठ ने यह आदेश विजय सिंह पूनिया की याचिका में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में अतिरिक्त महाधिवक्ता राजेश महर्षि ने कहा कि हाईकोर्ट पूर्व में आदेश जारी कर फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट के लिए सीईटीपी प्लांट लगाने के निर्देश दे चुका है। इसके अलावा इसकी अवहेलना करने पर इन फैक्ट्रियों के नल-बिजली के कनेक्शन भी काटने के निर्देश दिए थे। जब इन फैक्ट्री संचालकों को जेवीवीएनएल और पीएचईडी ने नोटिस दिए तो संचालकों ने निचली अदालतों में दावा पेश कर दिया। दावे में संचालक प्रकरण में दिए सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के फैसलों की जानकारी नहीं देते।


**कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय**
**राजस्थान आवासन मण्डल**
**जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर**
**दूरभाष संख्या:- 0141-4901853**

क्रमांक:12708 **जाहिर आम-सूचना** दि.:16.02.2022

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-13/146 मालवीय नगर जयपुर, क्षेत्रफल 46.67 वर्ग मीटर का नियमितिकरण पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 4735 दिनांक 30/03/2013 श्रीमती ब्रह्मा देवी पत्नी श्री मूलचन्द वत्स के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती ब्रह्मा देवी की मृत्यु दिनांक 23/04/2019 को हो जाने के पश्चात् श्री विवेक वत्स पुत्र स्व.श्री पुरूषोत्तम वत्स के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, घोषणा पत्र, एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर, उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री विवेक वत्स पुत्र स्व.श्री पुरूषोत्तम वत्स के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।

**सम्पदा प्रबंधक वृत तृतीय, रा. आ. मण्डल जयपुर**

**सूचना** कम्पनी की योजना नारायण सिटी ब्लॉक एच में भूखण्ड संख्या-654/655, जिसका क्षेत्रफल 92.22 वर्गगज व भूखण्ड संख्या 656 जिसका क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज है जो कि माला देवी सक्सैना पुत्र श्री धर्मेन्द्र कुमार सक्सैना निवासी-डी-40, मुरलीधर व्यास नगर, बीकानेर के नाम आवंटन पत्र जारी किये हुये थे। चूंकि उपरोक्त आवंटन पत्र गुम हो गये है। अतः पार्टी ने डुप्लीकेट आवंटन पत्र चाहे है। अगर किसी को एतराज हो तो 15 दिन में कम्पनी कार्यालय में सम्पर्क करें। इसके बाद कम्पनी डुप्लीकेट आवंटन पत्र जारी कर देगी। पहले वाला आवंटन पत्र स्वत ही निरस्त हो जायेगा।
**श्री सालासर ओवरसीज प्रा.लि.**
**बी-14, हीरा नगर, शिप्रा पथ कार्नर, मानसरोवर, जयपुर।**

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)**
**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम।**

आनन्दीलाल बनाम श्रीमति मैना देवी व अन्य
वाद प्रार्थना पत्र-----
प्रार्थना पत्र संख्या- आपत्ति पत्र

1. श्रीमति मैना देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन,
2. रमेश चन्द जैन पुत्र स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन,
3. सुरेश चन्द जैन पुत्र स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन, निवासीगण- 1746, मणिहारों का रास्ता, नेहरू बाजार, जयपुर।
4. श्रीमति शकुन्तला जैन पत्नी श्री नवीन जैन, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-ए-104, मधुवन कॉलोनी, किसान मार्ग, टोंक रोड, जयपुर।
5. श्रीमति शशिप्रभा जैन पत्नी श्री रवि गंगवाल, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-ढड्ढा मार्केट, घी वालो का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर।
6. श्रीमति पुष्पा जैन पत्नी श्री सुशील जैन, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-97, नेता मार्ग, मानसिंहपुरा, टोंक रोड, जयपुर।

उक्त........ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि......

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दि......माह 02.03.20222 को 10.30 एएम पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 19.02.2022 सन....को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर
आज्ञा से
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम-02 जयपुर महानगर प्रथम

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)**
**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्रम-2 जयपुर महानगर प्रथम।**

आनन्दीलाल बनाम श्रीमति मैना देवी व अन्य
वाद प्रार्थना पत्र-----
प्रार्थना पत्र संख्या- आपत्ति पत्र

1. श्रीमति मैना देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन,
2. रमेश चन्द जैन पुत्र स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन,
3. सुरेश चन्द जैन पुत्र स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन, निवासीगण- 1746, मणिहारों का रास्ता, नेहरू बाजार, जयपुर।
4. श्रीमति शकुन्तला जैन पत्नी श्री नवीन जैन, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-ए-104, मधुवन कॉलोनी, किसान मार्ग, टोंक रोड, जयपुर।
5. श्रीमति शशिप्रभा जैन पत्नी श्री रवि गंगवाल, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-ढड्ढा मार्केट, घी वालो का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर।
6. श्रीमति पुष्पा जैन पत्नी श्री सुशील जैन, पुत्री स्वर्गीय श्री रतन लाल जैन निवासी-97, नेता मार्ग, मानसिंहपुरा, टोंक रोड, जयपुर।

उक्त........ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि......

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये दि......माह 02.03.2022 सन.....को ....... पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 19.02.2022 सन....को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर
आज्ञा से
वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश
क्रम-02 जयपुर महानगर प्रथम

**खोया-पाया**

मेरा मकान संख्या 61/260 रजत पथ, मानसरोवर, जयपुर के मूल अलोटमेन्ट लैटर, पजेशन लैटर No Dues Letter कही खो गये है। मिलने पर संपर्क करें। जुगल किशोर गुप्ता। **मो. 9352645740**

मेरा आवास संख्या 114/88 प्रताप नगर सांगानेर आरएचबी द्वारा जारी डिमांड लेटर कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। **मो.-9214503818**

मैं विष्णुकुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता मेरी दुकान नंबर-21, एनजीएस, नेहरू पैलेस, टोंक रोड, जयपुर के साइट प्लान, कब्जा पत्र, आवंटन पत्र खो गये है। मिले तो संपर्क करें, उपायुक्त जोन-3, जविप्रा, जयपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं विनय मानसिंह का निवासी फ्लैट नं. ए-801, मेलोडिया बिल्डिंग, गांधी पथ, वैशाली नगर जयपुर मैंने अपनी पुत्री का नाम अविका मानसिंहका से बदलकर अविष्का मानसिंहका रख लिया है। भविष्य में इसे इसी नाम से जानें। एवं इसकी जन्मतिथि 09.04.2014 है।

मैंने अपना नाम श्वेता पाराशर मदान से बदलकर श्वेता पाराशर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। पता-93/71, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर

I Mahaveer Alias Mahaveer Prasad S/o Bhagwana Ram R/o Ward No. 11, Piprali, Sikar, Rajasthan 332027, have changed my name to Mahaveer Singh.

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
**क्रमांक : 15530** **जाहिर आम सूचना** **दिनांक 18.02.2022**

**राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास/फ्लैट संख्या-51/429 (LIG) का आवंटन श्रीमती फरनाडीस पत्नी श्री जोय जे.एम. को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1503 दिनांक 30.04.1993 को जारी किया गया था। जिसका नियमितिकरण पत्र कमांक 717 दिनांक 28.02.1995 के द्वारा श्री टी. के.थामस पुत्र श्री टी.टी. कुरूविला के पक्ष में किया गया। श्री टी.के.थामस की मृत्यु दिनांक 24.03.2019 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री चेसलेर थॉमस पुत्र स्व. श्री थॉमस टी.के द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ती नहीं है, श्री चेसलेर थॉमस पुत्र स्व. श्री थॉमस टी.के. का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जावेगा। सम्पदा प्रबंधक- वृत-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर**

**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 5/22
**विषय-** उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
**प्रार्थी :** नाम विजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. श्री राजनारायण जाति ब्राह्मण
**विवाद स्थान** 1-बी-102 शिव शक्ति कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर
**मृतक** श्री केशव दत्त शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।
**पेशी दिनांक- 30.03.22**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम केशव दत्त शर्मा पुत्र स्व. श्री हेमचन्द्र जाति ब्राह्मण निवासी 1-बी-102 शिव शक्ति कॉलोनी शास्त्री नगर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 30 माह 03 सन् 2022 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 18 माह 02 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर
आज्ञा से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैंशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय


## गहलोत सरकार हर परीक्षा में फेल : शेखावत

**जयपुर**। आरएएस प्री 2021 का रिजल्ट निरस्त होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य की गहलोत सरकार पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि गहलोत सरकार हर परीक्षा में फेल है। मंगलवार को ट्वीट कर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गहलोतजी और उनका मंत्रिमंडल जनता के प्रश्नों की परीक्षा दिलाएं तो माइनस मार्किंग तय है। रीट के बाद अब आरएएस प्री का परिणाम निरस्त होने पर यही कहना काफी होगा कि ये तो होना ही था। शेखावत ने कहा कि राजस्थान सरकार यानी भ्रष्टाचार।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

**तीये की बैठक**



हमारे पूजनीय जीजाजी **श्री राजकुमारजी अग्रवाल** पुत्र स्व. श्री निरोतीलालजी अग्रवाल, वृन्दावन वालों का आकस्मिक गोलोकवास दिनांक 21.02.2022 को हो गया है। ससुराल पक्ष की तीये की बैठक सम्मिलित रूप से ही दिनांक 23.02.2022 (बुधवार) को दोपहर 03 से 04 बजे तक आनन्दा कृष्णा वन, सुनरख रोड, मधुवन कॉलोनी, वृन्दावन (यू.पी.) में रखी गई है। शोकाकुल-बृजबिहारी अग्रवाल, जुगल मोदी, बृन्दावन बिहारी-लता, राम बिहारी-चित्रा, मुकुन्द बिहारी-पिंकी, विष्णु अग्रवाल-किरन, निधि-श्यामजी, रितु, वर्षा, कीर्तिनंदन-भूमिका, राघव, वैभवन, देव एवं समस्त मोदी परिवार।


## तीन दिन में 297 बाल वाहिनियां सीज

- नियम विरूद्ध संचालित बाल वाहिनियों पर परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई

**जयपुर**, (का.सं.)। परिवहन नियमों के विरूद्ध प्रदेश में संचालित बाल वाहिनियों के खिलाफ परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग अब सख्त कार्रवाई कर रहा है। सघन जांच अभियान चलाकर विभाग के प्रादेशिक, जिला परिवहन अधिकारी और निरीक्षक बाल वाहिनियां की जांच कर रहे हैं।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त महेंद्र सोनी ने बताया विभाग द्वारा पिछले 3 दिनों में 5276 बाल वाहिनियां की जांच की गई। इसमें 1410 के चालान बनाये गये, जबकि 297 को सीज तक कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को नियम विरूद्ध परिवहन करने वाले वाहनों और संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हो रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि शनिवार से अभियान चलाया गया। पहले ही दिन 2576 बाल वाहिनियां को चैक कर नियमों के उल्लंघन पाये जाने पर 606 के चालान बनाये गये। साथ ही 149 को सीज भी किया गया। वहीं, दूसरे दिन रविवार स्कूलों में अवकाश होने पर परिवहन निरीक्षकों द्वारा स्कूलों में ही पहुंचकर 369 वाहिनियों की जांच कर 97 के चालान बनाये गये।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसमें चाहे लोक परिवहन बसें हो या फिर बाल वाहिनियां और अन्य परिवहन संसाधन, नियमों की अवहेलना करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों, (आरटीओ) और जिला परिवहन अधिकारियों (डीटीओ) को जांच अभियान निरंतर चलाने के निर्देश दिये हैं। सोनी ने बाल वाहिनियों में स्पीड गवर्नर, फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, चालक के पास वैध ड्राइविंग लाईसेंस सहित अन्य नियमों की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

## पीपीटीसी और डीपीएसई करने वालों को प्री-प्राइमरी शिक्षक भर्ती में नियुक्ति देने के आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से दो वर्षीय पूर्व प्राथमिक शिक्षण कोर्स पीपीटीसी और डीपीएसई करने वाले अभ्यर्थियों को प्री-प्राइमरी शिक्षक भर्ती-2018 में समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति देने के आदेश दिए हैं। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश चेतन व अन्य की याचिकाओं पर दिए। अदालत ने कहा कि दोनों कोर्स को एनसीटीई ने मान्यता दे रखी है। ऐसे में नियमानुसार यह पाठ्यक्रम करने वाले अभ्यर्थी नियुक्ति के पात्र हैं।

याचिका में अधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने एनसीटीई से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से दो साल का पूर्व प्राथमिक कोर्स पीपीटीसी और डीपीएसई कोर्स किया है। एनसीटीई ने अपने दो वर्षीय एनटीटी कोर्स का नाम कई बार बदला है।

## भगवद्गीता को अपनाने से प्रशस्त होता है स्वस्थ जीवन का मार्ग : राज्यपाल

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि भगवद्गीता को यदि हम जीवन में अपना लेते हैं तो सहज ही स्वस्थ जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। उन्होंने भगवद्गीता को जीवन का महत्वपूर्ण ग्रंथ बताते हुए कहा कि जितनी बार हम इस पवित्र ग्रंथ को पढ़ते हैं, जीवन जीने के उतने ही नए अर्थ मिलते जाते हैं।

राज्यपाल मंगलवार को यहाँ राजभवन से आजादी के 'अमृत महोत्सव' के अंतर्गत राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान, अहमदाबाद द्वारा आयोजित स्वास्थ्य और कल्याण विषयक संगोष्ठी को ऑनलाइन सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन का बड़ा सूत्र यही है कि जो हमारे पास है, उसमें संतोष करें। किसी से कोई अपेक्षा नहीं करें। जो दायित्व हमें दिए गए हैं, उनकी पूरे मन से पालना करें।

मिश्र ने कहा कि भारतीय संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामया' की है। सुखी और स्वस्थ होने पर ही जीवन के सभी क्षेत्रों में हम आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मनुष्य के सम्पूर्ण स्वास्थ्य में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक अवस्थाएं एक दूसरे पर निर्भर हैं। मन स्वस्थ होगा तभी तन भी स्वस्थ होता है। इसलिए मन को स्वस्थ रखने के लिए सकारात्मक सोच रखना सबसे अधिक जरूरी है।

इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने, परिवार को आगे बढ़ाने और स्वयं की प्रगति के लिए उत्तम स्वास्थ्य ही पहला आधार है। आयुर्वेद में आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य स्वास्थ्य के तीन आधार बताए गए हैं।

# 'नया भारत-संकल्पित भारत-सशक्त भारत' मल्टीमीडिया डिजिटल प्रदर्शनी शुरू

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व में आज देश हर क्षेत्र में प्रगति की नई इबारत लिख रहा है। इसकी जानकारी आम जनता तक पहुँचाने के लिए नया भारत संकल्पित भारत सशक्त भारत प्रदर्शनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस तरह के आयोजन पूरे राजस्थान में किए जा रहे हैं, जिसका अधिकाधिक लाभ लोगों को उठाना चाहिए। यह विचार जयपुर शहर के सांसद रामचरण बोहरा ने व्यक्त किए। वह प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया डिजिटल प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। भवानी निकेतन इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण, सीकर रोड, जयपुर में इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर मंच पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो की निदेशक ऋतु शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, जयपुर के निदेशकनीलेश कालभोर, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सदस्य संपत सिंह धनोरा, सहायक निदेशक के.सी. मीणा उपस्थित थे। इस अवसर पर गौड ने कहा कि नयी पीढ़ी को आजादी के लिए हुए लम्बे संघर्ष की कोई जानकारी नहीं है। उन्हें इस प्रदर्शनी के माध्यम से आजादी के लिए दिए गए बलिदानों की जानकारी होगी। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो की निदेशक ऋतु शुक्ला ने प्रदर्शनी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि पूरे राजस्थान में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 21 प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें मनोरंजक तरीके से अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इस अवसर पर आकाशवाणी समाचार के निदेशक नीलेश कालभोर ने एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर संवादात्मक तरीके से उपस्थित लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम में संपत सिंह धनोरा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए इस पाँच दिवसीय प्रदर्शनी के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफलता हासिल करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।




**प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से आयोजित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया डिजिटल प्रदर्शनी का भवानी निकेतन इंजीनियरिंग कॉलेज प्रांगण में उद्घाटन किया। इस अवसर पर पत्र सूचना कार्यालय की अपर महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़, प्रादेशिक लोक संपर्क ब्यूरो की निदेशक ऋतु शुक्ला, आकाशवाणी समाचार, जयपुर के निदेशक नीलेश कालभोर, श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के सदस्य संपत सिंह धनोरा, सहायक निदेशक के.सी. मीणा उपस्थित थे।**


**तीये की बैठक**



हमारे प्रिय
**श्री महेश जी सोयल**
पार्षद वार्ड 66, नगर निगम जयपुर हैरिटेज

पुत्र श्री गुलाबचन्द जी सोयल का आकस्मिक निधन 21.02.2022 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 23.02.2022 को 4.30-5.30 बजे सामुदायिक केन्द्र, मण्डी खटीकान, जयपुर पर रखी गई है।

**अजय यादव** (पूर्व पार्षद एवं चैयरमेन) समाज सेवी
**कुसुम यादव** (महापौर प्रत्याशी जयपुर हैरिटेज) पार्षद वार्ड 74

श्रद्धानवत : समस्त कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी वार्ड 74

**कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)**
No.:F-2(01)Acct/Contract/2021/516-518 Date: 21-02-2022
**ई-निविदा सूचना संख्या : 85/2021-22**

नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा कार्यों की कुल लागत | : | रूपये 157.40 लाख (07 कार्य) |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की अवधि | | 23.02.2022 को प्रातः 10.00 बजे से 04.03.2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी | : | 23.02.2022 को प्रातः 10.00 बजे से 04.03.2022 को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी | : | 07.03.2022 को प्रातः 11.00 बजे |

विस्तृत विवरण वेबसाईट : urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN: ITU2122WSOB00605, ITU2122WSOB00606, ITU2122WSOB00607, ITU2122WSOB00608, ITU2122WSOB00609, ITU2122WSOB00610, ITU2122WSOB00611

(हितश सुखवाल) अधिशाषी अभियन्ता-द्वितीय, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

**प्रारूप-5**
**(नियम 6 (2) देखिए)**
**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**
क्रमांक- नपाश्रीमा./2021-22/3430-31 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक- 22.12.2021

श्री प्रहलाद मल सैनी पुत्र स्व. श्री बद्रीनारायण जाति माली निवासी वार्ड नं. 34 ढाणी पीपलवाली कस्बा श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर जिला-सीकर (राज.) ने नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पड़ौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वार्ड नम्बर 25 मोहल्ला कचियागढ कस्बा श्रीमाधोपुर तहसील श्रीमाधोपुर | चर्तुसीमाएें निम्न प्रकार से है पूर्व दिशा में आम रास्ता, सड़क, पश्चिम दिशा में आम रास्ता गली, उत्तर दिशा में आम रास्ता गली, व दक्षिण दिशा में कैलाश व श्याम सैनी का मकान अवस्थित है। | आवासीय भूखण्ड की नाप पूर्व से पश्चिम उत्तर की ओर 23 फुट 6 इंच, व दक्षिण 32 फुट और उत्तर से दक्षिण 25 फुट 6 इंच कुल क्षेत्रफल 88.74 वर्गगज अर्थात 74.19 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 22.12.2021 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

# जोधपुर जिले में कई ठेकेदारों के प्रतिष्ठानों और घरों पर आयकर की रेड

## चल रही दस्तावेजों की जांच, अघोषित आय उजागर होने का बना अंदेशा

**जोधपुर, (कासं)।** जयपुर से आई आयकर विभाग की टीम ने जोधपुर के कई ठेकेदारों के प्रतिष्ठानों और घरों पर मंगलवार को रेड दी। देर शाम तक दस्तावेजों को खंगाला जा रहा था। इसमें अघोषित आय उजागर होने का अंदेशा बना है। जिसमें बड़ी आयकर चोरी पकड़ी जा सकती है। फिलहाल इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है।

आयकर सूत्रों के अनुसार पप्पूराम डारा, पतराम विश्नोई, ओमप्रकाश विश्नोई सहित कुछ अन्य ठेकेदारों के यहां पर सर्वे शुरू किया है। शहर में एक साथ कई स्थान पर छापे की सूचना से हडकंप मच गया। हालांकि बाद में स्पष्ट हुआ कि आज का यह छापा सिर्फ कुछ ठेकेदारों तक ही सीमित है। जिन ठेकेदारों के यहां छापा पड़ा है वे सभी नामचीन है। इन सभी का सालाना करोड़ों रुपए का टर्नओवर है। ऐसे में विभाग को सूचना मिली थी कि इनके यहां बड़ी मात्रा में अघोषित आय का खुलासा हो सकता है।

**अघोषित आय की मिली शिकायत :-** आयकर विभाग सूत्रों के अनुसार अघोषित आय और आयकर चोरी की शिकायत आई है। शिकायत के अधार पर कार्रवाई की गई है। आयकर विभाग की टीमों ने पिछले 1 सप्ताह से लगातार ऐसे ठेकेदारों को अपने रडार पर ले रखा था। जोधपुर के रातानाड़ा से लेकर शास्त्री नगर और औद्योगिक क्षेत्र से लेकर कुछ ग्रामीण इलाकों में आयकर विभाग की टीमें पड़ताल कर रही है।

# सौ करोड़ की जमीन बचाने के लिए महंत ने दी 25 लाख की रिश्वत

**अलवर, (निसं)।** अलवर में करोड़ों की जमीन को कब्जाने की फिराग में यूआईटी के विरोध में आए राजगढ़ के महंत प्रकाश दास। जिन्होंने अपनी जमीन को यूआईटी की नजर से बचाने के लिए अधिकारियों को अब तक पच्चीस लाख की रिश्वत तक दे डाली लेकिन फिर भी उनकी जमीन जिसकी कीमत सौ करोड़ रूपये को यूआईटी ने हड़पने के लिए रोड बनाना शुरू कर दिया है।

यूआईटी अधिकारियों पर महंत प्रकाश दास प्रेस वार्ता में बरसे। उन्होनें यूआईटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस भूमि जो कि उन्होंने कानून के तहत यूआईटी से जीती है और वह उनके नाम बोल रही है उसे बिना मेरी अनुमति के अवाप्त कैसे कर सकती है और ना ही इसके लिए मुझे कोई मुआवजा दिया गया। इसी आधार पर महंत ने अपनी भूमि बचाने के लिए यूआईटी के अधिकारियों को अब तक 25 लाख की रिश्वत दे डाली लेकिन फिर भी अब यूआईटी ने उस पर जेसीबी चला कर सड़क निर्माण शुरू कर दिया है। यूआईटी कोर्ट आदेश तक की अवेहलना कर रही है इसी दर्द को लेकर महंत ने एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था। उन्होंने कहा कि वे खुश है कि कल यूआईटी में एसीबी की रेड पड़ी। यहां भ्रष्टाचार चरम पर है यहां लोगों ने पैसे के लिए अपने दलाल बैठा रखे हैं मुझसे भी रिश्वत के तौर पर अब तक अधिकारी और कर्मचारी 25 लाख ले चुके हैं।

# एक तरफा प्यार में प्रेमी ने बारातियों को कुचला था, आरोपी गिरफ्तार

## दूल्हे की मां की उदयपुर में ईलाज के दौरान मौत हो गई थी



मोटागांव थाना पुलिस की गिरफ्त में वाहन चुराकर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोपी।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** पुलिस थाना मोटागांव के दूदका में एक तरफा प्यार में अंधे प्रेमी ने चोरी के वाहन से बारातियों को कुचलने का प्रयास किया था। पुलिस ने अभियुक्त रामचंद्र को गिरफ्तार कर लिया है।

मोटागांव थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि 5 फरवरी को अलसुबह आरोपी रामचंद्र पुत्र राजेन्द्र डामोर निवासी लखेरिया गांव दूदका से बारात रवाना होने के समय चोरी के वाहन से रंजिशवश जानबूझ कर हत्या व हत्या के प्रयास के उद्देश्य से बारात पर चोरी की गाडी चढा दी। जिसमें दूल्हे पंकज की मां सीता पत्नी मणिलाल की उदयपुर में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। वहीं अन्य 9 लोगों को आरोपी ने कुचलकर मारने का प्रयास किया। पुलिस ने जब मामले में अनुसंधान किया तो पता चला कि आरोपी रामचंद्र दुल्हन संगीता से एकतरफा प्यार करता था और उससे विवाह भी करना चाहता था लेकिन दोनों की जाति एक होने से संगीता ने अपने घर वालों के दबाव में विवाह करने से इंकार कर दिया तो आरोपी रामचंद्र ने संगीता, उसके पिता व दूल्हे को जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में संगीता के बयान के बाद पुलिस के शक की सुईयां रामचंद्र की ओर घुमने लगी।

■ अन्य 9 लोगों को आरोपी ने कुचलकर मारने का प्रयास किया था

हत्या के प्रयास में दूल्हे के पास खड़ी उसकी माता सीता पर गाडी चढ़ा दी व अन्य बारातियों को चोटें आयी। आरोपी की गिरफ्तारी में घाटोल चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अब्दुल हकीम व कांस्टेबल सतपाल की विशेष भूमिका रही।

# नाबालिग बालिका की हत्या का आरोपी गौरव जैन गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** शहर के रामपुरा थाना इलाके में 15 वर्षीय नाबालिग बालिका की हत्या के मामले में फरार चल रहा ट्यूशन टीचर गौरव जैन आखिर पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी शिक्षक स्कूटी को केशोरायपाटन इलाके में फैंक कर हरियाणा से गुरुग्राम की तरफ फरार हो गया था। जहां से ही पुलिस ने देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया है। शहर एसपी केसर सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी क्रिमिनल माइंड से था और उसने हत्या की प्लानिंग एक दिन पहले ही कर ली थी। आरोपी ट्यूशन टीचर गौरव जैन ने दुष्कर्म का प्रयास किया और इसी का विरोध बालिका ने किया। इसमें नाकामयाब होने के बाद ही उसने नाबालिग बालिका की हत्या कर दी। आरोपी लड़की का वेश धारण करने के लिए कपड़े भी लेकर गया था।

ज्ञात रहे कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कोटा शहर के 3 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 6 पुलिस उपाधीक्षक और 10 सीआई के अलावा 500 पुलिसकर्मी शिक्षक की तलाश में लगे हुए थे। साथ ही पुलिस की करीब 30 टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई थी। आरोपी लड़की के वेश में नयापुरा बस स्टैंड पर आया यहां पर पहले से बुक किए हुए टिकट के जरिए हरिद्वार के लिए निकल गया। यहां के बाद में वह यूपी, उत्तराखंड, बिहार और हरियाणा के कई शहरों में गया। जिसके बाद में सोमवार को वह गुरुग्राम में अपनी बहन के पास में पैसा खत्म हो जाने के बाद मदद मांगने पहुंचा लेकिन पहले से मौजूद पुलिस टीम ने उसको गिरफ्तार कर लिया।



कोटा पुलिस ने बालिका की हत्या के आरोपी गौरव जैन को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास करना स्वीकार किया है। जिसके बाद पूरे प्रकरण में पोक्सो एक्ट की धाराएं भी जोड़ी जाएगी। एसपी केसर सिंह शेखावत का कहना है कि इस पूरे मामले में केस ऑफिसर स्कीम के तहत ही जांच पड़ताल की जाएगी। हत्यारे को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का प्रयास पुलिस करेगी। गौरव के जीजा गुरुग्राम में नौकरी करते थे लेकिन वर्तमान में टोंक में ही मौजूद थे। ऐसे में गौरव इसका फायदा उठाकर गुरुग्राम में उनके घर जाकर छुप गया।

गौरव ने कोटा से फरार होने के बाद अपनी पहचान छुपाने के लिए अपनी कटिंग करा ली और हेयर स्टाइल भी पूरी तरह से बदल ली थी लेकिन

■ लड़की का वेश बनाकर फरार हुआ था, आरोपी ने एक दिन पहले ही प्लानिंग कर ली थी

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी सरकार को भी दे दी गई है। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने मृतक नाबालिग बालिका के घर पर भी सूचना देनी चाही। उन्होंने परिजनों को फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया है। ऐसे में बाल कल्याण समिति के सदस्य अरुण भार्गव को घर पर भेजा और उसके बाद में उनके परिजनों से बात की गई।

कोटा शहर एसपी केसर सिंह शेखावत ने गौरव जैन पर पांच हजार रुपए का इनाम रखा था। इसके बाद कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ ने इस इनाम को बढ़ाकर 10 हजार कर दिया लेकिन बाद में आरोपी गौरव जैन को पकड़ने के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों के साथ-साथ हॉस्टल एसोसिएशन ने भी इनाम रखा था। इसके अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी तरफ से इनाम की घोषणा की हुई थी यह राशि करीब 5 लाख रुपए है। पुलिस का कहना है कि इस पूरे मामले में साइबर टीम का सहयोग रहा है। साथ ही आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस उपाधीक्षक अमर सिंह राठौड़ भी गुडगांव गए थे।

# 1.60 लाख रु. की रिश्वत लेते संयुक्त निदेशक, व. चि. अधिकारी गिरफ्तार



रिश्वत के आरोप में गिफ्तार किये गये संयुक्त निदेशक, पशु चिकित्सा अधिकारी तथा पशुधन सहायक।

**डूंगरपुर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की टीम ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक सहित दो अन्य सहयोगियों को 1 लाख 60 हजार की घूस लेते हुए रंगो हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा ने बताया कि परिवादी अभिषेक रावल पुत्र स्व. दिनेश रावल निवासी शास्त्री कॉलोनी मैनेजिंग डायेरक्टर मैसर्स वागड गोट एण्ड पॉल्टी फार्म पादरडी जिला डूंगरपुर जिसका बकरी पालन का व्यवसाय है । परिवादी ने 20 यूनिट बकरी विभाग को मुहैया करवाया जिसकी कीमत का भुगतान बीते सोमवार को विभाग की तरफ से परिवादी अभिषेक को प्राप्त हुआ। जिसके एवज को विभाग के संयुक्त निदेशक सहित दो अन्य कार्मिकों 1 लाख 60 हजार रूपया रिश्वत के रूप में देना था।

इस पर परिवादी अभिषेक एसीबी कार्यालय उदयपुर में 21 फरवरी को शिकायत की। जिसकी पुलिस उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी को संबंधित चिकित्सक डॉ. जावेद अहमद से टेलीफोन पर राशि के संबंध में पुष्टि की इसके पश्चात मंगलवार को हेरम्ब जोशी के नेतृत्व में टीम ने डॉ. जावेद खान के ब्रह्मस्थली स्थित निवास पर जैसे ही परिवादी द्वारा रिश्वत की राशि 1 लाख 60 हजार सौंपी। तत्काल दबिश देकर उसे रंगे हाथों पकड़ा। साथ ही टीम ने रिश्वत की राशि के संबंध में संयुक्त निदेशक से बंटवारे के संबंध में भी मौके पर ही बात की। जिसकी पुष्टि होने पर ब्यूरो की टीम संयुक्त निदेशक कार्यालय पहुंची तथा संयुक्त निदेशक व सहायक पशुधन अधिकारी को भी रंगे हाथों पकड़ा। टीम ने इस संबंध में संयुक्त निदेशक उपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. रामसिह निवासी बहरोड तहसील मुण्डावर जिला अलवर, डॉ. जावेद खान पुत्र इस्माईल खान निवासी पागण्डी जिला सांखली महाराष्ट्र हाल वरिष्ठ पशुचिकित्सक अधिकारी पिपलादा तथा अनिल भगोरा पुत्र स्व. लालशंकर भगोरा निवासी बिछीवाड़ा जिला डूंगरपुर हाल पशुधन सहायक कार्यालय संयुक्त निदेशक डूंगरपुर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से रिश्वत की 1 लाख 60 हजार रूपया बरामद किया है।

# घनश्याम कोर्ट स्टे के दम पर पुन: उपसभापति की कुर्सी पर काबिज

**अलवर, (निसं)।** अलवर नगर परिषद में एसीबी की डबल रेड के बाद फिर कुर्सी का घमासान शुरू हो गया। पूर्व सभापति रिश्वत लेते ट्रैप हुईं तो सरकार ने पूर्व उपसभापति को हटाकर दोनों नए लगा दिए थे। उसके बाद सरकार की ओर से लगाए गए सभापति मुकेश सारवान व उप सभापति देवेंद्र कौर का कार्यकाल नहीं बढ़ाया गया। इस बीच मंगलवार को पूर्व उप सभापति घनश्याम गुर्जर ने आकर कुर्सी संभाल ली। उनके पास कोर्ट का स्टे पहले से है। इस लिहाज से वे कुर्सी पर आ गए।

एसीबी की दुबारा रेड पड़ी, पार्षद व दो ठेकेदार गिरफ्तार हुए, चेयरमैन व कलेक्टर का नाम तक आया। एक दिन पहले ही नगर परिषद के आयुक्त फतेह सिंह मीणा आए हैं। उपसभापति के आने की सूचना आयुक्त को दी है। आयुक्त ने कहा कि इस मामले में जानकारी ली जाएगी, उसके बाद ही कुछ कहेंगे।

■ सरकारी आदेश के अनुसार सभापति व उपसभापति का कार्यकाल समाप्त हो चुका है

अलवर जिला मुख्यालय पर पूरा प्रशासन हिला हुआ है। एसीबी की दो बार रेड पड़ने के बाद नगर परिषद का पूरा काम ठप हो गया है। पूर्व सभापति बीना गुप्ता जेल से रिहा हो चुकी हैं। उनके साथ पूर्व उप सभापति घनश्याम गुर्जर को सरकार ने चुनाव के समय नामांकन में तथ्य छुपाने के आरोप में हटा दिया था। जिसका उस समय खूब विरोध भी हुआ था। लेकिन उसके बाद सरकार के लगाए जनप्रतिनिधि की शक के घेरे में आ गए। तभी सरकार ने उनका कार्यकाल नहीं बढाया और पूर्व उप सभापति को वापस कुर्सी पाने का मौका मिल गया।

इस हाल में कुर्सी की लडाई थमती नजर नहीं आ रही है। अब सरकार वापस सभापति व उप सभापति लगाएगी। इसके बाद सरकार की ओर से लगाए जाने वाला पार्षद कुर्सी पर आएगा। तब दोनों में खींचतान हो सकती है। अब देखने वाली बात यह है कि सरकार क्या निर्णय लेती है। उप सभापति गुर्जर के कार्यभार ग्रहण करते समय शहर विधायक संजय शर्मा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष जले सिंह, प्रवक्ता सतीश यादव, डॉ अशोक पाठक सहित काफी सदस्य मौजूद थे।

# मॉडल युवती आत्महत्या प्रयास मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में चर्चा का विषय बन चुके मॉडल युवती के आत्महत्या प्रयास के मामले में गिरफ्तारी के बाद अक्षत शर्मा को जमानत मिलते ही वह फरार हो गया। उसके खिलाफ एयरपोर्ट थाने में पोर्नोग्राफी का केस भी दर्ज हुआ था। अब उसके दिल्ली में होने की जानकारी मिली तो पुलिस वहां पहुंची और गिरफ्तार कर जोधपुर लाई है।

पुलिस उपायुक्त पूर्व भूवन भूषण यादव ने बताया कि उदयपुर निवासी अक्षत शर्मा को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दिल्ली में होने की जानकारी पर पुलिस की टीम को वहां भेजा गया और पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार जिला पूर्व की एक युवती को हनी ट्रेप की साजिश रच कर ब्लैकमेल किया जा रहा था। इससे आहत होकर युवती ने गत माह रातानाडा की एक होटल की आठवीं मंजिल से कूद कर अपनी जान देने का प्रयास किया था। मगर वह बच गई। पुलिस ने उसके भाई की रिपोर्ट पर उदयपुर के अक्षत शर्मा और दीपाली नाम की महिला के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस पर पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर जोधपुर लाई थी। सात दिन तक पुलिस अभिरक्षा में भी रहे। मगर बाद में कोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई।

पुलिस उपायुक्त यादव ने बताया कि इसमें अभी थानाधिकारी दिलीप खदाव के बयान होने है। एक दो दिन में रिपोर्ट का खुलासा कर दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में अक्षत शर्मा के वकील मित्र नवीन को भी गिरफ्तार किया गया था।

# सात वर्षों से नहीं हुआ सेट परीक्षा का आयोजन

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा कॉलेज व्याख्याता बनने के लिए सेट या नेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। राज्य सरकार भले ही उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा के दावे कर रहीं है लेकिन हकीकत कुछ अलग ही है। सरकारी एवं निजी कॉलेजों में व्याख्याता बनने के लिए राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) परीक्षा पिछले सात वर्षों से आयोजित नहीं हुईं है। जिससे निजी कॉलेजों मे योग्य स्टाफ नहीं पहुंच पा रहा है। इससे उच्च शिक्षा में गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

राज्य में आरपीएससी ने सेट परीक्षा का आयोजन 2013 में किया था। इसमें 40216 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थीं। 6235 कॉलेज व्याख्याता परीक्षा के लिए पात्र घोषित किए गए। ऐसे में राज्य के लाखों विद्यार्थी जो यूजीसी की ओर से आयोजित नेट परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पा रहे है। वो सेट परीक्षा नहीं होने से कॉलेज व्याख्याता के काबिल नहीं बन पा रहें है । राज्य सरकार एक तरफ योग्य व्याख्याता रखने के लिए कॉलेजो को आदेश जारी कर रहीं है। वहीं दूसरी तरफ राज्य में परीक्षा आयोजित नहीं होने से योग्य व्याख्याताओ की कमी है। यूजीसी की ओर से वर्ष में दो बार आयोजित होने वाली नेट परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर होता है। इसकी कट ऑफ भी अधिक रहती है। जिसके चलते कई विद्यार्थी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते है। जबकि कॉलेज व्याख्याता बनने के लिए नेट या सेट परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। राज्य में कॉलेज व्याख्याता के एक हजार पदों पर जल्द ही आरपीएससी भर्ती का विज्ञापन जारी करेगी लेकिन सेट परीक्षा लम्बे समय से नहीं होने से लाखों विद्यार्थी इस भर्ती में आवेदन नहीं कर पाएंगे।

राजस्थान के अलावा हिमाचल एवं मध्य प्रदेश, तेलंगाना आदि अनेक प्रदेश हर वर्ष सेट परीक्षा का आयोजन करवा रहे है। वहां पर राज्य का विद्यार्थी परीक्षा हेतु आवेदन करता है तो सिर्फ उसी राज्य में कॉलेज व्याख्याता बनने के लिए योग्य घोषित होता है। लोक सेवा आयोग ने नियम जारी करते हुए 2002 के बाद अन्य राज्यों से परीक्षा उत्तीर्ण करने आने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दिया। ऐसे में अन्य राज्यों से परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। राज्य में उच्च शिक्षा में व्याख्याताओ के हजारों पद रिक्त है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने कई सरकारी कॉलेज खोल दिए है। वहां भी विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रहीं है। कुछ स्थानों पर व्याख्याता प्रतिनियुक्ति पर लगाएं जा रहे है।

मोहर सिंह सलावद प्रदेशाध्यक्ष शिक्षक संघ रेसटा राज. का कहना है कि जब यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन वर्ष में दो बार करती है तो आरपीएससी को वर्ष में एक बार सेट परीक्षा का आयोजन होना चाहिए।

# सहारा कंपनी प्रबंधकों के खिलाफ मामला दर्ज

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के भुपालपुरा थाना पुलिस ने जमा नकदी का परिपक्वता भुगतान नहीं करने पर सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी प्रबंधकों के खिलाफ पीड़ित ने प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित शहीद भगतसिंह नगर न्यु सरदारपुरा निवासीभंवरसिंह ने सहारा क्रेडिट कॉपरेटिव सोसायटी शाखा सरदझारपुरा के सेक्टर मैनेजर रामसिंह, जौनल मैनेजर सहित प्रबंधकों के खिलाफ मामला दर्ज कराया कि मैंने 30 सितंबर 2019 को सोसायटी में 1 लाख 77 हजार रूपये जमा करवाए। जिसका भुगतान 30 फरवरी 2021 को दो लाख 3 हजार 19 रूपये लेना था। कंपनी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एफडीआर परिपक्वता के बाद से आज दिन तक नकदी का भुगतान नहीं किया।

## बालश्रमिक मुक्त

**उदयपुर, (कासं)।** शहर मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने कार्यवाही करते हुए तीन बाल श्रमिकों को मुक्त करवा नियोक्ता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। एसपी के निर्देशन में मानव तस्करी विरोधी यूनिट के तहत टीम ने मंगलवार को डांगीयों का गुड़ा सुखेर स्थित होटल रॉयल मेवाड़ा पर दबीश देकर वहां कार्यरत तीन बालश्रमिकों को मुक्त करवा बाल कलयाण समिति को पेश कर शेल्टर होम भिजवा कर नियोक्ता प्रभुलाल डांगी के खिलाफ सुखेर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाए।

# राजस्वकर्मी व भूमाफिया के अवैध पंजीयन कांड का आरटीआई के तहत खुलासा

## बेशकीमती शिव कॉलोनी के अवैध रजिस्ट्री का है मामला

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास बेशकीमती आवासीय व वाणिज्यिक वर्षों से एग्रीमेंट के आधार पर कब्जे सुधा उपयोग में आ रही शिव कॉलोनी को राजस्व कर्मियों द्वारा भू माफियाओं से सांठ-गांठ कर किए गए अवैध पंजीयन कांड का एवं इस मामले को रफा-दफा करने के लिए चल रही जांच की कछुआ चाल का पूरी तरह सूचना के अधिकार के तहत मांगी जानकारी से 17 फरवरी को खुलासा हुआ है।

सूचना के अधिकार द्वारा मिली सूचना में मामले का खुलासा होने के साथ ही खरीददार जयराम मोहनलाल पुत्र जयराम बैरवा निवासी ग्राम डीडवाना को रजिस्ट्री के क्षतिपूर्ति बतौर 41 लाख रुपए विभागीय मद में जमा कराने का नोटिस भी 4 मार्च 2021 को जारी हो चुका था। मिली सूचना में इस अवैध पंजीयन मामले की जांच में दौसा एसडीएम ने 30 मार्च 2021 को प्रस्तुत जांच में स्पष्ट किया गया कि मौके पर आबादी व उक्त भूमि का व्यवसायिक वाणिज्यिक उपयोग होने के बाद भी उसमें पड़त दर्शाई गई एवं मामले का खुलासा होने के बाद उसमें आबादी दर्शाने के साथ इस मामले में हुई अनियमितता और भ्रष्टाचार को छुपाने का प्रयास किया गया।



बस स्टैंड के पास फर्जी पंजीयन वाली भूमि पर अतिक्रमण के उद्देश्य से भूमाफिया द्वारा डाले गए पत्थर।

मामले का खुलासा होने के बाद ग्रामीणों द्वारा यह शिकायत चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री प्रसाद लाल मीणा को की गई थी। उनके द्वारा इसमें प्रभावी कार्यवाही करने के जिला कलेक्टर एसडीएम आदि सक्षम अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। इस मामले को करीब एक साल गुजर जाने के बाद भी जांच कछुआ चाल चलने से ग्रामीणों के मन में शक सुबा पैदा हो रहा है कि आखिर एक साल गुजरने के बाद भी इस प्रकरण का पटाक्षेप क्यों नहीं हो पा रहा है। सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में दस्तावेजों का अध्ययन करने पर सामने आता है कि उपखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास खातेदार से लोगों द्वारा एग्रीमेंट आदि के आधार पर खरीदी गई व करीब 35 साल से ज्यादा के समय से बसी आबादी में राजस्व कर्मियों एवं भू माफियाओं द्वारा सांठ-गांठ कर इस करोड़ों अरबों रुपए की संपत्ति पर कब्जा जमाने का एक बड़ा प्रयास था।

इतना होने के बाद भी भू माफियाओं द्वारा इस जगह बने सरकारी रास्ते पर दुकान बनाने की नियत से वहां पत्थर डालकर अतिक्रमण भी मौजूदा समय में कर रखा है। जिस पर बार-बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। गत दिवस जिला कलेक्टर कमर चौधरी को जन सुनवाई में इस भूमि का फर्जी पंजीयन की शिकायत पर तत्कालीन पटवार हलका पटवारी भोरी लाल जांगिड़ के खिलाफ विभागीय जांच अधिकारी एसडीएम रामगढ पचवारा को नियुक्त करने के साथ तहसीलदार को विभागीय प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। वहीं एक साल से चल रही इस कछुआ चाल जांच में अब आगे किस तरह की कार्रवाई होगी एवं दोषियों को किस तरह की सजा मिल पाएगी आने वाले वक्त में ही साफ हो पाएगा।

■ 41 लाख की निकाली गई थी रिकवरी, गिरदावर व पटवारी को मिली थी चार्जशीट

# हरियाणा व जयपुर में लोगों को लूटकर उनकी हत्या करने वाली अन्तर्राज्यीय गैंग गिरफ्तार

## मुहाना पुलिस ने गैंग के सरगना और उसकी महिला मित्र समेत 6 लोगों को पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। हरियाणा और जयपुर में लोगों को लूटकर उनकी हत्या करने वाले महिला समेत 6 बदमाशों को जयपुर की मुहाना पुलिस ने दबोचा है। इन्हीं बदमाशों ने पिछले दिनों सांगानेर इलाके में ओला बाइक चालक युवक की हत्या कर बाइक लूटी थी। इसके अलावा हरियाणा के गुरूग्राम में भी तीन लोगों की हत्या करके ऑल्टो तथा दो स्वीफ्ट डिजायर कार लूट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपयों के कब्जे से पिस्टल, कारतूस और लूटी हुई कार बरामद की है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि यह अन्तर्राज्यीय गैंग है, जिसमें महिला-पुरूष दोनों शामिल है। पुलिस ने गैंग के सरगना विशाल जोगी निवासी रेवाड़ी (हरियाणा) हाल एसएमएस कॉलोनी मुहाना, जीतू योगी निवासी नदबई (भरतपुर) हाल पटेल नगर मुहाना, रवि बंजारा निवासी गौरव विहार मुहाना, विनोद उर्फ लाला निवासी खेडली (अलवर) हाल मुहाना, रेखा राय निवासी पंरवा रोड डाबडी हाल लिव इन रिलेशन विशाल जोगी एसएमएस कॉलोनी मुहाना और बुद्धी प्रकाश निवासी मुहाना को गिरफ्तार किया है।

अजयपाल लाम्बा ने बताया कि गत 11 अगस्त 2021 को पीड़ित मानसिंह मीणा ने थाने में शिकायत दी थी कि उसका भाई रिंकू मीणा ओला-उबर कंपनी में बाइक टैक्सी चलाता है, जिसकी किसी ने हत्या कर दी और बाइक लूट ली। इस पर पुलिस ने डीसीपी साउथ मृदुल कच्छावा के सुपरविजन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त भरतलाल मीणा और आदर्श चौधरी की विशेष टीम बनाई। इन्होंने सहायक पुलिस आयुक्त मानसरोवर हरिशंकर और मुहाना थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के नेतृत्व में चुनिंदा पुलिस अफसरों की टीम बनाकर हत्यारों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा। टीम ने मुहाना के आसपास के इलाके, रिंग रोड के पास बसी कॉलानियों में डोर-टू-डोर सर्वे किया और संदिग्ध लोगों को टारगेट किया। इसी दौरान मुखबिर से 21 फरवरी को सूचना मिली कि लूट व हत्या में लिप्त हरियाणा की गैंग यहां घूम रही है, इस पर टीम ने रातभर सर्च ऑपरेशन चलाकर गिराहे के एक सदस्य को पकड़ा और स्वीफ्ट डिजायर कार बरामद की। हरियाणा पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने गिरोह के सरगना और उसकी महिला मित्र समेत कुछ 5 बदमाशों को भी पकड़ लिया। इस गिरोह के बदमाशों को डिटेन करने में कांस्टेबल हरदयाल की विशेष भूमिका रही। जांच टीम में एसआई प्रेम चंद, कांस्टेबल कानसिंह, रामलाल, रामजीलाल, सोनू, हैड कांस्टेबल लोकेश और रामसिंह ने भी अहम भूमिका निभाई।



जयपुर शहर में लोगों को लूटकर उनकी हत्या करने वाले 6 बदमाशों को मुहाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ **इन्हीं बदमाशों ने पिछले दिनों सांगानेर क्षेत्र में ओला बाइक चालक का मर्डर कर बाइक लूटी थी। हरियाणा के गुरूग्राम में भी तीन लोगों की हत्या कर कार लूट की वारदात को अंजाम दिया था**

# सिरसी रोड पर 26 बीघा जमीन पर बसाई जा रही पांच अवैध कॉलोनियां खुर्द-बुर्द

## जेडीए ने 9 अवैध विला, ग्रेवल रोड, बाउंड्रीवाल तोड़ी



**जयपुर** (कासं)। जेडीए का बुलडोजर मंगलवार को सिरसी रोड पर 26 बीघा निजी खातेदारी की जमीन पर बसाई जा रही पांच अवैध कॉलोनियां पर गरजा। प्रवर्तन टीम ने इन कॉलोनियों में बनाये गये 9 अवैध विला, ग्रेवल रोड, बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माणों को ध्वस्त किया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया सिरसी रोड पर सिवार फाटक के नजदीक 2 बीघा जमीन पर "आशु सिटी" के नाम से अवैध कॉलोनी काटी गई थी। बिल्डर और काश्तकार ने कृषि भूमि का भू-रूपांतरण करवाये बिना यहां पर प्लॉट काटकर बेचने शुरू कर दिये। इसके अलावा जेडीए से निर्माण स्वीकृति और नक्शा पास करवाये बिना 7 अवैध विला, ग्रेवल रोड, बाउंड्रीवाल भी बना लिये थे, जिन्हें जेसीबी मशीन से खुर्द-बुर्द किया है। सिवार फाटक के पास ही 5 बीघा निजी खातेदारी की भूमि पर 'मंगल विहार' के नाम से भी अवैध कॉलोनी बसाई गई थी, जिसे भी खुर्द-बुर्द किया। इसके बाद सिवार गांव में 1 बीघा जमीन पर बसाई गई "तेजाजी नगर" कॉलोनी व ग्रेवल रोड तथा 3 बीघा भूमि पर बनाई गई बाउण्ड्रीवाल और निर्माणाधीन मकानों को ध्वस्त किया। सिवार मोड पर भी करीब 15 बीघा जमीन पर 'ओम वाटीका-23' के नाम से इसी तरह अवैध कॉलोनी बसाई गई थी। जिस पर जेडीए ने 11 अगस्त 2021 को भी कार्रवाई की थी, लेकिन बिल्डर ने दुबारा यहां मकान बना लिये। रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन उपायुक्त-12 को पत्र लिखकर कृषि भूमि पर कॉलोनी काटने वाले काश्तकार, बिल्डर और सहकारी समितियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। सोसायटी पर कार्रवाई के लिए सहकारिता विभाग को पत्र लिखा जा रहा है। सैनी ने बताया कि आगरा रोड पर इकोलॉजिकल जोन लुणियावास में अवैध कॉलोनी सुख सागर में बने 10 अवैध मकानों को सील किया, जबकि 15 मकानों को ध्वस्त किया।

# युवती से बदतमीजी करने वाले दो युवक गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की निर्भया स्क्वॉड टीम ने युवती से बदतमीजी करने वाले राहुल सोनी एवं हिमांशु शर्मा को गिरफ्तार करवाया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त द्वितीय हैदर अली जैदी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं निर्भया टीम की नोडल अधिकारी सुनीता मीना के नेतृत्व में ऑपरेशन सेफर सिटी सेफर स्ट्रीट के तहत सादा वस्त्रों में राउंड लेते हुए निर्भया टीम सावन भादो पार्क में पहुंची तो देखा कि दो लड़के और एक लड़की आपस में झगड़ा कर रहे थे।

टीम ने पास जाकर पूछताछ की तो पता चला कि लड़की अठावाल कॉलेज में एमएससी फाइनल में पढ़ रही है। वह लड़का जिसका नाम राहुल सोनी है वह भी अग्रवाल कॉलेज में पढ़ता है। आए दिन लड़की को परेशान करता है तथा वह कॉलेज से आते वक्त लड़की को सावन भादो पार्क में ले आया। जहां उसने लड़की से बात की तथा लड़की के मना करने पर वह लड़का जोर-जोर से चिल्लाकर बोलने लगा। उसी समय लड़की की क्लास में पढ़ने वाला हिमांशु शर्मा भी सावन-भादो पार्क में आया। उसने राहुल सोनी को काफी बार समझाया तो दोनों में कहासुनी हो गई, फिर टीम ने 100 नंबर पर फोन किया मौके पर लाल कोठी थाने की चेतक पहुंची। उन तीनों को थाने पर ले कर गए। लड़की को समझाइश कर घर वालों के साथ घर के लिए रवाना किया तथा दोनों को गिरफ्तार करवाया।

इसी प्रकार निर्भया टीम की नीलम और मीनू भगत सिंह पार्क में पहुंची तो पार्क में साफ - सफाई का काम करने वाली चार महिलाएं निर्भया टीम के पास आई और बताया कि एक व्यक्ति कई दिनों से पार्क में हमें देखकर इशारे करता है। वह हमारा पीछा करता है हमें देख कर कमेंट करता है। हमने उसे कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह बार-बार वही हरकत कर रहा है। जब उसे पकड़ने की कोशिश करते हैं, तो वह भाग जाता है। आज भी वह व्यक्ति हम से बदतमीजी कर रहा था। महिलाओं की बात सुनी और 100 नंबर पर कंट्रोल को फोन कर आदर्श नगर थाने की चेतक को मौके पर बुलाया। चेतक ने थाने पर ले जाकर उक्त शख्स राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार करवाया।

■ **निर्भया टीम ने सावन-भादो पार्क से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करवाया**

# जनता ही मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाती है, इन्हें लोगों के प्रति जवाबदेह बनना होगा : अरुणा रॉय

## इसी विधानसभा सत्र में पास किया जाये जवाबदेही कानून : निखिल डे

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य में जवाबदेही कानून की मांग को लेकर एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर धरना शुरू हुआ। इस धरने में सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की जवाबदेही तय करने के लिए कानून की मांग की जा रही है। धरने में अपनी बात रखते हुए प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय ने कहा कि सांसद और विधायक जनता बनाती है। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री जनता बनाती है तो इनकी जवाबदेही जनता के प्रति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारी, अधिकारी और जन प्रतिनिधि जनता के पैसे से तनख्वाह लेते हैं तो उन्हें हर हालात में जवाबदेह होना होगा और जब तक जवाबदेही कानून नहीं बन जाता है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

धरने में अपनी बात रखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता निखिल-डे ने कहा कि कांठोस पार्टी राज्य की जनता से किया गया अपना वादा निभाए और विधानसभा के इसी बजट सत्र में जवाबदेही कानून पास करे। यदि यह कानून इस बजट सत्र में पास नहीं किया जाता है तो फिर से जवाबदेही यात्रा पूरे राज्य में की जाएगी और बताया जायेगा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी लोगों से वादा खिलाफी कर रही है। और ये आन्दोलन हर गाँव, ढाणी, मोहल्ले तक ले जाया जायेगा। भीलवाड़ा जिले से आई सिलिकोसिस पीड़ितों की विधवाओं ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे लिए नीति बना दी लेकिन उसका लाभ नहीं मिल रहा ही। आज भी पुरानी सहायता राशि ही दी जा रही है और खाद्य सुरक्षा का लाभ नहीं दिया जा रहा है और सिलिकोसिस को विशेष विकलांगता मानते हुए सरकार ने 1500 रुपए प्रति माह पेंशन का प्रावधान किया है लेकिन बहुत लोगों अभी भी 750 रुपए प्रति माह पेंशन ही मिल रही है। शिकायतें भी राजस्थान संपर्क पर की हैं लेकिन वहां पर खानापूर्ति की जा रही है समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है।



राजस्थान में जवाबदेही कानून लागू करने की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदेशभर के लोगों ने एम.आई.रोड स्थित शहीद स्मारक पर धरना शुरू किया।

## सार-समाचार

### आत्म निर्भर एनजीओ ने लगाया शिविर



**जयपुर**, (का.सं.)। आत्मनिर्भर एनजीओ के द्वारा विद्याधर नगर क्षेत्र में निशुल्क चिकित्सा शिविर और टीकाकरण कैम्प आयोजित किया गया। आईआईआईएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने थाली बजाकर लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया,जिससे लोग ज्यादा संख्या में आकर अपनी जांच कराए। महिलाओ पुरुषों ओर बुजुर्गो ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई और सभी की निशुल्क जांच के साथ साथ दवाइयां उपलब्ध कराई गई और कोरोना की पहली दूसरी ओर बूस्टर डोज लगाई गई। शिविर में एनजीओ के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी के साथ प्रवेश सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा, गिल चरन, जितेंद्र सिंह, डॉक्टर मनीष यादव और साथ ही साथ आईआईआईएम कॉलेज के विद्यार्थी निखिल, रीमा, तनु, अदिति व चिर्वेश का सहयोग रहा।

### युवा बोर्ड अध्यक्ष ने पदभार संभाला

**जयपुर**। राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लाम्बा एवं उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में स्थित कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही खेल, कला-संस्कृति, उद्यमिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'राजीव गांधी पुरस्कार' दिए जाने की घोषणा की। इससे पूर्व समारोह को संबोधित करते हुए लाम्बा ने कहा कि बोर्ड राष्ट्रीय एकता, धर्मनिरपेक्षता तथा साम्प्रदायिकता सद्भाव के लिए युवाओं की भागीदारी की विशेष कार्य योजना तैयार करेगा, इसके लिए पंचायत स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हमेशा युवाओं के साथ है। सरकार ने खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिये कई अहम कदम उठाये हैं। इनमें खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरियां देने के साथ ही विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं में मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों की प्रोत्साहन राशि को भी बढ़ाया गया है। बोर्ड उपाध्यक्ष सुशील पारीक ने कहा कि बोर्ड का मुख्य उद्देश्य युवा वर्ग को सशक्त एवं सक्षम कर उनका सर्वांगीण विकास करना है।

### डॉक्टर दंपत्ति को पीटने वाले गिरफ्तार

**जयपुर**। बजाज नगर थाना पुलिस ने डॉक्टर दंपत्ति और उसके परिवार से मारपीट के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसआई प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि आरोपित कौशल सोनी (26) निवासी विद्युत अभियंता कॉलोनी मालवीय नगर, अंकित शर्मा (26) बड़वाली ढाणी जगतपुरा, जय प्रकाश विशनामी (27) सेक्टर-2 मालवीय नगर, रोहित पुरुषवानी (30) सेक्टर-1, मालवीय नगर और चिराग मेघानी (32) निवासी त्रिवेणी अपार्टमेंट, जवाहर नगर को गिरफ्तार किया गया है। विश्नोई ने बताया कि घटना 20 फरवरी की रात करीब 9 बजे की आदिनाथ मार्केट की है, जहां रहने वाले डॉक्टर और उसकी फैमिली पर आरोपियों ने आपसी कहासुनी में हमला बोल दिया। उनसे मारपीट कर अभद्रता की गई। इस पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### जीप की टक्कर से युवक की मौत

**जयपुर**। शास्त्री नगर विज्ञान भवन के सामने सोमवार रात को उडन दस्ते की जीप की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जीप चालक वाहन भगा ले गया। पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर स्थित इन्द्रा वर्मा कॉलोनी निवासी अभिषेक कुमावत (26) की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात को अभिषेक शास्त्री नगर जनोपयोगी भवन में एक समारोह से घर लौट रहा था। तभी सामने की तरफ से रोंग साइड आई जीप ने टक्कर मार दी। इससे स्कूटी से उछलकर अभिषेक फुटपाथ पर जा गिरा। गंभीर घायल को एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद जीप चालक वाहन को वापस घुमाकर भगा ले गया।

### नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म का प्रयास

**जयपुर**। विधाधर नगर थाना इलाके में नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म का प्रयास का मामला सामने आया है। थानाधिकारी वीरेंद्र कुरील ने बताया कि इलाके निवासी 17 वर्षीया किशोरी का आरोप है कि 14 फरवरी की सुबह चाचा किशन उर्फ़ करण खींची कमरे में घुस आया और अश्लील हरकत करने लगा। उसने खासी की सीरप में नशीला पदार्थ पिलाया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। पीड़िता चिल्लाने लगी तो चाचा मौके से फरार हो गया। पुलिस पीड़िता के बयानों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है। वहीं दूसरी ओर झोटवाड़ा थाने में 25 वर्षीया महिला ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका जेठ सुरेश आए दिन अश्लील हरकत करता रहता है। उसके खिलाफ कई बार थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई है, लेकिन वह हरकतों से बाज नहीं आता है। 5 फरवरी को भी सुरेश ने घर में घुसकर जबरदस्ती करने का प्रयास किया।

### युवक पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। सिंधी कैंप थाना पुलिस ने युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी गुंजन ने बताया गिरफ्तार आरोपित भरत शर्मा (36) जनपथ, श्याम नगर का रहने वाला है। आरोपित ने 18 फरवरी की रात शिव मार्ग पर अपने दोस्त से बात कर रहे विजेंद्र अग्रवाल द्वारा पानी नहीं देने पर सरिया से जानलेवा हमला किया था। आरोपित ने जाते समय विजेंद्र पर गाडी चढाने का प्रयास भी किया। अस्पताल में पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित भरत शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# यूक्रेन से प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षित वापसी के लिए धीरज श्रीवास्तव नोडल अधिकारी नियुक्त

**जयपुर**। यूक्रेन में चल रहे वर्तमान संकट और तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच राजस्थान सरकार यूक्रेन में बसे प्रवासी राजस्थानियों और वहां पर पढ़ाई कर रहे राजस्थान के विद्यार्थियों की सुरक्षा और उनकी सुरक्षित घर वापसी के लिए नियमित रूप से निगरानी रख रही है। राज्य सरकार ने प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षित घर वापसी के लिए राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। सरकार ने अपने आदेश में कहा है कि प्रवासी राजस्थानियों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त धीरज श्रीवास्तव भारत सरकार के विदेश मंत्रालय और यूक्रेन में भारतीय दूतावास के साथ समन्वय स्थापित कर प्रवासियों की हरसंभव मदद करेंगे।

# आमेर मावठे में कूदकर महिला ने जान देने की कोशिश की

**जयपुर** (कासं)। आमेर स्थित मावठा सरोवर में मंगलवार सुबह एक महिला ने गृह क्लेश के चलते छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे ही महिला ने मावठा में छलांग लगाई तो मौके पर मौजूद सिविल डिफेंस के जवानों ने सकुशल बाहर निकाल लिया। महिला को मावठे से बाहर निकालने के बाद आमेर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को सिविल डिफेंस की टीम ने घटना की जानकारी दी। महिला को आमेर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने महिला का आमेर सीएचसी में प्राथमिक उपचार करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को सकुशल बताया।

पुलिस के मुताबिक आमेर मावठा में कूद कर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला सांगानेर की रहने वाली बताई जा रही है। महिला मंगलवार सुबह आमेर मावठा सरोवर पहुंची और पानी में छलांग लगा दी। जैसे ही महिला की कूदी तो वहां ड्यूटी पर तैनात सिविल डिफेंस टीम के कर्मचारी गौरीशंकर, रुस्तम और फहीम तुरंत पानी में कूदे और महिला को डूबने से बचा लिया। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दी उसके बाद महिला के परिजन थाने पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में सुसाइड का प्रयास करने का कारण गृह क्लेश सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

■ **सिविल डिफेंस के जवानों ने महिला को बचाया और अस्पताल पहुंचाया**

# वाणिज्यिक कर विभाग ने ई-इनवॉइस के अभाव में 70 लाख रुपये वसूले

**जयपुर**। वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त रवि जैन के निर्देश पर गठित टीम द्वारा कर चोरी रोकने से सम्बन्धित एक बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया है। कार्यवाही में ईवेलिस एनालियिट के आधार पर आरएफआईडी द्वारा वाहन को ट्रेस कर एनिवोसिक के अभाव में निरूद्ध किया गया। इस वाहन में कॉपर महाराष्ट्र से राजस्थान लाया जा रहा था।

इस कार्यवाही से 70 लाख रुपये का राजस्व (जीएसटी पेनल्टी) वसूल कर राजकोष में जमा करवाया गया है। उल्लेखनीय है कि एनिवोसिंक के आधार पर बनाया गया राज्य का यह पहला प्रकरण है। वाणिज्यिक कर आयुक्त जैन ने भविष्य में भी इसी प्रकार कर चोरी करने वालों पर कडी कार्यवाही के निर्देश दिये। कार्यवाही के लिए गठित विशेष टीम में अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम) जयपुर संभाग हरफूल यादव, सहायक आयुक्त मीनाक्षी जैदी, उदयभान मीना एवं उमेश सोनी ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

# 'राजस्थान में निराश्रित घूम रहे गौवंश का संवर्धन प्राथमिकता'

## राजस्थान गौसेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन और उपाध्यक्ष सुमेरसिंह राजपुरोहित ने पदभार ग्रहण करने के बाद लक्ष्य बताया


**जयपुर**। राजस्थान गौसेवा आयोग के अध्यक्ष मेवाराम जैन एवम उपाध्यक्ष सुमेरसिंह राजपुरोहित ने मंगलवार को गौपालन विभाग में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर पदभार ग्रहण किया।

पदभार ग्रहण करने के बाद आयोग अध्यक्ष जैन ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने जो गोसेवा की हमें जो जिम्मेदारी दी है हम इनको पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। जैन ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार प्रकट हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने हम पर विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है, हम गौपालन मंत्री, उपाध्यक्ष के साथ टीम भावना से काम कर प्रदेश में निराश्रित गौवंश के सवंर्धन हेतु नंदी गोशालाओं को खोला जायेगा। मुख्यमंत्री गोवंश के सरंक्षण एवं संवर्धन को लेकर गम्भीर हैं। इसको लेकर गौशालाओं में प्रति पशु अनुदान राशि में भी बढ़ोतरी की है। इससे पहले आयोग अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष समेत अन्य अतिथियों ने गौमाता की प्रतिमा की पूजा अर्चना की। इस अवसर परखान एवम गौपालन मंत्री प्रमोद जैन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी, श्रम एवम कारखाना मंत्री सुखराम विश्नोई, वरिष्ठ नेता शिव विधायक अमीन खां, पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ व अन्य लोग उपस्थिति रहे।

# राजसिको अध्यक्ष ने किया राजस्थली का दौरा

**जयपुर**। राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने मंगलवार को निगम के एम.आई.रोड, अजमेरी गेट स्थित राजस्थली मॉल एवं एम्पोरियम का दौरा किया। इस दौरान अरोड़ा ने एम्पोरियम के हस्तशिल्प दस्तकारों एवं निगम अधिकारीयों के साथ विस्तृत चर्चा कर उनकी समस्याओं के बारे में जाना तथा त्वरित व प्रभावी समाधान के बारे में आश्वस्त किया।

अध्यक्ष अरोड़ा ने राजस्थली एम्पोरियम एवं मॉल का अवलोकन कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थली एम्पोरियम के उत्पादों की श्रृंखला एवं गुणवत्ता श्रेष्ठ है। अरोड़ा ने कहा कि राजस्थली की खूबसूरती एवं आकर्षण बढाकर व्यापार पांच गुना तक बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाएंगे। एम्पोरियम के अन्दर खाली स्थान का उपयोग दस्तकारों के हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित करने एवं लाईव डेमो करने के लिए किया जायेगा ताकि आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। राजस्थली मॉल एवं एम्पोरियम के अवलोकन के दौरान निगम अध्यक्ष ने कहा कि एम्पोरियम में प्रदर्शन किये जाने वाले हस्तशिल्प सामान कलात्मक, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं राज्य स्तरीय एवम् राष्ट्रीय स्तरीय दस्तकारों द्वारा तैयार होने चाहिए। अध्यक्ष ने एम्पोरियम के हस्तशिल्पियों से भी व्यापार बढाने के सुझाव मांगे। अरोड़ा द्वारा अपने अनुभव सांझा किये गए और ग्राहकों के आकर्षण हेतु अन्य राज्यों के हस्तशिल्प उत्पादों को नियमित रूप से बिक्री प्रदर्शन हेतु रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।



राजस्थान लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने मंगलवार को अजमेरी गेट स्थित राजस्थली मॉल का निरीक्षण किया।

# बुजुर्ग का एटीएम कार्ड बदलकर रूपए निकाले

**जयपुर** (कासं)। झोटवाड़ा थाने में सूर्य नगर निवासी बुजुर्ग वेदप्रकाश महावर के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट के अनुसार 7 फरवरी को वह दादी का फाटक स्थित बैंक ऑफ़ बडौदा के एटीएम बूथ पर रूपए निकालने गया था, जहां पहले से मौजूद दो तीन लड़कों ने मदद के बहाने कार्ड बदल लिया और बैंक खाते से 75 हजार रूपए निकाल लिए। वहीं झोटवाड़ा इलाके में ही सहकार नगर निवासी शिवना पारीक के साथ भी अज्ञात लोगों ने कार्ड बदलकर तीन बार में 59 हजार रूपए निकाल लिए। इधर ट्रांसपोर्ट नगर इलाके में घाट की गूणी स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ पर रूपए निकालने आए लक्ष्मीनारायण गुर्जर निवासी पुराना घाट बालाजी का एटीएम कार्ड बदलकर 23 हजार 265 रूपए अज्ञात लोगों ने निकाल लिए।

# अवनि लेखरा, स्मिता बंसल और दीपक मीना होंगे निगम हैरिटेज के ब्रांड एंबेसडर

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में देंगे योगदान

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम जयपुर हैरिटेज ने पैरा ऑलंपिक गोल्ड मेडल विजेता अवनि लेखरा, प्रख्यात टीवी स्टार तथा सिने जगत में पहचान बनाने वाली जयपुर शहर की बेटी स्मिता बंसल और प्रख्यात लोक कलाकर दीपक मीणा (पन्या सेपट) ने नगर निगम हैरिटेज के आयुक्त अवधेश मीना द्वारा नगर निगम जयपुर हैरिटेज के स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के लिए ब्रांड एंबेसडर बनने पर भेजे गए आग्रह पर सहमति दे दी है।

उपायुक्त स्वास्थ आशीष कुमार ने बताया कि बनाये गये एंबेसडर अवनि लेखरा, स्मिता बंसल और दीपक मीणा (पन्या सेपट) स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में अपना योगदान देंगे, जिनके शहर के मुख्य स्थलों पर शीघ्र ही इनके प्रेरणा संदेश देखने को मिलेंगे तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत आयोजित इवेंट और सांस्कृति कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छता के संदेश देखनें को मिलेंगे। आशीष कुमार ने बताया नगर निगम हैरिटेज के ब्रांड एंबेसडर बनने पर इन सभी प्रख्यात हस्तियों ने खुशी जताते हुए जयपुर शहर की स्वच्छता में अपना अहम योगदान देने का वादा किया है।



## International Vegan Cuisine Month

Vegans are conscientious eaters who pay careful attention to their diets-and often to the clothes they wear and other products they buy as well. They remove all animal products from their lives for a variety of reasons. For those who are vegan or have friends and family members who are vegans, this is a great time to check out International Vegan Cuisine Month. This month is dedicated to all things vegan, and particularly learning what can be done to make those favourite foods vegan and cruelty-free!



#TRIED&TASTED

# Delicious Dairy-free Desserts

Indian sweets are usually milk-based and laden with ghee or clarified butter. But with some nifty tricks it's not at all difficult to make just as delicious vegan versions without the dairy.

Indian sweets are built on a trinity of full-fat milk, ghee and mawa. But for those of you who have a sweet tooth and are vegan or intolerant to dairy, dessert prospects are usually dim. If you don't want to be the one sipping on fruit juice for dessert at your next festive dinner party, try making any of these traditional sweet treats that are organically free of milk products.

## Cashew Halwa



### Ingredients

- 1 cup raw cashews
- 6-7 Medjool dates
- 1 ½ cups oat milk
- 1 teaspoon coconut oil. Or any unflavoured vegetable oil, definitely not olive.
- 1 teaspoon ground cardamom
- ¼ cup ground almonds or almond flour
- ½ cup sweetened coconut flakes
- A pinch of saffron strands
- Nuts and dry fruits for garnish

### Preparation

1. Place the cashews and dates (pitted) in a blender. Add the non-dairy milk and blend into a very smooth paste. If your blender is not powerful you will need to soak the cashews with the milk for at least 30 minutes.
2. Heat the coconut oil in a kadhai or wok or large skillet, preferably non-stick. Add the pureed cashews and dates to it and let it cook over medium-low heat. Mix frequently and don't leave the stove unattended and be attentive as nuts can burn easily.
3. When the mixture thickens, add to it the cardamom powder and almond flour or powdered almonds. Mix well and continue cooking until the mixture starts leaving the sides of the wok and gets darker.
4. Add shredded coconut, if using, and mix it in.
5. Continue to cook until the liquid has evaporated and the halwa becomes slick. You'll see some oil coating the bottom of the kadhai.
6. At this point stir in the saffron, if using, and turn off the heat.
7. Garnish with nuts and dry fruits, if desired, and more sweetened coconut flakes. Serve at room temperature or chilled.

## Mishti Doi



### Ingredients

- Sugar
- Raw cashews
- Vegan yogurt
- Superfine almond flour or powder
- Pure vanilla extract

### Preparation

1. Blend the cashews with the 2 cups of distilled or filtered water into a very smooth milk/cream. Set aside.
2. Place the sugar in a heavy saucepan with 2 tablespoon water. Let the sugar melt and then caramelize. The sugar will clump before it melts and then loosen up, so don't worry if it take a little while. Keep stirring the sugar frequently so it doesn't stick to the bottom of the pan and burn.
3. Let the sugar turn a rich caramel colour, then turn the heat down to the lowest point or turn it off. Pour in the cashew milk gently. Take care and stand back as the milk can bubble when it hits the hot caramel.
4. Turn the heat back on to medium high and let the milk come to a boil. Stir frequently. The milk will begin to thicken in a few minutes. Once it has thickened, stir in the almond flour and mix well.
5. Add the vanilla extract, if using, and turn off the heat. Let the cashew cream sit for a few minutes until it's lukewarm to the touch, around 110 degrees.
6. Add yogurt. Immediately pour it into four ramekins or a single large heat-safe bowl. Make sure first that they will fit inside the Instant Pot liner, if you are using an IP.
7. Place the ramekins or the bowl inside the Instant Pot liner. Close the IP lid and set it to the "yogurt" function for 8-10 hours. Eight hours will yield a less tangy mishtidoi, if that's what you prefer.If you don't have an Instant Pot, leave the mishtidoi out in a warm spot for 24-36 hours, like a cold oven with the light turned on. My oven light is on the fritz so I left a ramekin on the countertop in my September kitchen, with daytime temps in the 70s, and it took around 36 hours to set.
8. Once the mishtidoi has set, garnish it with nuts and saffron, if you wish. Chill for a couple of hours at least before serving.



Whenever there was a match between the boys and the girls, it was joined by Minni, the 8 year-old daughter of Bhisti Kaka, our water porter. He would transport water in a masak or a goat skin water bag from the well to the haveli. Minni started coming to the haveli with Bhisti Kaka after Kaka's wife died since there was no one else in the family to look after Minni. She was a doe-eyed, sweet, shy and meek girl, constantly sucking her thumb



# Thatolia!

#LITTLE GAMES



Dr. Shri Gopal Kabra
*Veteran Doctor & Voracious writer on medical affairs*

These days, I don't see children playing satolia or gillidanda. What are these, you may ask, and I don't blame you. These were familiar to me as a child because, in my native village of Losal in Rajasthan eighty years ago, these games were all we had.

At that time, Losal was a sethana – sethon ka thikana or the abode of rich merchants. Our joint family lived in a mansion or haveli which had a large sand-filled front courtyard. This constituted the playground for the children of the haveli and, indeed, for all the children of the neighbourhood. We played gend dari (literally, "bat ball"), kabbadi and satolia, the last being especially popular. In satolia, there would be two teams. Seven flat stone pieces would be stacked in a single tower. A member of one of the teams, the "balling team" if you like, would stand ten steps away and attempt to dislodge the stack with a direct hit with the ball. If he missed and the ball was caught by a member of the other team, he would be declared "out" and would have to leave the field. If, however, he was successful in scattering the stack, the chasing - and fun – would start. The balling team would try to rebuild the stack while the opposing team would try to hit the balling team members with the ball. If they were successful in restoring the stack they would shout "satolia!"and win that round. If, however, a balling team member was hit with a ball before the stack was restored, the opposing team would win.

The next round would see the teams changing sides. Running swiftly to restore the stack while keeping an eye on the ball thrower and dodging him was the fun part.

Whenever there was a match between the boys and the girls, it was joined by Minni, the 8 year-old daughter of Bhisti Kaka, our water porter. He would transport water in a masak or a goat skin water bag from the well to the haveli. Minni started coming to the haveli with Bhisti Kaka after Kaka's wife died since there was no one else in the family to look after Minni. She was a doe-eyed, sweet, shy and meek girl, constantly sucking her thumb. She would come and sit in the verandah behind a pillar and play pebbles with her free hand.

When she first noticed her, my grandmother called her into the haveli and gave her something to eat. Soon thereafter, she would run the odd errand for my grandmother who cajoled the haveli girls to include her in their play.



When playing with dolls with the other girls, Minni would often be given the role of a maid-in- attendance. She spoke with lisp and a stutter that frequently morphed into a barely understandable babble. The girls bossed over her and laughed at her lisping and stuttering dialogues but Minni seemed not to care. Once, while playing a game make-believe, she was assigned the role of a crazy queen. The queen's crazy orders to other girls, elicited such loud laughter that grandma had to caution them: "not so loud!" It was only while playing with the girls that Minni's thumb would leave her mouth. While not playing, she would stand behind a verandah pillar and watch us boys play. Whenever her favorite player performed well, she was seen to suck her thumb rapidly and slap the pillar with her free hand as if to clap and cheer.

Withdrawn and timid as she was, she never joined the boys' games herself. However, when there was a satolia match between the girls and the boys, Minni was a valuable member of the girls' team, because she was extremely agile and fast-moving. She would race to rebuild a scattered stack while keeping an eye open for anyone trying to hit her with the ball. She had this uncanny ability to assemble the stack by feel alone, while her eyes were fixed on the whereabouts of the ball and any impending assault by an opposing team member – which she dodged with consummate ease. Completing the stack, she would triumphantly shout "Thatolia!" because her natural lisp not allowing her the correct pronunciation. This would always raise a peal of laughter and, in response, Minni's thumb would be back in her mouth to be sucked hard and fast.

Quite suddenly, Minni stopped coming to the haveli. She no longer stood behind the verandah pillar with her doe-eyes darting as she watched a game of satolia. Her mute appreciation and slapping of the pillar with her cheering free hand that enthused players was sorely missed. Word got around that she was to be married. Little Minni, the girls' crazy queen and the boys' perceived umpire and cheer girl was actually getting married!

> Her eyes were fixed on the whereabouts of the ball and any impending assault by an opposing team member. Completing the stack, she would triumphantly shout "Thatolia!" because of her natural lisp not allowing her the correct pronunciation. This would always raise a peal of laughter and, in response, Minni's thumb would be back in her mouth to be sucked hard and fast.



Thumb sucking

The mystery cleared when, one day, Bhisti Kaka brought little Minni, dressed in a bright red bridal finery, and the boy groom, dressed in a sherwani, to my grandmother. My grandmother blessed little Minni and gave her and her young groom silver coins. On learning that Minni had arrived, the haveli girls rushed to look at her beend or bridegroom. Much giggling and teasing followed.

When she was leaving, the boys in the courtyard stopped playing and gazed at her. Shyly, Minni covered her thumb with her scarf with obvious effort, while holding on her father with her other hand, furtively looking at the boys and trying to hide between her groom and her father. Unaccustomed to footwear of any kind, she walked clumsily in her new, raw leather mojaris. When she neared the haveli gate a boy shouted "thatolia!" If I had looked hard enough, I might have discerned the tell-tale movement of furious thumb-sucking under the folds of Minni's bridal vestment. That was the last we saw of her.

writetoarbit@rashtradoot.com



Bhisti



#WELL-BEING

# Pregnancy Health



Phthalates may disrupt a hormone called pCRH that's needed for a healthy pregnancy, research suggests.

The study examines the impact phthalates have on pCRH, or placental corticotropin releasing hormone, which plays an important role in labor.

Phthalates are a group of chemicals found in everything from plastics to personal care products to electronics.

The study, which appears in the journal Environment International, was among the first to examine the impact that phthalates, added to plastics to increase flexibility, have on pCRH, which the placenta produces and that increases throughout the course of pregnancy. The hormone plays an important role in promoting the onset of labor, but when levels are high or rise rapidly earlier in pregnancy, it may contribute to preterm birth and fetal growth problems as well as high blood pressure, diabetes, and postpartum depression.

"We are all exposed to phthalates in our environment through the products we use and the foods we eat," says Emily S. Barrett, an associate professor at the Rutgers University School of Public Health and member of the Environmental and Occupational Health Sciences Institute. "Our findings show that these chemicals may alter the production of essential placental hormones, which has important implications for the course of pregnancy as well as subsequent child health and development."

The researchers analysed data from 1,018 low-risk pregnant women carrying single foetuses at two time points, mid- and late pregnancy.

They found that the presence of various phthalates was associated with higher pCRH hormone levels in mid-



pregnancy, but lower pCRH later in pregnancy. These levels were strongest in women who developed pregnancy complications like gestational diabetes and high blood pressure, suggesting that women who develop complications may be particularly vulnerable to this hormonal disruption. It's the largest study so far to examine how these chemicals and the connection with pCRH disrupt the function of the endocrine system, which is especially delicate during pregnancy.


"Associations between phthalates and pCRH among women with pregnancy complications grew stronger across the course of pregnancy. We know very little about how women with pregnancy complications are affected by environmental exposures. This study sets the stage for future research in that area," Barrett says.

pCRH produced by the placenta is identical in structure to corticotropin-releasing hormone (CRH) produced by the brain when responding to stress. While this study did not find that women who had experienced childhood traumas were any more vulnerable to the hormone-disrupting effects of phthalates, earlier research found that pCRH levels were higher in women who have experienced childhood trauma, suggesting that traumatic events may impact pregnancy decades later.



#LAY-OFF

Researchers say that employers need to reconsider how they view the risks posed by applicants with criminal records.



# Jobless Youth & Criminal Records

More than half of unemployed American men in their 30s have a history of being arrested or convicted of a crime, a stigma that poses a barrier to them participating in the nation's labour force, according to a new RAND Corporation study.

By age 35, 64% of unemployed men have been arrested and 46% have been convicted of a crime, with the rates varying only slightly by race and ethnicity.

Researchers say the findings, published by the journal Science Advances, suggest that employment services should focus more on the special challenges facing the unemployed who have criminal history records.



"Employers need to understand that one big reason they cannot find the workers they need is too often they exclude those who have had involvement with the criminal justice system," said Shawn Bushway, the study's lead author and a senior policy researcher at RAND, a non-profit research organization. "Employers need to reconsider their protocols about how to respond when applicants have some type of criminal history."

While there has been much research documenting unemployment among those who have been incarcerated, the RAND study is the first to estimate the incidence of criminal histories among American men who are unemployed.

It's estimated that as many as one in three American adults have been arrested at some point in their life, a product of the nation's aggressive law enforcement practices over the past several decades.

Men are more likely than women to have a criminal history record, making it more difficult for them to secure employment. In addition, there are disproportionately high rates of criminal justice involvement for Black people, combined with persistent racism and discrimination, which may make it particularly difficult for Black job seekers to secure employment.

RAND researchers estimated the number of unemployed young men with criminal histories by using information from the National Longitudinal Survey of Youth (1997), which follows a nationally representative group of Americans over the course of their lives. Researchers examined responses from a group of about 9,000 participants who initially were recruited in 1997, and were born during the years 1980 through 1984.

The study examined the involvement of men with the criminal justice system through 2017.

For the study, being unemployed was defined as being without a job for four weeks or more during the past year. Researchers examined arrests, convictions (including guilty pleas) and incarceration that occurred after age 18, excluding traffic-related offenses.

The study found that men between the ages of 30-38 who were unemployed in 2017 had substantial levels of involvement with the criminal justice system. The majority had been arrested at least once, almost 40% had been convicted at least once, and more than 20% had been incarcerated at least once. The results were very similar when researchers included recently discouraged workers and those who were working fewer hours than they wanted.

Among those studied, the arrest prevalence for all Black men (both employed and unemployed) was roughly 33% higher than it was for white men at every age from 18 to 35, with some evidence that the gap widens further during their 30s. Hispanic men generally have higher rates of arrest, conviction and incarceration than white men, although the differences were not statistically significant.

However, when only considering those men who experience periods of joblessness, the study found that unemployed Black, Hispanic and white men experience similar rates of involvement with the criminal justice system throughout most of the lifecycle studied.

Researchers say the main lesson from the study is that unemployment services need to do more to help people cope with their criminal histories.

"Most government programs focus on providing the unemployed with new skills in order to get them into the workforce," said Bushway, who also is a professor at the State University of New York at Albany. "But if you only focus on skills development, you are missing a big part of the problem. The unemployment system almost never looks at the role that criminal history plays in keeping people out of the workforce."

Researchers say that efforts to bar employers from asking about criminal histories on job applications (so called "Ban-the-Box" laws) are unlikely to have a major impact on helping unemployed men with criminal records.


Employers have easy access to applicants' criminal records through commercial databases and routinely review those records as a part of background checks done before new employees are hired, even if the question is left off job applications.

Researchers say that employers need to reconsider how they view the risks posed by applicants with criminal records. New, sophisticated prediction models that seek to understand the risk of recidivism among people who apply for jobs could go a long way toward demonstrating the true relative risk of job applicants who have criminal records.

"Most employers believe that most people with criminal histories will commit offenses again," Bushway said. "But that is not the case. And the risk of reoffending drops dramatically as people spend more time free in the community without a new conviction. Employers need to adopt a more-nuanced approach to the issue."




## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विराटनगर से शादी के बाद लौट रही कार अज्ञात ट्रक में घुसी, तीन की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जयपुर के विराटनगर से शादी के बाद नीमच लौट रही बारात में शामिल कार अज्ञात ट्रक में जा घुसी। हादसा आगे चल रहे वाहन चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। इस भीषण दुर्घटना में पिता-पुत्र

- **पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली**
- **आगे चल रहे ट्रक चालक के अचानक ब्रेक लगाने से हादसा हुआ**

सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। इस हादसे की खबर जब दुल्हा-दुल्हन व रिश्तेदारों के घरों तक पहुंची तो शादी की खुशियां मातम में बदल गई। तीनों शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिये गये, जबकि दोनों घायलों का निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

हमीरगढ़ थाना प्रभारी हनुमान राम ने बताया कि हवाई अड्डा रोड, नीमच निवासी राजा भैय्या उर्फ बृजेश सैनी की बारात 19 फरवरी को जयपुर के पास विराट नगर गई थी। शादी के बाद मंगलवार को सुबह करीब 4 बजे बारात पुनः नीमच के लिए विराटनगर से रवाना हुई। एक बस और करीब आधा दर्जन चौपहिया वाहन आज नीमच जा रहे थे। बारात में शामिल एक कार हमीरगढ थाना सर्किल में चित्तौड़गढ़ हाइवे पर स्थित महारानी होटल के सामने तख्तपुरा चोराहे पर पहुंची थी कि सड़क हादसा हो गया।

इसी दौरान पीछे चल रहे वाहनों में सवार बारातियों ने कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और शहर के निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां कार में सवार हवाई अड्डा रोड, नीमच निवासी सीताराम पुत्र मूलचंद सैनी, इनके बेटे अजय सैनी व श्रद्धानंद मार्ग छावनी इंदौर निवासी बाबूलाल पुत्र देवकरण सैनी को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। दो घायलों चितावत पालरा इंदौर निवासी हर्षवर्धन पुत्र कमलेश सैनी व अमावली नीमच निवासी गजेंद्र सिंह पुत्र उमराव सिंह शक्तावत को परिजनों ने एक अन्य निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इन दोनों का उपचार किया जा रहा है। उधर, तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद ये शव परिजनों के सुपुर्द कर दिये गये। परिजन शव लेकर मध्यप्रदेश रवाना हो गये।



**हमीरगढ़ थाना सर्किल में चित्तौड़गढ़ हाइवे पर स्थित महारानी होटल के सामने तख्तपुरा चोराहे पर हादसे के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

# ब्यावर में तीन बच्चों सहित महिला ट्रेन के आगे कूदी

**ब्यावर,** (निसं)। गहलोत कॉलोनी के समीप माया पत्नी रामकरण नाम की एक महिला अपने तीन बच्चों के साथ

- **दो बालिकाओं सहित महिला की मौके पर ही मौत**
- **घायल डेढ़ साल के मासूम को अस्पताल में भर्ती करवाया**
- **झौपड़ी में रहता था परिवार**

ट्रेन के आगे कूद गई।

इससे उसकी और दो बालिकाओं सात वर्षीय सुमन और चार वर्षीय मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई जिनका शव मोर्चरी में पोस्टमार्टम हेतु रखवाया गया जबकि एक डेढ़ वर्षीय बालक कृष्णा बुरी तरह से घायल हो गया जिसे राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में उपचार हेतु भर्ती किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलतः दूदू के समीप इंद्रा कॉलोनी मौजमाबाद का यह परिवार ब्यावर में कॉलेज के समीप झौपड़ी बनाकर रहता था और कचरा बीनने का कार्य करता था। बताया जा रहा कि महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेक पर आई और अचानक ट्रेन के आगे कूद गई। ट्रेन चालक द्वारा रेलवे स्टेशन पर सूचना दी गई जिस पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर क्षेत्र के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सिटी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।

महिला के पति रामकरन ने पुलिस को बताया कि वो कचरा बीनने हेतु गया था लेकिन वापस आने पर किसी को भी वहां नहीं देखा और तलाश शुरू करते करते ही जानकारी मिली जबकि पुलिस पूर्व में ही पहुंच चुकी थी। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



**ब्यावर में हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।**

# 'रीट परीक्षा की धांधली की सीबीआई से जांच नहीं होने पर भाजपा जेल भरो आंदोलन करेंगी'

**भरतपुर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने रीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग पर जोर देते हुए कहा है कि अगर राज्य सरकार ने इस रीट मामले को सीबीआई को नही सौंपा तो भाजपा 26 फरवरी को जेल भरो आंदोलन शुरू करेंगी। जिसके लिए भरतपुर में भाजपा कार्यकर्ता जेल जाने को भी तैयार हैं।

उन्होंने मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए राज्य के आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग एवं राजीव गांधी स्टर्डी सर्किल के समन्वयक बनय सिंह को भी घेरते हुए आरोप लगाए और इस मामले से जुड़े हुए कई खुलासे भी किए हैं। इस मामले को लेकर राज्य के राजीव गांधी स्टर्डी सर्किल के समन्वयक डॉ. बनय सिंह ने रीट मामले में मंत्री सुभाष गर्ग व उनके ऊपर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार है।

उन्होंने कहा है कि मेरा कोई रिश्तेदार गलत काम करता है तो उसके लिए मैं कैसे जिम्मेदार हो सकता हूं। मेरे साले अमित से दो-ढाई साल से मेरे कोई सम्बंध नहीं है। उसके पिता राजवीर सिंह ने भी 14 जुलाई 2021 को कानूनी नोटिस जारी कर सार्वजनिक सूचना प्रसारित कर अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सम्बन्धित को चाहिए कि पुलिस में शिकायत दर्ज करे, जांच होगी, सच्चाई सामने आ जायेगी। ऐसे ऑडियो मुझे बदनाम करने की साजिश हैं। मैंने कथित ऑडियो को जांच के लिए एसओजी भेज दिया है।

इस दौरान प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, अभयबीर सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री भगवान दास शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री मनोज भारद्वाज, पार्षद श्याम सुंदर, अरुण प्रधान, अन्नू सिंह, कोमल शर्मा, नरेश कुमार एडवोकेट आदि उपस्थित रहे। डॉ. शैलेश सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहा कि राजस्थान के रीट घोटाला प्रकरण में भले ही सरकार ने एसओजी को जांच दे दी हो परंतु अभी तक वह केवल छोटी मछलियों के गिरेबान तक ही पहुंची है।

रीट परीक्षा होने के तुरंत बाद भरतपुर में कार्यरत जिस सरकारी शिक्षक लक्ष्मण सिंह को अनुचित गतिविधियों के चलते पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह डॉक्टर बने सिंह के गांव में निकटतम पड़ोसी और उनके साथ पारिवारिक रिश्ते वाला व्यक्ति है जिसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस चाहती तो उसके बड़े संपर्क सूत्र तक आसानी से पहुंच सकती थी लेकिन ऐसा ना करके करके उसके इस पूरे प्रकरण को भारतीय दंड संहिता की कमजोर धाराओं में दर्ज कर मामले को रफा-दफा करने का काम किया। इसके चलते ना केवल उसकी जमानत हो गई बल्कि उसे पुनः भरतपुर मुख्यालय के सरकारी विद्यालय में ही पद स्थापित कर दिया। इस व्यक्ति के खिलाफ 1000000 रुपए में रीट में सिलेक्शन की गारंटी देने का आरोप था और पुलिस ने नकली नोटों की गड्डी थमा कर उसे रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।



**भरतपुर में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने प्रेस वार्ता की।**

# चार साल से फरार वांछित दिल्ली से गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। लोगों से मेल मिलाप कर उनसे दोस्ती कर व्यवसाय करने के नाम पर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ऐंठने वाले गिरोह के एक और आरोपी को राजनगर थाना पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

आरोपी मारपीट, धोखाधड़ी व फिरौती के मामलों में पिछले चार साल से फरार चल रहा था। राजनगर थाना पुलिस ने मामले में पूर्व में आरोपी तरूण

- **मारपीट, धोखाधड़ी व फिरौती के मामलों में वांछित था**
- **डेयरी फार्म खोलने के नाम पर हड़पे 23 लाख 76 हजार रुपये**

कुमार (45) पुत्र दर्शनलाल निवासी ग्रिन फिल्ड लेन नम्बर 1 न्यू अब्रोल शास्त्री नगर पठानकोट हाल म.न. 2०82 थर्ड फ्लोर रानीबाग दिल्ली को दिल्ली से गिरफ्तार कर कब्जे से पीड़ित की ओर को भी बरामद किया गया।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि धोखाधड़ी कर रुपये हडपने के मामले में अमन कुमार (41) पुत्र राजेन्द्र कुमार बैंसला (गुर्जर) निवासी कॉलोनी ख्याला थाना ख्याला पश्चिम दिल्ली को बापु नगर चाणक्यपुरी से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से की गई पूछताछ के दौरान बताया कि बताया कि वह वर्ष 2018 में अपने साथी अभियुक्तगण कमल मोटवानी उर्फ कबीरसिंह व तरूण कुमार के साथ दिल्ली से राजसमंद प्रार्थीचन्द्रदीप मेहता के घर पर आया था।

जहां तीनों ने प्रार्थी चन्द्रदीप मेहता को दिल्ली में डेयरी प्लांट लगाने के नाम पर धोखाधड़ी कर 15 लाख रूपये अपने बैंक खातों में जमा करवाये एवं बाद में अलग-अलग समय में प्रार्थी चन्द्रदीप मेहता से करीब 8 लाख 76 हजार रूपये और प्राप्त किए।

उसके बाद प्रार्थी चन्द्रदीप मेहता दिल्ली में डेयरी प्लांट की जगह देखने आया तो तीनों अभियुक्तगण कमल मोटवानी, तरूण कुमार व अमन बैंसला ने मिलकर प्रार्थी चन्द्रदीप मेहता को कमरे में बंद कर मारपीट कर उसके दो मोबाईल फोन, लेपटोप व क्रेटा कार को छीन लिया था। जिसके बाद प्रार्थी बडी मुश्किल से अपना बचाव कर दिल्ली से भागकर अपने घर पर आया। अभियुक्त अमन कुमार बैंसला को गिरफ्तार कर प्रकरण के सम्बन्ध में जांच जारी है।



**राजसमंद में राजनगर थाना पुलिस ने मारपीट एवं धोखाधड़ी कर रुपए हड़पने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया।**

# पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधायक ने ढांढस बधाया

**बामनवास,** (निसं)। उपखंड मुख्यालय स्थित पट्टी खुर्द में टेंट व्यवसायी गिर्राज गौतम व उसके नौकर विपिन मीणा के हुए दोहरे हत्याकांड को लेकर स्थानीय रहने वाले पूर्व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री रहे नमोनारायण मीणा व उनियारा से विधायक हरीश मीणा द्वारा पीड़ितों के यहां पहुंचकर उनके परिवार को ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने इस मामले में तीव्र कार्रवाई करवा हत्यारों को सलाखों के पीछे भिजवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री व विधायक द्वारा इस घटनाक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई।

इस दोहरे हत्याकांड में लोगों द्वारा पीड़ित परिजनों को मुआवजा, सरकारी नौकरी आदि मांग रखी गई। अधिकारियों द्वारा इस हत्याकांड को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों व परिजनों से उनके द्वारा की गई मांगों को पूरा कराने के लिए राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजने के आश्वासन के बाद पोस्टमार्टम को लेकर बना गतिरोध समाप्त हो पाया था।

इस मामले को लेकर थाना अधिकारी बृजेश मीणा ने कहा कि मामले को लेकर संदिग्धों से पूछताछ की जारी है। पुलिस उपाधीक्षक तेज कुमार पाठक ने कहा कि इस हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस टीमें तकनीकी एवं सूचना संकलन के साथ परंपरागत पुलिसिंग कर रही है।

# ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। चिकित्सालय से उपचार करवा लौट रही वृद्धा को धोखा देकर नकली को अलसी सोना बता कर उससे असली जेवरात की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पीड़िता संतोषनगर गारियावास निवासी बसन्ती देवी ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 14 फरवरी सवेरे एमबी चिकित्सालय में चिकित्सा जांच करवा घर लौट रही थी। जहां बीच रास्ते मिले आउट डोर के बाहर मिले दो व्यक्ति ने कागज में लिपटा नकली सोने जैसा धातु निचे गिरा कर वृद्धा को झांसे में लेकर उससे सोने की चैन व कान की लटकन मय झुमके ठगी कर ले गए तथा धातु का टुका मुझे दे गए। दूसरे दिन पड़ताल की तो नकली सोना होने की जानकारी मिली। मामले में पुलिस टीम ने मिर्जापुर गोदापुर नवादा बिहार निवासी नवल कुमार, राहुर सितारामपुर सूर्यगड़ा लखिसराय बिहार निवासी अर्जुन प्रसाद को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया हैं।

# सीमेंट बनाने की फर्जी फैक्ट्री पकड़ी, दो गिरफ्तार

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अल्ट्राटेक कंपनी का सीमेंट बनाने की फर्जी फैक्ट्री पकड़ी है। जहां से पुलिस ने 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक कंपनी के गुड़गांव कार्यालय के अधिकारी संजय शर्मा ने धौलपुर एसपी शिवराज मीणा को बताया कि धौलपुर जिले के मनिया थाना इलाके के भोड़ियां गांव में रविंद्र उर्फ भोले ठाकुर व मान सिंह दूसरी कंपनियों के खराब सीमेंट को सस्ती दर में खरीदकर उसे अल्ट्राटेक सीमेंट के फर्जी तरीके से प्रिंट कराए गए सीमेंट के कट्टे में भरकर ऊंचे दामों में बाजार में बेच रहे हैं। डीएसपी खंडेलवाल ने मनिया थाना प्रभारी सुमन कुमार सहित अन्य पुलिस जवानों तथा कंपनी प्रतिनिधियों की अलग-अलग टीम बनाकर निजी और सरकारी वाहनों से मौके पर दबिश देकर कार्रवाई की। जहां मानसिंह के मकान के पीछे एक टीनसेट में बाड़ेबंदी कर फर्जी फैक्ट्री संचालित मिली। जिसमें मान सिंह ठाकुर निवासी भोड़िया 5-6 मजदूरों से बागड़ सीमेंट के खराब सीमेंट को छलनी कर अल्ट्राटेक कंपनी के सीमेंट के फर्जी तरीके से प्रिंट कराए गए कट्टों में भरते हुए मिला। पुलिस कार्रवाई के दौरान दूसरी साइड से रविंद्र उर्फ भोले गलियों में होकर भागने में सफल रहा। पुलिस को मौके पर फर्जी फैक्ट्री में 245 अल्ट्राटेक कंपनी के भरे हुए नकली सीमेंट के कट्टे, 229 अल्ट्राट्रेक के नकली खाली कट्टे, खराब सीमेंट के 121 कट्टे और खराब सीमेंट के खाली 20 कट्टे, एक तोलने की मशीन सहित अन्य सामान मिला। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। वही मौके से पुलिस ने आरोपी मान सिंह ठाकुर पुत्र प्रेमसिंह निवासी भोड़ियां मनियां धौलपुर एवं मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ भोले पुत्र गीतम सिंह साल निवासी भोड़ियां मनियां धौलपुर को गिरफ्तार कर लिया।

# संदीप सिंह चैनपुरा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**सादुलपुर,** (निसं)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी एवं राष्ट्रीय संयोजक अजीत सिंह मामडोली ने प्रदेश अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह कटार की अनुशंसा में संदीप सिंह चैनपुरा बड़ा को राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर जयपुर जिलाध्यक्ष राम सिंह सुदरासन, महिपाल सिंह सामेर, चतर सिंह नरूका, टिंकू सिंह शेखावत, शिव सिंह तोगावास, सुरेन्द्र सिंह कसुम्बी, मनोज सिंह चैनपुरा, अनिल सिह चैनपुरा, भवानी सिंह चाँदगोठी, सुभाष सिंह राठौड़, जीतू सिंह अचिणा आदि लोगों ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की।

# जोधपुर केंद्रीय कारागार में परेड के बाद विचाराधीन बंदी मोबाइल देखते पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर केंद्रीय कारागार हर बार किसी ना किसी बात को लेकर सुर्खियों में बना रहा है। निषिद्ध सामग्री जेल में पहुंचना जारी है। एक बार फिर जेल में मोबाइल मिला है। मगर इस बार एक बंदी मोबाइल को परेड के बाद बैठकर चला रहा था। जेल प्रहरी ने मोबाइल छीन कर अपनी जेब में डाला। तब बंदी ने प्रहरी को दबोचने के साथ ही उसकी पेंट की जेब फाड़ दी, हाथापाई भी की। अब जेलप्रहरी की तरफ से विचाराधीन बंदी के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने और राजस्थान कारागार अधिनियम में केस दर्ज कराया गया है।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि जेल प्रहरी रामचंद विश्नोई की ड्यूटी केंद्रीय कारागार में थी। वह ड्यूटी में परेड के बाद जेल में बंदियों की चेकिंग करने के साथ हवालात में डाल रहा था। तब एक विचाराधीन बंदी बोरानाडा के सियारा निवासी राजू उर्फ राजेंद्र पुत्र शोभाराम जाट जेल के वार्ड संख्या 11 के पास में बैठकर मोबाइल देख रहा था।

इस पर जेल प्रहरी ने उसे टोकने के साथ मोबाइल लेना चाहा तब बंदी ने मारपीट करने शुरू कर दी। इस पर प्रहरी ने विसल बजा दी। जेलप्रहरी रामचंद ने आरोपी से मोबाइल लेकर

- **जेल प्रहरी ने मोबाइल छीन कर अपनी जेब में डाला**
- **बंदी ने प्रहरी को दबोचने के साथ ही उसकी पेंट की जेब फाड़ दी, हाथापाई भी की**
- **राजकार्य में बाधा डालने और राज. कारागार अधिनियम में केस दर्ज कराया**

अपनी पेंट की जेब में डाल दिया। इस पर बंदी राजू ने उसे दबोचने के साथ गला पकड़ लिया। जेब से जबरन मोबाइल को निकाल लिया। जिससे पेंट की जेब फट गई। बाद में वहां मौजूद अन्य बंदियों व सिपाहियों ने छुड़ाया।

रातानाडा पुलिस ने बताया कि जेल प्रहरी रामचंद की रिपोर्ट पर राजकार्य में बाधा डालने के साथ राजस्थान कारागार अधिनियम में मामला दर्ज किया है। प्रहरी ने जब्त मोबाइल पुलिस को उपलब्ध करवाया। जिसकी अब जांच की जा रही है।

# भीण्डर पं. स. की मोतीदा पंचायत प्रशासन पर ग्रामीणों ने बिना काम कराए पैसा उठाने का आरोप लगाया

**कानोड़,** (निसं)। भीण्डर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोतीदा में हुए सरकारी राशि के गबन की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है, जिसमें कार्य के नाम से लाखों रूपये पंचायत द्वारा उठाए गए लेकिन मौके पर एक भी काम नहीं होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। पंचायत के गांव महूडीखेडा, डांगियों का खेडा व चोल गांव के ग्रामीणों ने पंचायत सरपंच, ग्राम विकास अधिकारी सहित प्रशासन पर 2015-16 से 2021-22 तक 15 विकास कार्यो में लाखों रूपये का गबन करने के आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया है। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है ।

पंचायत के वार्ड-7 व 8 के ग्रामीणों ने गबन के आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध करवाए। उपलब्ध दस्तावेजों व मौके की स्थिति के अनुसार कई कार्यों में गबन की आशंका है। स्थानिय वार्डपंच प्रतिनिधि किशन लाल रावत, पूर्व वार्डपंच सज्जन सिंह रावत, किशनलाल वार्ड-8 प्रतिनिधि, खेमराज रावत, गौतमसिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, संभागीय आयुक्त, जिला कलेक्टर, स्थानीय विधायक सहित प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र भेजा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत प्रशासन ने पंचायत भवन के बाहर विश्रांति गृह, पीपलास माता मंदिर परिसर में विश्रांति गृह के साथ श्मशान तक को नहीं छोड़ा। विश्रांति गृह के पांच-पांच लाख उठाए तो वहीं श्मशान में चबूतरा, टीन शेड लगवाने के लिए तीन लाख रूपये उठाए लेकिन मौके पर न तो विश्रांति गृह है न ही श्मशान में टीन शेड लगाए गए।

आरोप-यह कार्य केवल कागजों में हुए धरातल पर एक धेला भी नहीं लगा।

01. वर्ष 2015-16 दिसम्बर माह में ग्रेवल रोड जडू रोड से मोहन लाल के देवरे के पास सी सी रोड चौक के 2,50,000 रूपये का कार्य पूर्ण बताकर गबन किया गया।

02. वर्ष 2017-18 में दिसम्बर माह में इन्टरलॉकिंग एवं नाली निर्माण महुडीखेडा एवं डाबकिया में पांच लाख रूपये का कार्य पूर्ण बताकर गबन किया गया। सितम्बर माह में सी सी रोड डांगियों का खेडा मैन रोड से मोहनी बाई के मकान तक के लिये पांच लाख रूपये कार्य पूर्ण बता दिया गया। गांव डांगियों का खेडा में सी सी रोड स्कूल से गोविंद के घर तक कार्य के लिये पांच लाख रूपये कार्य पूर्ण बताकर गबन किया गया। महुडी खेडा में पनघट से सज्जन के मकान तक इन्टरलॉकिंग कार्य हेतु तीन लाख रूपये का कार्य पूर्ण बताकर गबन किया गया।

वर्ष 2020-21 में चोल गांव में सी सी रोड कार्य जेता/भज्जा के मकान के पास 5 पांच लाख रूपये का कार्य कागजों में पूरा कर दिया है, गांव में इन्टरलॉकिंग कार्य वरदा/भज्जा के मकान के पास पांच लाख रूपये का गबन कर दिया गया। डांगियों का खेडा में रास्ता निर्माण व पुलिया निर्माण अमरा जी के मकान से लच्छू जी के मकान तक पांच लाख रूपये का कार्य जिसे भी कागजों में पूर्ण कर दिया है, चोल गांव में पुलिया निर्माण मय रास्ता आकोला रोड से परथा जी के मकान तक पांच लाख रूपये की राशि का गबन कर दिया गया। सितम्बर माह में वरनोदा गांव में पुरानी टंकी के पास विश्रांति गृह निर्माण के लिये पांच लाख रूपये का गबन कर दिया गया। अक्टूबर माह में रातावेला महादेव जी के पास श्मशान चबुतरा व टीन शेड निर्माण कार्य के लिए तीन लाख रूपये की राशि का गबन कर दिया गया।

वर्ष 2021-22 में जुलाई माह में डाबकिया गांव में सोलर पनघट योजना हेतु दस हजार रूपये का कार्य पूर्ण बता दिया। अगस्त माह में डांगियों का खेडा गांव में धर्मराज मंदिर के पास सोलर पनघट योजना हेतु दस हजार रूपये का गबन कर दिया गया, सितम्बर माह में डाबकिया गांव में बालु/नवला के मकान के पास हेण्डपम्प स्थापना के लिये दस हजार रूपये का कार्य पूर्ण बता दिया। जुलाई माह में डाबकिया गांव में आकोला रोड से महादेव जी तक रास्ता व भराव कार्य के लिये दस हजार रूपये का गबन कर दिया।

- **ग्रामीणों ने दिखाए दस्तावेज, गबन की आशंका जताई**
- **जिन कामों की शिकायत की जा रही है उन कार्यों की स्विकृति ही नहीं हुई है : सरपंच**

इस मामले में ग्राम पंचायत मोतिदा के सरपंच लक्ष्मण लाल रावत का कहना है कि जिन कामों की शिकायत की जा रही है उन कार्यो की स्विकृति ही नहीं हुई है, केवल प्रस्ताव लेकर भेजे गए हैं। लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर यह शिकायत वायरल करने के बाद में स्वयं बीडीओ से मिला जिन्होंने स्वकृति नहीं होने की बात कही है। गबन जैसा कोई मामला नहीं है। शिकायतकर्ता मामले की जांच करवा ले।

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मोतीदा के सुरेश कुमार का कहना है कि यह सभी एक्शन प्लान में लिए गए कार्य हैं, सभी कार्य नहीं हो पाते हैं। शिकायत गलत है। कोई कार्य ऐसा नहीं जिसका पैसा उठा लिया हो और मौके पर कार्य नहीं किया।

विकास अधिकारी पंचायत समिति भीण्डर विशाल सीपा का कहना है कि इस मामले को लेकर मुझसे कोई नहीं मिला है, मैं पता करवाता हूं, आखिर मामला क्या है, जिसके बाद ही कुछ बता पाऊंगा।



**भीण्डर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मोतीदा में ग्रामीणों द्वारा दिखाई सड़क, जिसका निर्माण कागजों में हुआ।**

## संक्षिप्त

### अपहरण का आरोपी पकड़ा

**बौंली।** क्षेत्र के मलारना डूंगर पुलिसने थाने में दर्ज 4 जनवरी की रिपोर्ट में पोक्सो एक्ट, अपहरण, एससी एसटी एक्ट, के आरोपी को पकडने में सफलता हासिल की है। मलारना डूंगर थाने के अंतर्गत एक गांव के निवासी पिता ने 4 जनवरी 2022 को विकास गुर्जर निवासी कुंडेरा के खिलाफ मलारना डूंगर पुलिस थाने में अपनी नाबालिग लड़की को अपहरण कर भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने नाबालिग बालिका को पहले ही दस्तयाब कर लिया था और आरोपी डेढ़ माह से फरार चल रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### हादसे में एक जने की मौत

**बहरोड़/ नीमराना।** नेशनल हाईवे नंबर 48 दिल्ली से जयपुर मार्ग पर ग्राम दूघेड़ा के पास एक वैगनआर कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत व एक की गंभीर हालत तथा 2 लोगों को गहरी चोट लगने की वजह से निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कार में सवार लोगों को जैसे तैसे करके बाहर निकाला तथा एंबुलेंस की सहायता से निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जिनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक कार में सवार लोग हरियाणा के बावल फैक्ट्री में काम कर वापस अपने गांव नांगल चौधरी क्षेत्र में लौट रहे थे।

### न्यायिक अधिकारियों की बैठक

**दौसा ।** जिले के न्यायिक अधिकारी बैठक मंगलवार को जिला एवं सैशन न्यायाधीश पूरण कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 12 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला एवं सैशन न्यायाधीश पूरण कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को और अधिक प्रकरणों को चिन्हित करने तथा सभी चिन्हित प्रकरणों में पक्षकारों को नोटिस जारी करने तथा पक्षकारों के मध्य प्रि.काउंसलिंग तथा डोर टू डोर काउन्सलिंग कराने के भी निर्देश दिये गये।

### आग से घरेलू सामान जला

**बौंली।** मोरण ग्राम पंचायत के थनेरा गांव में मंगलवार को दिन में महिला द्वारा रसोई में रोटी बनाते समय छप्पर पोस में आग लग गई। आग लगने से पीड़ित शंकर लाल मीणा निवासी थनेरा का अनाज, चारा ,कपड़े, नगदी सहित दो बकरियों की मौत होगयी। आगजनी को देखकर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाया तब तक पीड़ित का चारा अनाज कपड़े नगदी एवं जेवर जलकर राख हो चुके थे एवं दो बकरियां जो छप्पर पोस में बंधी हुई थी उनकी भी जलने से मौत हो गई।

### निशुल्क चश्मा वितरण आज से

**श्रीमाधोपुर।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा निशुल्क चश्मा वितरण हेत शिविर 23 से 26 फरवरी तक प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीमाधोपुर में लगाया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष पूर्व वैज्ञानिक सीताराम सैनी ने बताया कि जरूरतमंद लोग हॉस्पिटल के कमरा नंबर 8 में नेत्र सहायक कमल कुमावत से संपर्क करे ।

# क्षतिग्रस्त सड़क पर पानी भरा रहने से राहगीर परेशान

**पावटा, (निसं)।** पावटा उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम ललाना मांजूकोट होकर गुजर रहा रोड बिल्कुल क्षतिग्रस्त हो गया है और सड़क में पानी ही पानी भरा हुआ है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी तो आ रही है साथ ही लोगों का पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा है।

ग्रामीण जुगल किशोर, राजेश शर्मा, योगेश शर्मा, दुर्गा दत्त सहित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम ललाना मांजूकोट होकर गुजर रही सडक क्षतिग्रस्त हो गई है। गांव में पानी निकासी

■ **लोगों का पैदल निकलना भी दुश्वार हो रहा है**

के लिए नाली निर्माण नहीं होने की वजह से क्षतिग्रस्त सडक में पानी भरा रहता है जिसकी वजह से बीचों बीच सड़क में पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से दुपहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। वही मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। जिससे गांव में बीमारी फैलने का अंदेशा



**ग्राम ललाना मांजूकोट होकर गुजर रही क्षतिग्रस्त सड़क में पानी भरा हुआ है।**

भी बना हुआ है। वही शहर के विभिन्न इलाकों में गंदा, कचरा व निकासी नालों में गंदा पानी जमा होने से मच्छर व मक्खियों का उपद्रव बढ रहा है। इस स्थिति में पावटा प्रागपुरा नगरपालिका शहर को साफ-सुथरा रखने की आवश्यकता है। लेकिन प्रशासन एवं ग्राम पंचायत क्षतिग्रस्त सडक व सडको व गलियों मे भरे गंदे पानी व फैले कचरे की सुध नहीं ले रहे हैं जिससे ग्रामीणों में रोष है। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ईओ हरि नारायण ने बताया कि पहले भी इसमें मोहरम डलवाकर रोड पर बने गड्ढो को बंद करने का प्रयास किया गया था लेकिन सफल नहीं हो पाए इसके लिए टैंडर जारी हो चुका है व सोमवार से कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

## अस्पताल के विस्तार के लिए जमीन व एक करोड़ रुपए स्वीकृत

**खैरथल।** स्थानीय राजकीय सेटेलाइट अस्पताल को अस्पताल भवन के विस्तार और निर्माण के लिए नगरपालिका द्वारा चार बीघा जमीन व एक करोड़ रुपए देने की स्वीकृति दी गई है। नगरपालिका के चेयरमैन हरीश रोघा ने बताया कि बोर्ड की पिछले दिनों हुई साधारण बैठक में राजकीय सेटेलाइट अस्पताल को भवन विस्तार के लिए भूमि उपलब्ध कराने और आवश्यक सुविधाओं के निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लेने के लिए गठित की गई समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को बैठक कर इसकी स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि यह जमीन अस्पताल के पीछे सटी हुई है और निर्माण के लिए स्वीकृत एक करोड़ रुपए में से प्रथम चरण में आप्रेशन थियेटर का निर्माण व महिला वार्ड का विस्तार कराया जाएगा जिसपर करीब 25 लाख रुपए खर्च होंगे।

मंगलवार को पालिका भवन में हुई इस बैठक में चेयरमैन हरीश रोघा, राजकीय सेटेलाइट अस्पताल के पीएमओ डॉ राजेश लालवानी, कनिष्ठ अभियंता मोती लाल वर्मा,ललित शर्मा, पार्षद विनोद वलेचा आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### गीली लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त



**श्रीमाधोपुर।** पुलिस व वन विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए गीली लकडी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर पुलिस थाना थोई को सुपुर्द किया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी देवेंद्र सिंह राठौड ने बताया कि भीमाराम चौधरी उपवनरक्षक सीकर के निर्देशानुसार आलोक पुनिया थाना अधिकारी थोई व जितेंद्र सिंह शेखावत वनपाल नाका अजीतगढ़ द्वारा संयुक्त गश्त की कार्रवाई की जा रही थी तभी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली लकडी से भरा हुआ दिखाई दिया जिसे रुकने का इशारा किया गया। ट्रैक्टर ट्रॉली के रुकने पर ट्रैक्टर ट्रॉली में खेजडी की गीली लकड़ियां भरी हुई पाई गई। जिसकी पूछताछ में चालक ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। इस पर वनविभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर पुलिस थाना थोई में सुरक्षार्थ खडा किया व ड्राइवर भागीरथ प्रसाद जाट निवासी लीला की ढाणी थोई को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई अनुसंधान प्रारम्भ किया गया ।

### मेले को लेकर समिति गठित

**मंडावरी।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित महर्षि बालीनाथ बैरवा विकास समिति द्वारा आयोजित बैठक में महाशिवरात्रि के मौके पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संत महर्षि बालीनाथ महाराज की स्मृति में भव्य एवं विशाल मेला आयोजन को लेकर आयोजन समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया। मेला आयोजन को लेकर बैठक की अध्यक्षता रामस्वरूप बैंड वालों द्वारा की गई एवं संस्था के राष्ट्रीय संस्थापक सदस्य गिरधारी लाल बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मेला आयोजन समिति का गठन किया गया। मेला आयोजन समिति में सर्वसम्मति से राजू लाल बेरवा मंडावरी को संयोजक एवं राम मनोहर बेरवा लालसोट को सह संयोजक व संपत राम मालिया को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस मौके पर महर्षि बालीनाथ भैरव विकास समिति के द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कजोड मल लोदवाल मंडावरी एवं महामंत्री किशनलाल वर्मा के मनोनयन की ध्वनि मत से पुष्टि की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शिवरात्रि के एक दिन पूर्व भव्य सत्संग संध्या भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सरस्वती मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई

**फागी।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सुरेश शर्मा ने विद्यालय के भामाशाह बनते हुए विद्यालय परिसर में आचार्य पंडित चंद्रशेखर शर्मा पारली वालों के नेतृत्व में विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ मंदिर सहित मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करवाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य कन्हैया लाल सेन ने बताया कि विद्यालय में मां सरस्वती की मूर्ति की कमी काफी वर्षों से अखर रही थी। जिस पर शिक्षक साथियों की प्रेरणा से निंबाड़ा निवासी एवं वरिष्ठ अध्यापक सुरेश चंद शर्मा ने अपने स्वर्गीय पिता हरिनारायण शर्मा की स्मृति में विद्यालय परिसर में मंदिर सहित मां सरस्वती की मूर्ति की स्थापना बड़े धूमधाम से करवाई गई है।

# वन प्रसार अधिकारी व टीम के साथ मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**निवाई।** पुलिस ने वन प्रसार अधिकारी व उनकी टीम के साथ अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के दौरान मारपीट करने के तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस थाना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के दिए गए निर्देशों के तहत अपराधियों की धरपकड के कर्म अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाषचन्द मिश्रा व वृताधिकारी रूद्र प्रकाश शर्मा के निर्देशन में वन विभाग कर्मियों से मारपीट के आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम गठित की गई। टीम ने सीदडा निवासी बाबूलाल मीणा, काला भूरा की ढाणी श्योसिंहपुरा सीदडा निवासी रमेश मीणा, हीरा की ढाणी सीदडा निवासी गिर्राज को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने



**निवाई पुलिस ने वन प्रसार अधिकारी व उनकी टीम के साथ मारपीट करने के तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

बताया कि तीन फरवरी को रेंजर हरेन्द्रसिंह नाथावत टीम के साथ अवैध खनन की कार्यवाही के दौरान राजकार्य में बाधा डालते हुए मारपीट की जिससे रैंजर, वनपाल सहित कई वनकर्मी घायल हो गए थे। इस पर रैंजर नाथावत ने निवाई पुलिस थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज करवाया था।

## जल उपभोक्ता बकायादारों पर विभाग कसेगा शिकंजा

**उनियारा।** उनियारा जलदाय विभाग के द्वारा सरकारी महकमों तथा आम उपभोक्ताओं के बकाया बिलों की राशि जमा नहीं कराने के कारण उनके विरुद्ध कार्रवाई करना शुरू कर दिया है।

■ **बकाया राशि वसूलने के लिए सघन अभियान शुरू**

जलदाय विभाग उनियारा के सहायक अभियंता ऋषीकेश मीणा ने बताया कि फरवरी माह तक के जल उपभोक्ताओं से शत प्रतिशत जल उपभोग के बकाया राशि वसूलने के लिए सघन अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत जिन उपभोक्ताओं में दस हजार रुपए से अधिक की राशि बकाया चल रही हैं। उन्हें नोटिस जारी कर यथाशीघ्र राशि जमा कराने के लिए कहा गया है। यदि फिर भी बकाया राशि जमा नहीं करवाए जाने पर उनके जल कनेक्शन विच्छेद कर दिए जाएंगे।

उनियारा उपखंड क्षेत्र में दस जल उपभोक्ता जो सरकारी विभागों के है उन पर 339579 रुपए बकाया चल रहे हैं। जिनमें सबसे अधिक पुलिस थाना उनियारा पर एक लाख चालीस हजार रुपए है। वहीं विधुत विभाग के कनिष्ठ अभियंता उनियारा पर 23525 रुपए, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पर 11998 रुपए, उपखंड अधिकारी निवास पर 23698 रुपए, नगर पालिका उनियारा के दो कनेक्शन पर 36497 रुपए, भारतीय दूर संचार निगम उनियारा पर 25383 रुपए, राजकीय बालिका विद्यालय बनेठा पर 12022 रुपए, स्वास्थ्य विभाग बनेठा पर 25321रुपए, फोरेस्ट चौकी बनेठा पर 41135 रुपए बकाया चल रहे हैं।जिनको वसूलने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। यदि फिर भी नोटिस जारी करने के बाद भी जमा नहीं कराया गया तो उनके जल कनेक्शन विच्छेद करने का कार्य किया जाएगा।

## रोड के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया

**बहरोड़/नीमराना।** मंगलवार को नीमराना पंचायत समिति के गांव खूंदरोठ में इंटरलॉक टाइल निर्माण कार्य का उद्घाटन पंचायत समिति नीमराणा प्रधान संतोष बलवान सिंह यादव एवं भाजपा जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने खूंदरोठ सरपंच मंजू सुभाष सिंह की अध्यक्षता में किया गया। प्रधान सन्तोष का ग्रामवासियों द्वारा गाजे बाजे से भव्य स्वागत किया गया । प्रधान संतोष यादव को शाल ओढ़ाकर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया । साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव को राठ की पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं से स्वागत किया । प्रधान संतोष यादव ने गांव के विकास के लिए पूरा आश्वासन देते हुए ग्राम पंचायत के विकास कार्य के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की । स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाने के लिए सरपंच एवं समस्त ग्रामवासियों से आग्रह किया । इस अवसर पर सरपंच संघ अध्यक्ष उमाशंकर यादव, सरपंच ममता चौहान, पूर्व सरपंच योगेश चौहान मांढण, सरपंच सुरेंद्र यादव नानगवास, सरपंच हाकीराम यादव कान्हावास, पूर्व सरपंच रामसिंह यादव खूंदरोठ, सरपंच सुभाष कमांडो, आईटी जिला संयोजक पंडित वीरू भारद्वाज, पूर्व सरपंच नरेंद्र शर्मा, पूर्व सरपंच बहादुर सिंह, रतन शर्मा, सुरेंद्र सिंह एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# वैन में सवार होकर आये चार-पांच बदमाशों ने युवती का अपहरण किया

**दौसा, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मंगलवार को मारुती वैन में सवार होकर आये चार-पांच बदमाश एक युवती का अपहरण कर ले गये। इधर अपहरण की सूचना मिलने के साथ ही पुलिस उपाधीक्षक कालूराम मीणा, कोतवाल लालसिंह एवं महिला थानाधिकारी राजेन्द्र मीणा मय जाप्ते के घटना स्थल पर पहुंचे तथा आसपास के साक्ष्य एकत्रित कर अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी एवं युवती के बरामदगी के लिए नाकाबंदी कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी गुप्तेश्वर रोड निवास रामखिलाडी मीणा मंगलवार को प्रात:9 बजे दूध लेने के लिए बाजार गया हुआ था, घर पर उनकी पत्नी एवं पुत्री हेमलता ही थी। बताया जाता है कि मारुति वैन में सवार होकर आये चार-पांच अज्ञात बदमाश घर में प्रवेश कर गये तथा रामखिलाडी मीणा की पत्नी को एक कमरे में बंद कर दिया तथा उसकी पुत्री हेमलता का अपहरण कर मारुति वैन से फरार हो गये।

इधर रामखिलाडी की पत्नी ने तत्काल अपने पति रामखिलाडी मीणा को मोबाईल पर घटना की जानकारी दी, जानकारी मिलने के साथ ही रामखिलाडी मीणा घर पहुंचे तथा पत्नी को कमरे से बाहर निकाला तथा पुत्री को न पाकर उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। उधर सूचना मिलने के साथ ही पुलिस उपाधीक्षक कालूराम मीणा, कोतवाल लालसिंह, महिला थानाधिकारी राजेन्द्र मीणा मय जाप्ते के घटना स्थल पर पहुंचे तथा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी लेकर तत्काल जिले में अपरहणकर्ताओं की गिरफ्तारी एवं युवति की बरामदगी के लिए नाकाबंदी कराई। इधर देर सायं तक पुलिस को अपहरणकर्ताओं का कोई सुराग नहीं मिला। उधर पुलिस उपाधीक्षक कालूराम मीणा ने युवति की बरामदगी के लिए विशेष टीम का गठन कर कार्रवाही तेज कर दी है।

**पूर्व में भी युवती का हो चुका था अपहरण:** पुलिस ने बताया कि युवती के पिता ने कमलेश मीणा सहित अन्य खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है। आरोपित कमलेश मीणा पूर्व में भी युवती हेमलता का अपहरण कर चुका है, आरोपित कमलेश मीणा के खिलाफ दौसा व जयपुर में प्रकरण दर्ज भी है।

# बेकाबू पिकअप ने पूर्व सरपंच सहित चार लोगों के टक्कर मारी

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को सुबह 9 बजे तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला।

शराब के नशे में धुत एक पिकअप चालक द्वारा तेज रफ्तार पिकअप को चलाते हुए पूर्व सरपंच चमन लाल जांगिड़ सहित उनकी दोनों पोत्री व एक निजी स्कूल की अध्यापिका सहित चार लोगों को चपेट में लेकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पूर्व सरपंच लाल जांगिड़ जब उनकी पोत्री को स्कूल छोड़ने रोड के किनारे से गुजर रहे थे उसी वक्त पीछे से आ रही बेकाबू तेज रफ्तार पिकअप चालक द्वारा उनको चपेट में ले लिया गया। इसी दौरान एक निजी स्कूल में पढ़ाने जा रही दो अध्यापकों को चपेट में लिया गया जहां एक अध्यापिका के सिर में चोट आने से वह गंभीर घायल हुई। वही गनीमत रही साथ ही एक निजी



**बेकाबू पिकअप की चपेट में आने से घायल हुये लोगों की कुशलक्षेम पूछने शहरवासी सीएचसी में पहुंचे।**

स्कूल पढ़ाने वाली अध्यापिका बाल-बाल बच गई। पिकअप की रफ्तार इतनी तेज थी कि पलक झपकते ही पिकअप चालक द्वारा चार लोगों को चपेट में ले कर उन्हें घायल कर वहां से और ज्यादा तेज गति में पिकअप को भगा कर फरार हो गया।

वहीं इस दुर्घटना के तुरंत बाद लोगों द्वारा थाने पर उक्त पिकअप द्वारा दुर्घटना की जानकारी देने के बाद थाने के बाहर पुलिस कर्मियों द्वारा नाकेबंदी कर पिकअप चालक को पकड़ने के

■ **पुलिस ने नाकेबंदी कर चालक को पकड़ा**

साथ पिकअप को जप्त कर लिया। घायल लोगों को वहां मौजूद शहर वासियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया गया।

दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे एएसआई भीखाराम मीणा द्वारा घायलों से दुर्घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। वही इस सड़क दुर्घटना के बाद शहरवासियों ने खासा रोष जताते हुए कहा कि मंडावरी में सुरक्षा के नाम पर कोई पुलिसकर्मी यहां नहीं रहता है साथ ही कस्बे से 7 किलोमीटर दूर पुलिस थाना होने के बाद यहां पर दुर्घटना या अन्य किसी घटना के घटित होने के काफी देर बाद पुलिस पहुंच पाती है।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, जहाजपुर जिला-भीलवाड़ा

E-Mail: mbjahazpur@gmail.com
Contact: 01485-230101
क्रमांक- नपाज/2021-22/3581
दिनांक-22.02.2022

### -: उजरदारी सूचना :-

एतद् द्वारा सार्वजनिक उजरदारी सूचना जारी की जाती है कि नगर पालिका जहाजपुर में नीचे अंकित आवेदक अपनी क्रय शुदा सम्पत्ति जो कि नगर पालिका क्षेत्र जहाजपुर में स्थित है का नामान्तरण/निर्माण स्वीकृती स्वयं के नाम से जारी किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | स्थान | पडौस | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री पप्पू कुमार मीणा पिता मोहनलाल मीणा निवासी ग्राम उलेला तहसील जहाजपुर (भील) | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 45 जिसका नाप 25 X 50 = 1250 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 44 दक्षिण- भूखण्ड सं. 45-ए पूर्व-आम रास्ता पश्चिम-भूखण्ड सं. 18 | आवासीय भूखण्ड नामान्तरण |
| 2 | श्री पप्पू कुमार मीणा पिता मोहनलाल मीणा निवासी ग्राम उलेला तहसील जहाजपुर (भील) | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 45 जिसका नाप 25 X 50 = 1250 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 44 दक्षिण- भूखण्ड सं. 45-ए पूर्व-आम रास्ता पश्चिम-भूखण्ड सं. 18 | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |
| 3 | श्री छितर लाल मीणा पिता भुरा लाल मीणा निवासी अजमेर। | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 13 जिसका नाप 30 X 40 = 1200 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 16 दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-भूखण्ड सं. 12 पश्चिम-भूखण्ड सं. 14 | आवासीय भूखण्ड नामान्तरण |
| 4 | श्री छितर लाल मीण पिता भुरा लाल मीणा निवासी अजमेर। | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 13 जिसका नाप 30 X 40 = 1200 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 16 दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-भूखण्ड सं. 12 पश्चिम-भूखण्ड सं. 14 | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |
| 5 | श्रीमति पांची देवी मीणा पत्नि गोपी लाल मीणा निवासी भोरण बांकरा, जहाजपुर। | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 12 जिसका नाप 30 X 40 = 1200 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 17 दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-भूखण्ड सं. 11 पश्चिम-भूखण्ड सं. 13 | आवासीय भूखण्ड नामान्तरण |
| 6 | श्रीमति पांची देवी मीणा पत्नि गोपी लाल मीणा निवासी भोरण बांकरा, जहाजपुर। | मांगट कॉलोनी एम.एम. कोर्ट के पास देवली रोड जहाजपुर स्थित भूखण्ड सं. 12 जिसका नाप 30 X 40 = 1200 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-भूखण्ड सं 17 दक्षिण- आम रास्ता पूर्व-भूखण्ड सं. 11 पश्चिम-भूखण्ड सं. 13 | आवासीय मकान निर्माण स्वीकृति |
| 7 | श्री नील अनन्त उर्फ सुरेन्द्र ताम्बी पिता श्री रतन लाल ताम्बी निवासी जहाजपुर। | देवली रोड जहाजपुर स्थित आवासीय मकान व व्यावसायिक दुकान जिसका नाप 112.6 X 42 = 4725 वर्गफीट | भूखण्ड के पडौस निम्न प्रकार है- उत्तर-नन्दा माली का खेत दक्षिण- गुलाब खटीक का मकान पूर्व- आम रास्ता पश्चिम- कृषि भूमि | आवासीय मकान व व्यावसायिक दुकान नामान्तरण |

उक्त नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदक के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/वारिसान को कोई आपत्ति हो तो उक्त विज्ञप्ति के प्रकाशन दिनांक के 7 दिवस के भीतर-भीतर मय दस्तावेजों के लिखित रूप में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद उक्त सम्बन्ध में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी व आवेदक के पक्ष में नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति जारी की जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

सूचित रहे।

**(सुरेन्द्र कुमार मीना)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका जहाजपुर**

## संक्षिप्त

### पवन शहर अध्यक्ष नियुक्त

**टोंक।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार फाउंडेशन न्यू दिल्ली के जिलाध्यक्ष



कमलेश कुमावत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार मानव अधिकार फाउंडेशन न्यू दिल्ली के शहर अध्यक्ष पद पर पवन कुमार सैनी को नियुक्त किया है ओर 15 दिवस में टोंक शहर की कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए है।

### अवैध शराब सहित युवक गिरफ्तार

**मालपुरा।** लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने मंगलवार को दौराने गश्त के संवारिया के पास अवैध देशी शराब परिवहन करते एक जने को गिरफ्तार कर एक पेटी अवैध शराब जप्त की गई। थानाधिकारी प्रभुसिंह ने बताया कि मंगलवार को दौराने गश्त के संवारिया से झाडली सड़क मार्ग पर एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में की गई पूछताछ व ली तलाशी के दौरान युवक के पास एक पेटी अवैध देशी शराब की बरामद की गई। जिसे जप्त कर आरोपी शैतान पुत्र रामदेव वाल्मिकी निवासी पंवालिया थाना टोडारायसिंह को गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया गया।

### 3500 भेड़ों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**मालपुरा।** प्रदेश के पाली जिले से यूपी की ओर जा रहे प्रवासी भेड़ पालकों के रेवड का ठहराव चबराणा गांव के चरागाह में होने की मिली सूचना पर केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने चिकित्सक व वैज्ञानिकों की टीम के साथ चबराणा पहुंच चरागाह में विश्राम कर रही 3500भेडों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवा व सुझाव दिये गये। साथ ही भेडो का नि:शुल्क उपचार व टीकाकरण किया गया।

### योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग

**सांभरझील ग्रामीण,**(निसं)। ग्रामीण पत्रकारों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाये जाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया पत्रकार एकता सहायता ट्रस्ट राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र प्रजापति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। प्रजापति ने पत्रकारों को नि:शुल्क चिकित्सा एवं मेडिक्लेम, रोडवेज व ट्रेनों में नि:शुल्क यात्रा, आवासीय भूखण्ड, स्कूटी, लेपटॉप, नि:शुल्क शिक्षा हेतु बच्चों के लिये कोटा निर्धारित करने की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने का अनुरोध किया है।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया और चोरी के कंबल बरामद किए। पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार चोरी व नकबजनी की घटनाओं पर रोकथाम के निर्देश के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक सलेह मोहम्मद के सुपरविजन में शहर कोतवाल जितेन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने चोरी के आरोपी ईमरान उर्फ पोटया को मय चोरी के कंबलों के साथ गिरफ्तार किया।

### परामर्श शिविर में 105 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर।** आयुर्वेद विभाग द्वारा राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय श्रीमाधोपुर में मंगलवार 22 फरवरी को आयोजित निशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर में 105 रोगियों को लाभान्वित किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ मनोहर शरण दास के अनुसार शिविर में ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ कैलाश शर्मा भी उपस्थित रहे। शिविर में वातव्याधि, एवं विभिन्न दर्द के मरीजों का पंजीयन किया गया जिनको आगामी दिवसों में पंचकर्म चिकित्सा प्रदान की जाएगी । शिविर के दौरान सार्वजनिक औषधालय समिति के बाबूलाल चौधरी, छाजूखेड़ीवाल, विजेंद्र बजाज, कैलाश सारस्वत, नागरमल लोकनाथका, जटाशंकर व्यास आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भी सहयोग किया। शिविर के दौरान निशुल्क जांच, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप आदि के रोगियों को आयुर्वेदिक रीती से परामर्श, विभिन्न खानपान की रेसिपी आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया वहीं विभिन्न प्रकार के दर्द में स्नेहन्द,स्वेदन, भाप चिकित्सा आदि का भी उपयोग किया गया।

# जंगली जानवरों ने 32 भेड़ों को मौत के घाट उतारा

- 25 भेड़ें घायलावस्था में मिली, 5 मैमने भी गायब मिले
- जरख या भेड़ियों के हमले की जतायी जा रही है आशंका



सांभर-नरायना रोड पर एक खेत में जंगली जानवरों ने 32 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया।

**सांभरझील ग्रामीण,** (निसं)। सांभर-नरायना रोड पर रेलवे फाटक के पास एक खाली खेत में सोमवार की देर रात्रि को अज्ञात जंगली जानवरों ने 32 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया तथा 25 को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जबकि 5 भेड़ों के बच्चे (मैमने) काफी दूर तक व देर तक तलाश करने के बाद भी नहीं मिले।

सूचना मिलने पर पुलिस व प्रशासन के अलावा पशुपालन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची जिनकी ओर से मौका मुआयना करने के बाद बताया जा रहा है कि ये सभी भेड़ें किसी जंगली जानवर का शिकार हुयी हैं। कई भेड़ों के शव क्षत विक्षत अवस्था में मिले, अनेक भेड़ों की गले पर वार करने व देर तक जबड़े में दबाकर रखने से दम घुटने के कारण मौत होने की प्रमुख वजह मानी जा रही है। ये सभी 120 भेड़े खाली खेत में अलग अलग झुण्ड में बैठी हुयी थी। आशंका जतायी पांच मैमनों को ताकतवर जंगली जानवर अपने साथ उठाकर ले गये हैं।

बताया जा रहा है कि सांभर के समीप ग्राम कोच्या की ढाणी के रहने वाले बद्रीनारायण पुत्र मांगीलाल गुर्जर व हरजीराम पुत्र जग्गाराम गुर्जर अपनी अपनी कुल 120 भेड़े चराने के लिये सांभर से बाहर लेकर जा रहे थे, रात होने के कारण इन भेड़पालकों ने यहीं पर अपना डेरा डाल लिया और सो गये। आश्चर्य इस बात का है कि इतनी बड़ी तादाद में जंगली जानवरों का शिकार हुयी इन भेड़ों का इन्हें तनिक भी पता नहीं चल सका, जब इनकी नींद खुली तो दोनों हक्के बक्के रह गये तथा बुरी तरह से घबराये हुये थे। गनीमत यह भी रही जंगली जानवरों ने इन पर कोई हमला नहीं किया।

मौके पर तहसीलदार हरिसिंह राव, सांभर पंचायत समिति के प्रधान सहदेव गुर्जर भी मौके पर पहुंचे तथा भेड़पालकों के साथ हुयी इस घटना से उनका भी दिल पसीज गया। प्रशासन की ओर से पटवारी के जरिये फर्द मौका रिपोर्ट तैयारी करवायी गयी तथा आश्वासन दिया गया नियामानुसार सहायता राशि दिलवाये जाने के लिये राजस्व विभाग की ओर से जिला कलेक्टर को रिपोर्ट दी जायेगी। पशुपालन विभाग की ओर से मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम करवा लिया गया, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि इनकी मौत का मुख्य कारण क्या रहा है। अज्ञात जंगली जानवरों से भेड़ों की हुयी दर्दनाक मौत को लेकर सांभर थानाधिकारी को पीड़ित की ओर से एक तहरीर भी दी गयी है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक प्रवीण सैन से बात करने पर बताया कि मृत 32 भेड़ों का पोस्टमार्टम करवा लिया गया है तथा घायल 25 भेड़ों को इलाज दिया गया है। पृथम दृष्टया जरख या भेड़ियों का कोई समूह हो सकता है, जिनकी ओर से हमला किया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो जायेगी।

## स्काउट फाउण्डर्स डे पर वृक्षारोपण किया

**फुलेरा।** उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट गाइड जयपुर मण्डल फुलेरा के स्काउट दल के तत्वावधान में स्काउटिंग के संस्थापक लॉर्ड बेडेन पावेल एवं लेडी बेडेन पावेल का जन्मदिवस फाउण्डर्स डे एवं थिंकिंग डे के रूप में मनाया गया।

स्काउट के मास्टर घनश्याम कुमावत ने बताया कि इस दौरान कस्बे

- स्काउटिंग के संस्थापक का जन्मदिन फाउण्डर्स डे एवं थिंकिंग डे के रूप में मनाया गया

की रेलवे कॉलोनी स्थित स्काउट डेन पर प्रात: सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। वहीं आगे बताया कि इस अवसर को यादगार बनाने के लिए स्काउट डेन पर वृक्षारोपण करते हुए उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के तहत श्रमदान भी किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान चित्रकारी एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि संपूर्ण विश्व के स्काउट संगठनों द्वारा स्काउटिंग के संस्थापकों का जन्मदिन फाउण्डर्स डे व थिंकिंग डे के रूप में विभिन्न समाजोपयोगी कार्य करते हुए उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड फुलेरा घनश्याम कुमावत, जीवन लाल सैनी, रामप्रसाद वर्मा, राजेश सैनी, राजेन्द्र प्रसाद, अनिल कुमार, कानाराम, अशोक कुमार मीणा, सरदार मल, गजराज महावर, कृष्णावतार, तुषार, रोवर ओमप्रकाश, राहुल मीना सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## चार दर्जन से अधिक स्कूली वाहनों की जांच की

**कोटपूतली।** हाल ही में प्रदेश के जैसलमेर जिले के पोकरण एवं सीकर में स्कूली बसों से हुये सडक हादसों को लेकर राज्य सरकार सख्त नजर आ रही है। इस सम्बंध में राज्य सरकार ने परिवहन विभाग को स्कूली बसों व टैम्पों आदि की सघन जांच अभियान चलाकर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये है। जिसको लेकर परिवहन मुख्यालय के आदेशानुसार मंगलवार को क्षेत्र में भी परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। परिवहन एसआई धर्मपाल गुर्जर के नेतृत्व में अशोक यादव, हरपाल सिंह, राकेश यादव ने क्षेत्र की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के चार दर्जन स्कूली वाहनों की सघन जाँच की। इस दौरान नियमों व सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाये जाने पर कडी कानूनी कार्यवाही एवं भविष्य में वाहनों को सीज किये जाने के सख्त निर्देश दिये। साथ ही करीब 18 वाहनों का चालान कर 90 हजार रूपयों का जुर्माना भी वसुला गया।

# मन ही है जो मोक्ष व बंधन में व्यक्ति को बांधता है: पूज्य शांति श्रिया

**पावटा,** (निसं)। मन ही है जो मोक्ष व बंधन में व्यक्ति को बांधता है। मनुष्य अगर ईश्वर की शरण में चला जाता है तो उसे मोक्ष मिलता है और अगर सांसारिक मोह माया में उलझ जाता है तो बंधन में बंध जाता है।यह बात पावटा में बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम परिसर में नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा महोत्सव के चौथे दिन कथा वाचक पूज्य शांति श्रिया महाराज ने कही।

कथा वाचक पूज्य शांति श्रिया महाराज ने बताया कि अधर्म के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो लेकिन धर्म के मार्ग पर चलने वाले के आगे अधिक समय तक नहीं टिक सकता। इसके साथ ही उन्होंने भगवान श्रीराम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि जब अयोध्या में भगवान श्रीराम का जन्म होने वाला था तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन



पावटा में नव दिवसीय श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा वाचक पूज्य शांति श्रिया महाराज ने श्रीराम जन्म की कथा सुनाई।

होने लगे। भगवान राम का जन्म होने पर अयोध्या नगरी में खुशी का माहौल हो गया। कथावाचक पूज्य शांति श्रिया महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति के जीवन में विपत्तियां आ रही हैं, वो व्यक्ति धैर्य रखें। कोई व्यक्ति कितना भी बडा या फिर छोटा हो। हर व्यक्ति के जीवन में एक बार विपत्तियां आती हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम के जीवन में भी विपत्तियां आई थीं। उन्हें भी अपने जीवन में 14 साल तक वनवास भोगा है। इसलिए व्यक्तियों को विपत्ती से घबराना नहीं है, बल्कि उनका डटकर सामना करना है। इस अवसर पर आयोजको बाबा भूतनाथ कमेटी अध्यक्ष विकास शर्मा, रामवतार शर्मा, दिनेश शर्मा, मामराज स्वामी, सुशील गौड, आकाश शर्मा, अमन शर्मा, विजय शर्मा, लोकेश टांक, गोपाल टांक, अमित शर्मा, विकास पुजारी, महेंद्र कुमावत, प्रदीप टांक, विनय गोयल, विनीत शर्मा, कालूराम, अमित बटवाल, प्रधुमन चौहान सहित कार्यकर्ताओं द्वारा कथा के दौरान श्रीराम जन्म की सजीव बाल रूप झांकी सजाई गई। भगवान राम के बाल रूप व मोहिनी सूरत के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो गए।

# अवैध ब्लास्टिंग व खनन के विरोध में पैदल मार्च निकाला

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में लम्बे समय से हो रही अवैध ब्लास्टिंग व खनन को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने पैदल मार्च निकाल कर आरएलपी के प्रदेश महामंत्री व पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना के नेतृत्व में तहसीलदार सुर्यकान्त शर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित खनन विभाग व राज्य सरकार के खिलाफ उपखण्ड कार्यालय पर जमकर नारेबाजी भी की। आक्रोशित लोगों का आरोप है कि सत्ता में बैठे नेताओं की सह पर क्षेत्र में अवैध खनन फलफूल रहा है। वहीं पीडित महिलाओं व ग्रामीणों ने तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा को अवगत करवाया कि अवैध हैवी ब्लास्टिंग से मकानों में दरारें आ गई है। प्रतिदिन लोग घायल होने के साथ-साथ धूल-मिट्टी के कारण सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार भी हो रहे हैं। वहीं क्षेत्र में पेयजल के एकमात्र बडे स्त्रोत बुचारा बांध में भी राजनैतिक संरक्षण एवं पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से अवैध खनन हो रहा है। एक ओर जहां सरकार वर्षा जल की बचत कर उपयोग में लाने का प्रयास कर रही है वहीं अवैध खनन पर अंकुश लगाने में भी असमर्थ है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कोई कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन व आन्दोलन किया जायेगा। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि सत्तु, उपसरपंच दिलीप सिंह, गंगाराम आर्य, ग्यारसी लाल, राव विक्रम, राजेन्द्र खारडिया, ऋषि आर्य, राज स्वामी, अनिल यादव, शिवराम यादव, सुशील, मूलचंद, संदीप, विजय बांयला, ज्ञानचंद यादव, राजेश सैन, मनोज बांयला समेत आरएलपी के विधानसभा प्रभारी समीर जोशी, अध्यक्ष देशराज पायला, नगर अध्यक्ष भूपेन्द्र सैनी, सत्या, महेन्द्र, अभिषेक सहित सैकड़ों ग्रामीण व आरएलपी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता देने की मांग की

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने एक मीटिंग का आयोजन कर राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता व उसके उन्नयन संबंधी अन्य मांगों को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन लिखा यहां के उपखंड अधिकारी को दिया। ज्ञापन में कहा गया है की केंद्र सरकार ने राजस्थानी को अब तक मान्यता नहीं देकर जन भावनाओं व प्रदेश का अपमान किया है । ज्ञापन में राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखने, केंद्र के समक्ष राजस्थान की मांगे रखते हुए राजस्थानी भाषा को मान्यता की मांग को प्रमुखता दिए जाने, राजस्थानी भाषा को राज्य की दूसरी राजभाषा का दर्जा दिए जाने, अनिवार्य शिक्षा कानून की पालना में राज्य की प्राथमिक शिक्षा का माध्यम मातृभाषा राजस्थानी किया जाने, विद्यालयों महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राजस्थानी शिक्षकों के खाली पद भरे जाने, राजस्थान लोक सेवा आयोग में अनिवार्य व ऐच्छिक विषय के रूप में राजस्थानी को शुरू करने, राजस्थान अकादमी को सिरमौर अकादमी घोषित करने व 5 करोड़ का बजट स्वीकृत करने और अकादमी अध्यक्ष को कैबिनेट का मंत्री दर्जा दिए जाने, राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी व राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष यथाशीघ्र नियुक्त करने सहित कुल 22 मांगे अंकित की गई है ।

# भाजपा पार्षदों ने पालिका के अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। नगर पालिका में अनदेखी के चलते भाजपा पार्षदों ने बैठक कर पूर्व विधायक रामहेत यादव से मुलाकात कर नाराजगी जाहिर की है।

पार्षदों की नाराजगी किशनगढ़ बास में नगर पालिका में लगातार की जा रही भाजपा पार्षदों की उपेक्षा को लेकर थी। पार्षदों का आरोप था नगर पालिका की ओर से कराए गए विकास कार्यों के लोकार्पण में वार्ड पार्षदों को नजरअंदाज किया जाकर अधिकारी कार्यक्रम में प्रधान को तवज्जो दे रहे हैं।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने पार्षदों की बात सुनने के बाद जिला कलेक्टर नन्नू मल पहाड़िया व एसडीएम ओमप्रकाश सहारण से फोन पर बात की और नगर पालिका किशनगढ्ढ बास में भाजपा पार्षदों के साथ अधिकारियों की ओर से की जा रही अनदेखी व सफाई लाइट व विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पूर्व विधायक



किशनगढ़ बास नगर पालिका में अधिकारियों की मनमानी को लेकर पूर्व विधायक रामहेत यादव से भाजपा पार्षदों ने मुलाकात की।

से मिलने भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ के साथ पहुंचे भाजपा पार्षद अनीता रामेश्वर गुप्ता, मीनाक्षी मनोज मित्तल, तेज सिंह सैनी, मनीष लखयाणी, सीमा मनीष शर्मा, ज्योति हैप्पी यादव, सतीश जांगिड़, अनिल शर्मा, मनीषा रोहित यादव ने कहा भाजपा का बोर्ड होते हुए अधिकारी सुनाई नहीं कर रहे हैं। हालात यह है कि शहर में विकास कार्य नगरपालिका कराती है और उद्घाटन पट्टीका पर वार्ड पार्षद का नाम अंकित करना तो दूर पार्षद को कार्यक्रम तक मैं याद नहीं किया जाता है।

- पार्षदों ने बैठक कर पूर्व विधायक से मुलाकात कर नाराजगी जाहिर की

पार्षदों ने बताया अभी हाल ही में अस्पताल व उपखंड परिसर में नगर पालिका की ओर से कराए गए लाखों के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान को आमंत्रित किया गया लेकिन वार्ड पार्षद को आमंत्रण तक नहीं दिया गया। पार्षदों ने कहा जब उन्होंने पालिका अध्यक्ष के सामने नाराजगी जाहिर की तो पालिका अध्यक्ष ने कहा मैंने तो अधिकारियों को कहा था लेकिन अधिकारी नहीं सुनते तो मैं क्या करूं किससे शिकायत करूं कोई सुनाई नहीं कर रहा है। सफाई व्यवस्था से लेकर विकास कार्यों तक में भ्रष्टाचार व्याप्त है। भाजपा पार्षदों ने कहा है अधिकारियों ने रवैया नहीं सुधारा तो बजट को लेकर होने वाली नगर पालिका बोर्ड की बैठक में हिस्सा नहीं लेंगे।

## 'गरीबों का गेहूं लेने वाले सरकारी कर्मचारियों से रुपए वसूलें'

**अलवर,** (निसं)। बहरोड में आज उपखंड अधिकारी श्यामसुंदर चेतीवाल ने प्रवर्तन निरीक्षक विजयलाल यादव के साथ तहसील स्तरीय राशन डीलरों की बैठक ली। एसडीएम ने कहा कि सरकारी नौकरी में होने के बावजूद कई लोग गरीबों के हिस्से का गेहूं राशन की दुकान से उठा रहे हैं। राशन डीलरों को निर्देशित किया कि यदि नोटिस देने के बाद भी निर्धारित समय अवधि में सरकारी कर्मचारी गेहूं का पैसा जमा नहीं करवाता है, तो उसके खिलाफ विधिक एवं विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाए ।

वर्ष 2018 में डीलरों के पास जो गेंहू नहीं पहुंचा है। उसको लेकर जल्द की समाधान करने के लिए कहा। राशन डीलरों को आधार सीडिंग व जन आधार सीडिंग तुरंत करवाने के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान राशन डीलर संघ अध्यक्ष रामनरेश पटेल, सचिव शशि कपूर, कोषाध्यक्ष रतनलाल शर्मा, अजय बसई, हरिकिशन गोठवाल, ताराचंद गोठवाल, विकास नारेडा, अमीलाल यादव, लालाराम गुर्जर, अशोक कुमार, राममूर्ति, मातादीन गोठवाल, राजबाला खोहरी सहित सभी डीलर उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### अपहरण के मामले में ज्ञापन दिया



**टोंक,** (निसं)। एक व्यक्ति ने करीब दो माह पूर्व नाबालिक पुत्री के अपहरण के मामले में अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच कराने एवं आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी पुत्री को दिलाने की मांग की है। मुकेश कुमार पुत्र गणेश गुर्जर निवासी बनेठा व उसकी पत्नी ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि उसकी 15 साल की नाबालिक पुत्री को 16 दिसम्बर को आरोपी आशाराम पुत्र रमेश चंद निवासी बनेठा जबरन बहला फूसला कर उसका अपहरण कर ले गया, जिसका मामला 18 दिसम्बर को दर्ज कराने के बाद 2 माह बाद भी आरोपी को तलाश कर उसकी पुत्री को नहीं लाया गया। मामले की जांच भी सही नहीं जा रही है और पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और कार्यवाही के लिए कहने पर डराकर भगा दिया जाता है। उन्होंने इस मामले की जांच विधानसभा क्षेत्र देवली उनियारा के अलावा किसी भी अन्य निष्पक्ष अधिकारी कराकर उसकी पुत्री को लाने व आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### शिविर का 386 मरीजों ने उठाया लाभ

**पावटा।** पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत पंडितपुरा में मंगलवार को जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व ग्राम सरपंच मनोज कुमार की अध्यक्षता में निरोगी राजस्थान चिरंजीवी योजना के तहत चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. संदीप मुहानिया के नेतृत्व में डॉ. पुनीत कुमार ने 56, डॉ. ममता वर्मा ने 50, डॉ. सुमित्रा गुर्जर ने 42 ,डॉ. दीपक सैनी ने 58, डॉ. देवेंद्र शर्मा ने 180कुल 386 ग्रामीण महिला एवं पुरूषों तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाईयां उपलब्ध करवाई। वही एएनएम थॉमस, सरोज, सुमनलता द्वारा 140लोगो को कोरोना वेक्शीन की डोज लगाई गई। इस मौके पर जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, पंडितपुरा सरपंच मनोज कुमार वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी अशोक सिंह, कनिष्ठ सहायक साधुराम जाट सहित बडी संया में ग्रामीण मौजूद रहे।

### महायज्ञ की तैयारियां शुरू

**पावटा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 7 से 10मार्च तक प्रेम नगर गुदडिया जाट मंढा में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आयोजन को लेकर वेदियां बनाई जा रही हैं। साथ ही विशाल पंडाल भी तैयार किया जा रहा है। इस आयोजन में जिले भर के गायत्री परिजन उपस्थित होंगे। तहसील संयोजक रंजीत यादव ने बताया कि 7 मार्च सोमवार को सुबह 7 बजे से हीरामल मंदिर मंढा से भव्य कलश नगर भ्रमण करती हुई पुन् यज्ञ स्थल पहुंचेगी। वही शाम 4 बजे से 5 बजे तक संगीत प्रवचन का आयोजन होगा। वही 8 मार्च मंगलवार को सुबह 7.30से 8.30बजे तक सामूहिक जप, ध्यान, प्रज्ञा योग व्यायाम ध्यान के पश्चात प्रात 8.30बजे से 11.30बजे तक देव पूजन एवं 24 कुंडीय यज्ञशाला में यज्ञ प्रारंभ होगा।

### चिंरजीवी चिकित्सा शिविर आयोजित

**डिग्गी।** मालपुरा उपखंड के चबराना गांव में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर मंगलवार को मुख्यमंत्री निरोगी राजस्थान चिंरजीवी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभांरभ जिला परिषद सदस्य छोगालाल गुर्जर, किशन लाल बैरवा, चबराना सरपंच उम्मेद सिंह, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव चौधरी, लावा चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ हरिशंकर यादव, मालपुरा चिकित्सा अधिकारी डॉ जीतराम मीणा, डॉ नासिर अली, बीपीएस डॉ नमिता, द्वारकाप्रसाद बैरवा प्रधानमंत्री आवास सहायक सहित चिकित्साकर्मियो की मौजूदगी में किया गया। शिविर में रोगियों की ईसीजी, बीपी, शुगर, हिमोग्लोबिन व कोरोना की निशुल्क जांच की गई। वहीं शिविर में 128 मरीजों की जांच भी की गई।

### बजट में रेल के लिए घोषणा की मांग

**टोंक**(निसं)। रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अकबर खान ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार टोंक जिले की प्रमुख रेल की मांग की घोषणा कांग्रेस सरकार के बुधवार को राजस्थान के पेश होने वाले बजट में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट से की है। रेल लाओ संघर्ष समिति अध्यक्ष अकबर खान ने बुधवार को कांग्रेस राजस्थान सरकार के 2022-23 के राज्य बजट में टोंक सवाई माधोपुर वाया चौथ का बरवाडा रेल लाईन के लिए भूमि अवाप्ति व आधी राशी की घोषणा के लिए मेल द्वारा पूर्व उपमुख्यमंत्री, टोंक विधायक सचिन पायलट को पत्र भेजकर कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार इस बजट में टोंक रेल का सपना साकार के लिए टोंक सवाई माधोपुर वाया चौथ का बरवाडा रेल लाइन की घोषणा कराने की मांग की है।

### मजदूरी का भुगतान करने की मांग

**टोंक,** (नि.स.)। वन विभाग द्वारा मजदूरी करने वालों को गड्ढे खोदने का भुगतान नहीं करने देने पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। भरत, शारदा, शेषमणि, मनोज, सतीश, कोल्ला, रामबोध, सोनू, कंठी बाई, रघुवीर, तेजीलाल, महेन्द्र, जीत, तरुण, छोटू आदि ने दिए ज्ञापन में बातया कि वह मध्यप्रदेश के रहने वाले मजदूरी पेशा लोग हैं, अपने परिवार का पेट पालन करते हैं तथा उन्होंने 5 फरवरी को गड्डे खोदने का काम किया और पहाडिया गार्डन के पास 5600गड्डे खोदे हैं, जिस पर कहा कि जो ऊपर से पेमेंट आएगा वही पेमेंट तुम्हे दिया जाएगा। परन्तु आज दिन तक भुगतान नहीं किया गया। 5 हजार रुपए खर्च के लिए, उसके अलावा कुछ नहीं दिया। उन्होंने शीघ्र भुगतान करने की मांग की है।

### वैदिक प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू


**मालपुरा।** शहर के पुरानी तहसील स्थित चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर चौधरियान में मंगलवार को गणिनी आर्यिका विशुद्धमति माताजी ससंघ के सानिध्य में नवीन वैदिक प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज हुआ। मंगलवार की सवेरे विशुद्धमति माताजी ससंघ का जयपुर रोड से मालपुरा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के लोगों द्वारा माताजी का पादप्रक्षालन कर श्रीफल भेंट किया गया। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, पार्षद अंकित जैन, वार्ड पंच संगीता जैन, सहित एडवोकेट राजकुमार जैन,रवि कुमार जैन, सुरेन्द्र मोहन जैन,अपार जैन,सहित बडी संख्या मे जैन बंधुओ ने माताजी की अगवानी का सौभाग्य प्राप्त किया।

### कस्बा चौकी में पुलिस जाप्ता तैनात

**मालपुरा।** जिला पुलिस अधिक्षक मनीष त्रिपाठी के आदेशों पर मालपुरा कस्बा चौकी में एक एएसआई सहित चार जवानों का स्थाई जाप्ता तैनात किया गया। थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि बीते दिनों थाना परिसर में आयोजित सीएलजी व एकता मंच की बैठक में नागरिको ने बंद पड़ी कस्बा चौकी में स्थाई जाप्ता लगाने की मांग की थी। चौकी भवन के जीर्णशीर्ण होने के चलते रात्रीकालीन जवानों का ठहराव होने की समस्या सामने आने पर मंगलवार को भामाशाह रवि कुमार जैन के सहयोग से कस्बा चौकी का जिर्णेद्वार कार्य शुरू किया गया तथा एएसआई रामनारायण गुर्जर व चार पुलिस जवानो का स्थाई पदस्थापन किया गया।

### मेले की तैयारियों को लेकर बैठक

**नारायणपुर।** कस्बे में स्थित सियारामदास महाराज के मेले की तैयारियों को लेकर मंदिर महंत श्यामसुन्दर दास महाराज के निर्देशन में मंगलवार को मोहनदास महाराज की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में मेला कमेटी और ग्रामीणों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 20 मार्च को सियारामदास महाराज का भरने वाले मेले की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई । मेला कमेटी सदस्यों को मेले के दौरान मंदिर सजावट, टैण्ट, झांकी, आतिशबाजी, जूता-चप्पल व्यवस्था, भण्डारा, रात्रि श्याम जागरण आदि कार्यों की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को दी गई । इस अवसर पर बडी संख्या में कार्यकर्ता व भक्तगण मौजूद थे।



अगर आपके पास दीपक चाहर जैसा गेंदबाज हो और साथ में भुवनेश्वर कुमार बेंच पर हो जिन्होंने सीरीज के दौरान दो अच्छी परफॉर्मेंस दी। तो जहां तक धनी गेंदबाजी की बात है तो भारत धन्य है। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, भारत की गेंदबाजी पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ सुरेश रैना



**सुरेश रैना** ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई से मांग की है कि उन्हें बिग बैश लीग यानी बीबीएल और कैरेबियन प्रीमियर लीग यानी सीपीएल जैसी ओवरशीज टी20 लीग्स में खेलने की अनुमति दी जाए। उनको बीसीसीआई से हरी झंडी मिल जाएगी, लेकिन वे फिर कभी आईपीएल नहीं खेल पाएंगे और न ही भारत की घरेलू क्रिकेट में उनको मौका मिलेगा। दरअसल, बीसीसीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार, एक्टिव मेल क्रिकेटर किसी भी विदेशी टी20 या टी10 लीग में नहीं खेल सकता।

क्या आप जानते हैं ?... मोजम्बिक मूल का पुर्तगाली खिलाड़ी यूीलबियो अफ्रीकी महाद्वीप से उभरने वाला पहला विश्व स्तरीय स्ट्राइकर था और पहला अफ्रीकी जिसने गोल्डन शू जीता। (1966 इंग्लैंड)।











# भारतीय टीम ने इकाना स्टेडियम में किया कड़ा अभ्यास

लखनऊ, 22 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में मंगलवार को चार घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा ने खिलाड़ियों के अभ्यास पर नजदीकी नजर रखी। भारत को इस मैदान पर श्रीलंका से 24 फरवरी को पहला टी 20 मैच खेलना है।

भारतीय खिलाड़ियों ने दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक धूप के बीच चार घंटे तक लगातार अभ्यास किया। इस दौरान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने सबसे ज्यादा देर तक प्रैक्टिस की। रोहित को जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल ने नेट प्रैक्टिस कराई। 24 फरवरी को होने वाले मैच के लिए दोनों ही टीम लखनऊ पहुंच चुकी है। श्रीलंका टीम जहां पहले दिन दुधिया रोशनी में प्रैक्टिस करेगी। वहीं टीम इंडिया दूसरे दिन 23 फरवरी को दूधिया रोशनी में अभ्यास करेगी, जबकि श्रीलंका की टीम दोपहर एक से शाम पांच बजे तक मैच प्रैक्टिस करेगी। अभ्यास के दौरान ईशान किशन और रोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा छक्के लगाए। दोनों ने ही करीब एक घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। दोनों ने मिलकर करीब 20 से ज्यादा बार गेंद को स्टेडियम तक पहुंचाया। हालांकि बुमराह की यार्कर खेलने में दोनों ही बल्लेबाजों को परेशानी हुई।

बीसीसीआई के पिच सलाहकार तपोस चटर्जी भी लखनऊ पहुंच गए है। उन्होंने करीब 6 घंटे तक तैयार पिच का मुआयना किया। इकाना में कुल नौ पिच है। इसमें तीन को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। इसमें दो पिच काली और एक लाल है। जानकारों का कहना है कि मैच काली मिट्टी वाली पिच पर होगा। काली मिट्टी पिच लाल मिट्टी से ज्यादा तेज होगी। ऐसे में बल्लेबाज के अलावा गेंदबाजों को भी फायदा मिलेगा। हालांकि तेज विकेट होने से रन भी ज्यादा बनते हैं। ऐसे में एक बार फिर से यहां रनों की बौछार दिख सकती है। यहां इंडिया टीम ने जो पिछला मैच खेला था, उसमें कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार शतक लगाया था।

हालांकि, तेज गेंदबाज दीपक चाहर टीम के साथ नहीं दिखे। ऐसा माना जा रहा है कि वह इस मुकाबले के लिए फिट नहीं है। लेकिन, इस बात की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि दीपक चाहर वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान से बाहर चले गए थे।

# साहा ने कहा... पत्रकार का नाम नहीं बताऊंगा



कोलकाता, 22 फरवरी। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर किये गए अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने कहा है कि वह उस पत्रकार का नाम कतई उजागर नहीं करेंगे जिसने उनके खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाते हुए ट्वीट किये थे।

इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), विकेटकीपर बल्लेबाज़ ऋद्धिमान साहा से शनिवार को उनके द्वारा पोस्ट किए गए एक ट्वीट की व्याख्या करने के लिए कहेगा, जिसमें आरोप लगाया गया था कि साहा के एक साक्षात्कार के अनुरोध का जवाब नहीं देने के बाद एक पत्रकार ने उनके साथ आक्रामक लहज़ा अपनाया था।

श्रीलंका के ख़िलाफ़ आगामी टेस्ट सीरीज़ के लिए भारतीय टीम से बाहर किए गए साहा ने शनिवार को ट्विटर पर व्हाट्सएप मैसेज का एक स्क्रीनशॉट प्रकाशित किया था, जो एक ''सम्मानित'' पत्रकार ने उन्हें भेजा था। स्क्रीनशॉट में रिपोर्टर ने साहा से उनके साथ एक साक्षात्कार करने के लिए अनुरोध किया था, जिसका साहा ने कोई जवाब नहीं दिया। इस चर्चा के अंत में, रिपोर्टर ने साहा से कहा, ''आपने फ़ोन नहीं किया। फिर कभी मैं आपका साक्षात्कार नहीं करूंगा। मैं अपमान नहीं लेता और मैं इसे याद रखूंगा। यह ऐसा ऐसा नहीं था जो आपको करना चाहिए था।''

ट्वीट के बाद टीम इंडिया के पूर्व कोच रवि शास्त्री, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे कई पूर्व खिलाड़ी साहा के समर्थन में आए और उनसे पत्रकार का नाम उजागर करने का आग्रह किया। लेकिन साहा ने मंगलवार शाम को कई ट्वीट करती हुए कहा,मुझे दु:ख पहुंचा। मैंने सोचा कि इस तरह के व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए और मैं नहीं चाहता कि कोई अन्य इस तरह के वाक्ये से गुजरे। इसलिए मैंने फैसला किया कि इस बातचीत को सार्वजानिक किया जाए लेकिन मैं उस पत्रकार का नाम नहीं बताऊंगा।

साहा ने ट्वीट में कहा,मेरा स्वभाव ऐसा है कि मैं किसी का करियर समाप्त करने जैसे नुकसान के बारे में नहीं सोच सकता। उसके परिवार को देखते हुए मानवता आधार पर मैं फिलहाल उसका नाम नहीं बताऊंगा लेकिन यदि ऐसी घटना दुबारा होती है तो मैं चुप नहीं रहूंगा। उन्होंने उन सभी को साथ ही धन्यवाद दिया जो इस मौके पर उनके समर्थन में उठ खड़े हुए।

## गहरी सांस ले, और नाम बोल डाल : सहवाग

साहा ने उस जर्नलिस्ट का नाम बताने से इनकार कर दिया है। मगर सहवाग चाहते हैं कि साहा उस जर्नलिस्ट के नाम का खुलासा करें।

मगर पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग साहा के इस फैसले से खुश नहीं है। उन्होंने साहा को उस जर्नलिस्ट के नाम का खुलासा करने को कहा है। सहवाग ने ट्वीट करते हुए लिखा ''प्रिय रिद्धि, दूसरों को नुकसान पहुंचाना आपका स्वभाव नहीं है और आप एक अद्भुत व्यक्ति हैं। लेकिन भविष्य में किसी और को ऐसा नुकसान होने से रोकने के लिए, आपके लिए उसका नाम लेना ज़रूरी है। गेहरी सांस ले, और नाम बोल डाल।''

## न्यूज़ीलैंड की भारत पर लगातार चौथी जीत

क्वींस टाउन , 22 फरवरी। अमीलिया कर के हरफ़नमौला प्रदर्शन (68 रन, तीन विकेट और दो कैच ) के दम पर न्यूज़ीलैंड की महिला टीम ने भारत को चौथे वनडे में मंगलवार को 63 रन से हराकर पांच मैचों की सीरिज में 4-0 की बढ़त ले ली। मैच में बारिश के कारण ओवरों की संख्या घटाकर 20 ओवर कर दी गयी थी जिसमें मेजबान टीम ने पांच विकेट पर 191 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में भारतीय टीम 17.5 ओवर में मात्र 128 रन पर सिमट गयी। इस मैच में अमीलिया कर ने पहले 33 गेंदों में 68 रन बनाए और फिर तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपनी टीम को एक बड़ी जीत दिला दी। उनके इस प्रदर्शन की वज़ह से उन्हें प्लेयर ऑफ़ द मैच का ख़िताब मिला।

न्यूज़ीलैंड की तरफ से अमीलिया कर ने 33 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा कप्तान सोफी डिवाइन ने 32, सूजी बेटस ने 41 और एमी सैटर्थवेट ने मात्र 16 गेंदों पर 32 रन बनाये। भारत के लिए रेणुका सिंह ने 33 रन पर दो विकेट लिए।

बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही और उसने मात्र 19 रन तक अपने चार बल्लेबाज गंवा दिए। इसके बाद कप्तान मिताली राज और ऋचा घोष ने पांचवें विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी की। मिताली ने 28 गेंदों पर 30 रन बनाये जबकि ऋचा ने 29 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन की आक्रामक पारी खेली। भारत ने इस जोड़ी के टूटने के साथ ही अपने शेष छह विकेट 32 रन जोड़कर गंवा दिए और उसे सीरीज में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। अमीलिया कर ने 30 रन देकर तीन विकेट हासिल किये जबकि हेली जेंसेन को 32 रन पर तीन विकेट हासिल हुए।

## जर्मन कोच देंगे निःशुल्क ट्रेनिंग

नयी दिल्ली, 22 फरवरी। फिलहाल विदेशी कोच भी भारतीय फुटबाल की गिरावट को रोक नहीं पाए हैं। फुटबाल जानकार और पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि विदेशी कोच उन खिलाड़ियों को सिखाने पढ़ाने आते हैं जिनकी सीखने की उम्र बहुत पीछे छूट जाती है। लेकिन न्यू एक्स कारपोरेशन हाउस ऑफ स्पोर्ट्स और एएसएनएफसी जर्मनी को लगता है कि यदि खिलाड़ियों को स्कूल स्तर से अत्याधुनिक ट्रेनिंग दी जाए तो भारत में भी अच्छे खिलाड़ी उभर कर आ सकते हैं। न्यू एक्स और एफसी जर्मनी की संयुक्त मेजबानी में एक फुटबाल प्रोमोशन कार्यक्रम का आयोजन 24 फरवरी को तीन बजे अंबेडकर स्टेडियम में किया जा रहा है , जिसमें 13 से 23 साल तक के फुटबॉलर भाग ले सकते हैं।

इंडो जर्मन फुटबाल ट्रेनिंग कार्यक्रम के चेयरमैन वसीम अल्वी के अनुसार तीन जर्मन कोच - डैनी टाबनर, रोबर्ट फ्रैंक और मैटिस गिरहार्ट भारतीय खिलाड़ियों को निशुल्क फुटबाल के गुर सिखाएंगे। उनके अनुसार दोनों संयुक्त मेजबानों के बीच हुए करार के तहत जर्मन कोच समय समय पर भारत आकर खिलाड़ियों को जरूरी टिप्स देंगे। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

## एफआईएच प्रो. लीग के लिए भारतीय टीम की घोषणा, सुखजीत सिंह नया चेहरा

भुवनेश्वर, 22 फरवरी। हॉकी इंडिया ने 26 और 27 फरवरी को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ होने वाले एफआईएच पुरुष प्रो लीग मैचों के लिए मंगलवार को 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। टीम का नेतृत्व मिडफील्डर मनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि हरमनप्रीत सिंह उपकप्तान होंगे। टीम में पंजाब के युवा फॉरवर्ड सुखजीत सिंह नया चेहरा होंगे। इस मौके पर मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, ''हमने स्पेन के खिलाफ खेलने के लिए एक संतुलित समूह चुना है। इसमें स्ट्राइकर सुखजीत सिंह को शामिल किया गया है, जो एक नया चेहरा हैं।उन्होंने पिछले महीने कैंप के दौरान प्रभावित किया था और चयन के बाद से कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**प्रो लीग मैचों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :- गोलकीपर:** पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा, **डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह (उपकप्तान ), मनदीप मोर, सुरेंद्र कुमार, वरुण कुमार, जरमनप्रीत सिंह, दीपसन टिर्की, **मिडफील्डर:** मनप्रीत सिंह (कप्तान), विवेक सागर प्रसाद, हार्दिक सिंह, जसकरण सिंह, शमशेर, नीलकांत शर्मा, आकाशदीप सिंह, **फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, शिलानंद लकड़ा, सुखजीत सिंह, अभिषेक **स्टैंडबाय:** कृष्ण बहादुर पाठक, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, मोइरंगथेम रबीचंद्र सिंह, दिलप्रीत सिंह।

## करणदीप कोच्चार ने 64 के कार्ड से बनायी बढ़त

अहमदाबाद, 22 फरवरी। चंडीगढ़ के करणदीप कोचर ने मंगलवार को आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर टाटा स्टील पीजीटीआई के सत्र के पहले टूर्नामेंट गुजरात ओपन के पहले राउंड में मंगलवार को आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर बढ़त बना ली। 40 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में मैसूरु के यशस चंद्र 65 का कार्ड खेलकर दूसरे स्थान पर हैं।

# 13 साल से भारत में टी-20 सीरीज जीतने के लिए तरस रहा है श्रीलंका, टीम इंडिया का रहा है दबदबा

नई दिल्ली, 22 फरवरी। भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैच की टी20 सीरीज का आगाज 24 फरवरी को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले मैच से होगा। टीम इंडिया की नजरें मेहमानों पर अपना दबदबा बरकरार रखने पर होगी, वहीं श्रीलंका भारत में पहली टी20 सीरीज जीतने के इरादेके साथ मैदान पर उतरेगी। 2009 में भारत ने पहली बार अपने घर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज खेली थी। तब से भारतीय सरजमीं पर कुल चार टी20 सीरीज खेली गई है और हर बार टीम इंडिया तिरंगा लहराने में कामयाब रही है।

भारत और श्रीलंका के बीच 3 मैच की टी20 सीरीज का आगाज 24 फरवरी को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले पहले मैच से होगा। टीम इंडिया की नजरें मेहमानों पर अपना दबदबा बरकरार रखने पर होगी, वहीं श्रीलंका भारत में पहली टी20 सीरीज जीतने के इरादेके साथ मैदान पर उतरेगी। 2009 में भारत ने पहली बार अपने घर में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज खेली थी। तब से भारतीय सरजमीं पर कुल चार टी20 सीरीज खेली गई है और हर बार टीम इंडिया तिरंगा लहराने में कामयाब रही है।2017 के बाद इस टीम ने 2020 में भारत के खिलाफ 3 मैच की टी20 सीरीज खेली थी और यह सीरीज उन्होंने 0-2 से गंवाई थी।

श्रीलंका ने भारत में अभी तक कुल 11 टी20 मैच खेले हैं जिसमें टीम इंडिया ने 8 मुकाबले जीतकर अपना दबदबा बनाया हुआ है। 2017 से तो मेहमान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई है।

**भारत की टी20 टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, संजू सैमसन, ईशान किशन (विकेटकीपर), वेंकटेश अय्यर, दीपक हुड्डा, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), आवेश खान **श्रीलंका की टी20 टीम :** दासुन शनाका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका (उपकप्तान), दिनेश चंडीमल, दनुष्का गुणाथिलका, कामिल मिशारा, जनीथ लियानागे, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा, लाहिरु कुमारा, बिनुरा फर्नांडो, शिरन थेकनांडो, महेश तीक्षना, जेफरी वेंडरसे, प्रवीण जयविक्रमा, आशियान डैनियल।

## पाक सुपर लीग में कैच छोड़ने पर गेंदबाज ने फील्डर को जड़ा थप्पड़

इस्लामाबाद, 22 फरवरी। पाकिस्तान सुपर लीग यानी पीएसएल के 2022 के सीजन में सोमवार को खेले गए एक मैच में एक हैरान करने वाला वाकया देखने को मिला, जब पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाज हैरिस रऊफ ने पीएसएल टीम के अपने साथी खिलाड़ी को थप्पड़ जड़ दिया था। हैरिस रऊफ ने कामरान गुलाम को थप्पड़ जड़ा था, क्योंकि वे एक बल्लेबाज का कैच नहीं पकड़ सके थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर आया तो उनकी निंदा और मांग उठी कि उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, मैच रेफरी ने हैरिस रऊफ को चेतावनी दी है। कई लोगों ने दावा किया कि हैरिस रऊफ को दंडित किया जाना चाहिए, क्योंकि थप्पड़ जानबूझकर मारा गया लग रहा था, जबकि अन्य का मानना था कि उनका कोई द्वेष का इरादा नहीं था। पेशावर जाल्मी ने इस मैच को सुपर ओवर में जीता था और मैच के बाद यह पता चला कि हैरिस रऊफ को मैच रेफरी अली नकवी ने बुलाया था। हालांकि कोई गंभीर कार्रवाई हैरिस रऊफ के खिलाफ नहीं की गई है, लेकिन मैच रेफरी से उनको चेतावनी जरूर मिली है। हैरिस रऊफ ने अपने चार ओवरों में 36 रन देकर 4 विकेट चटकाए और अच्छे आंकड़ों के साथ मैच का समापन किया। हालांकि, हार से बचने के लिए उनका चार विकेट लेना काफी नहीं था।

## युवराज ने कोहली को शानदार लीडर बताया

नयी दिल्ली 22 फरवरी। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने मंगलवार को पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली की तारीफ करते हुए उन्हें महान कप्तान और शानदार लीडर बताया। युवराज ने कोहली को लिखे एक पत्र में कहा, ''विराट, मैंने आपको एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होते देखा है। नेट्स में उस युवा लड़के, जो भारतीय क्रिकेट के दिग्गजों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता था। अब आप खुद एक लीजेंड हैं, जिसने नई पीढ़ी का नेतृत्व किया। 2011 विश्व कप विजेता स्टार युवराज ने कोहली के समर्पण और अनुशासन के लिए उनकी सराहना की और कहा कि वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा, ''नेट में आपका अनुशासन, मैदान पर जुनून और खेल के प्रति समर्पण इस देश के हर बच्चे को बल्ला उठाने और एक दिन नीली जर्सी पहनने का सपना देखने के लिए प्रेरित करता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ सफेद गेंद सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

मेलबोर्न, 22 फरवरी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ आगामी सफेद गेंद सीरीज के लिए मंगलवार को 16 सदस्यीय टीम को घोषणा की। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस सहित तेज गेंदबाजों जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क के साथ-साथ डेविड वार्नर और ग्लेन मैक्सवेल को सफेद गेंद सीरीज से आराम दिया गया है।

क्रिकबज के मुताबिक इनमें से चार खिलाड़ी, जो अपनी-अपनी आईपीएल फ्रेंचाइजी के प्रमुख सदस्य भी हैं, आइपीएल के पहले हफ्ते में नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की नीति के तहत केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को टीम का दौरा जारी रहने के वक्त अन्य टूर्नामेंटों में खेलने की अनुमति नहीं है, चाहे टीम का हिस्सा हों या नहीं। वे हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के तुरंत बाद भारत की यात्रा कर सकते हैं और अपनी क्वारंटीन आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं और छह अप्रैल से आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।

पकिस्तान के खिलाफ तीन वनडे मैचों और एकमात्र टी-20 मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टॉयनिस, जेसन बेहरेनडॉर्फ, सीन एबॉट और नाथन एलिस सहित आईपीएल के अन्य खिलाड़ी भी शामिल हैं। ऐसे में वे यात्रा और क्वारंटीन आवश्यकताओं के कारण कम से कम एक और हफ्ते तक आइपीएल से चूकेंगे।

इसके अलावा रिले मेरेडिथ और डैनियल सैम्स जैसे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिनका क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ किसी भी प्रकार अनुबंध नहीं है, राज्य के साथ अपनी प्रतिबद्धता पूरी करने के बाद अपनी आईपीएल टीमों के साथ जुड़ने के लिए स्वतंत्र होंगे, जैसा कि टिम डेविड और नाथन कूल्टर-नाइल करेंगे, जो किसी भी राज्य के साथ अनुबंधित नहीं हैं। वहीं मैथ्यू वेड, जिन्हें गुजरात टाइटंस ने अनुबंधित किया है, को पाकिस्तान के खिलाफ एकमात्र टी-20 मैच के लिए नहीं चुना गया है। उनकी जगह जोश इंगलिस श्रीलंका के खिलाफ एक प्रभावशाली श्रृंखला के बाद विकेटकीपर की भूमिका संभालने के लिए तैयार हैं।

**16 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम :** आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, जेसन बेहरेनडोर्फ, एलेक्स केरी, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिचेल मार्श, बेन मैकडरमोट, केन रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मार्कस स्टॉयनिस, एडम जैम्पा।

## वर्चस्व की जंग में हैदराबाद का इम्तिहान लेंगे केरला ब्लास्टर्स

बैम्बोलिन, 22 फरवरी। लीग लीडर हैदराबाद एफसी का इरादा अपने शीर्ष स्थान को मजबूती देने का होगा जबकि केरला ब्लास्टर्स एफसी की कोशिश जीत की राह पर लौटकर शीर्ष चार टीमों के बीच बने रहने की होगी। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की अंक तालिका के शीर्ष चार में मौजूद ये दोनों टीमें अपने-अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए बुधवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में उतरेंगी। लीग लीडर हैदराबाद सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर चुकी है। वो 17 मैचों से 32 अंक लेकर तालिका में शीर्ष स्थान पर मौजूद है। लेकिन वो जीत हासिल करके जमशेदपुर एफसी पर अपनी बढ़त को बढ़ाने कोशिश करेगी। जमशेदपुर 16 मैचों से 31 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। जमशेदपुर और तीसरे स्थान पर मौजूद एटीके मोहन बगान के पास एक मैच अतिरिक्त है और यदि शीर्ष चार की आंकाक्षाएं रखने वाले केरला के खिलाफ हैदराबाद अंक गंवाती है, तो उपरोक्त दोनों टीमें उसे शीर्ष स्थान से उतार सकती हैं। केरला 16 मैचों से 27 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है।



**जयपुर पोलो सत्र के सर्वोच्च 16 गोल के ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह कप टूर्नामेंट के पहले मैच में सोना पोलो ने विमल एरोन अचीवर्स को 11-9 से हराया। सोना के लिए सात हैंडीकैप में जुआन अगस्तीन गार्सिया ने तिकड़ी सहित 8, गोंजालो फूकी ने 2 और संजय कपूर ने 1 गोल किया। विमल के लिए क्रिस मैकेंजी ने तिकड़ी सहित 6, पदमनाभ सिंह ने और अशोक चांदना ने 1-1 गोल किया। खेले के दूसरे चक्कर के दौरान गोंचालेज फूकी चोटिल हो गये, बावजूद इसके उन्होंने पूरा मैच खेला।**

## जयपुर की सागर इक्वेस्ट्रीयन एकेडमी को रजत पदक



जयपुर, 22 फरवरी। आर वी सी सेंटर मेरठ में 21 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी चैम्पियनशिप-2022 (परिलिमनारी ड्रेसाज) में राजू सिंह, मानदातार सिंह (राजस्थान पुलिस) एवं जेयति ने टीम स्पर्धा में स्लिवर पदक हासिल किया। दो बार एशियन मेडलिस्ट कैप्टन भागीरथ सिंह ने कोचिंग ले रहे है।



जोधपुर एयर फोर्स स्टेशन पर इंडियन एयर फोर्स और रॉयल एयरफोर्स ऑफ ओमान के बीच ईस्टर्न ब्रिज युद्धाभ्यास सोमवार से शुरू हुआ और मंगलवार दूसरे दिन भी जोधपुर का आसमां फाइटर प्लेनों की आवाज़ों से गुंजायमान रहा। अमेरिका निर्मित शक्तिशाली एफ-16 फाइटर जैट भी पहली बार जोधपुर के आसमान में अपनी ताकत दिखाते नजर आए। इंडियन एयरफोर्स के सुखोई-30 ने भी शक्ति प्रदर्शन किया। पहले दिन आपसी तालमेल बैठाने के अलावा आसमान में काल्पनिक टारगैट्स को हिट कर दोनों एयरफोर्स के जांबाज़ पायलट्स ने युद्ध कौशल दिखाया। भारत और ओमान की वायुसेना के इस साझा युद्धाभ्यास के दौरान हवा में ही टारगैट्स को निशाना बनाना सिखाया जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में दोनों देशों के पायलट दुश्मन के फाइटर जैट को घेरकर नीचे उतारना भी सीख रहे हैं।

# क्या बजट में कांग्रेस सरकार कर सकती है नए जिले की घोषणा

## महत्वपूर्ण बात यह है कि मुख्यमंत्री रहते हुए अपने तीनों कार्यकाल में अशोक गहलोत ने एक भी नया जिला नहीं बनाया है

जयपुर, 22 फरवरी (का.प्र.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को राज्य का बजट प्रस्तुत करेंगे, लेकिन इसकी सबसे खास बात यह होगी कि इस बार राजस्थान में एक नई शुरुआत करते हुए कृषि के लिए अलग बजट पेश किया जाएगा। अत: किसानों को इस बजट से सबसे ज्यादा उम्मीदें हैं। इससे भी बढ़कर उत्सुकता इस बात को लेकर है कि इस बजट में राजनीतिक संदेश क्या होगा।

और यह भी कि क्या मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कांग्रेस विधायकों की मांग को देखते हुए अपने मुख्यमंत्रित्व काल में पहली बार नए जिलों की घोषणा कर सकते हैं और इनकी संख्या 1 से 3 हो सकती है। हालांकि जिलों की घोषणा बहुत बड़ा राजनीतिक मामला होता है। ऐसे में देखना काफी महत्वपूर्ण होगा कि अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री कॉल में क्या ऐसा होने वाला है। वैसे महत्वपूर्ण बात यह है कि राजस्थान में पिछले 30-

■ **26 जनवरी 2008 को प्रतापगढ़ नया जिला बना था, उसके बाद से कई जगह से उठती रही है मांग।**

35 साल में जितने भी नए जिले बनाए गए हैं। उनकी घोषणा भाजपा शासनकाल में ही हुई है और अंतिम जिला प्रतापगढ़ 26 जनवरी 2008 को बना था, जिसकी घोषणा भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने की थी।

वैसे तो राजस्थान में कई जिले नए बनाए जाने की मांग लंबे समय से उठ रही है, लेकिन जहां आवश्यकता समझी जा रही है, उनमें सबसे महत्वपूर्ण हैं- बाड़मेर का बालोतरा, जोधपुर का फलोदी, सीकर का नीमकाथाना और अजमेर का ब्यावर थे। ऐसी तहसीलें हैं, जहां जिले बनाए जाना बेहद आवश्यक माना जा रहा है, क्योंकि इन सभी तहसीलों की जिला मुख्यालयों से दूरी 80 से 100 किलोमीटर तक है। यही कारण है कि बालोतरा को जिला बनाने की मांग को लेकर कांग्रेस के विधायक मदन प्रजापत की यह घोषणा कर चुके हैं कि यदि बालोतरा को जिला नहीं बनाया जाता है,तो वे कभी भी जूते नहीं पहनेंगे और हमेशा नंगे पांव रहेंगे। इसे लेकर अब सरकार पर भी दबाव है। नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग करीब 2 दशकों से भी ज्यादा समय से हो रही है। इसी लाइन में जयपुर जिले का कोटपुतली भी है। इसी तरह ब्यावर को जिला बनाने की मांग करीब 30 साल पुरानी है,तो फलोदी को जिला बनाने की मांग भी 25-30 साल से लगातार उठ रही है।

### लिखित...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थे कि वे शीघ्रता के लिहाज से अपनी दलीलें न्यायमूर्ति ए.एम. खानविल्कर के समक्ष प्रस्तुत करें। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविल्कर, दिनेश महेश्वरी तथा सी.टी. रवि कुमार की बैंच बुधवार को त्वरित सुनवाई के लिये राजी हो गई तथा बैंच ने वकील को निर्देश दिये कि वे याचिका की एक अग्रिम गति सी.बी.एस.ई. तथा अन्य प्रतिवादियों को पहुँचा दें। याचिका में माँग की गई है कि सी.बी.एस.ई. तथा अन्य शिक्षा बोर्डों, जिन्होंने कक्षा-10 तथा 12 की बोर्ड परीक्षाएं ऑफ लाइन प्रस्तावित कर दी हैं, को निर्देश दिये जायें कि विद्यार्थियों के मूल्यांकन के अन्य तरीके (मोड) अपनाये जायें। सी.बी.एस.ई. 26 अप्रैल से बोर्ड परीक्षाएं कराने का निर्णय पहले ही ले चुका है।

# आर.ए.एस. भर्ती-2021 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम रद्द

## 25-26 फरवरी को होने वाली मुख्य परीक्षा के आयोजन में देरी होने की संभावना

जयपुर, 22 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आर.ए.एस. भर्ती-2021 की प्रारंभिक परीक्षा की अंतिम उत्तर कुंजी से जुड़े विवाद को लेकर प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मॉडल प्रश्न पत्र के सवाल नंबर 41 को डिलीट करते हुए सवाल संख्या 1, 31, 98 और 105 का पुन: परीक्षण करने के निर्देश देते हुए इन्हें विशेषज्ञ कमेटी के समक्ष भेजा है। वहीं अदालत ने प्रश्न संख्या 62 में आयोग की ओर से सही माने गए विकल्प संख्या तीन को बदलते हुए सही जवाब विकल्प संख्या एक माना है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश अंकित कुमार शर्मा व अन्य की याचिकाओं पर दिए। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब आर.ए.एस. मेन्स की 25-26 फरवरी को होने वाली मुख्य परीक्षा के आयोजन में देरी होने की संभावना है। आर.पी.एस.सी. के अधिवक्ता अमित लुभाया का कहना है कि फिलहाल आदेश का परीक्षण किया जा रहा है। उसके बाद ही अपील करने को लेकर

■ **हाईकोर्ट ने कुछ प्रश्नों को पुनः परीक्षण के लिये विशेषज्ञ कमेटी को भेजा है।**

निर्णय किया जाएगा। यदि आयोग की ओर से खंडपीठ में अपील की जाती है और वहां एकलपीठ के आदेश पर रोक लगती है तो आयोग को मुख्य परीक्षा को लेकर राहत मिल सकती है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी व अन्य ने बताया कि आयोग की ओर से आर.ए.एस. भर्ती-2021 की लिखित परीक्षा के बाद मॉडल उत्तर कुंजी जारी कर अभ्यर्थियों से आपत्तियां मांगी गईं और याचिकाकर्ताओं ने अपनी आपत्तियां पेश कर दी। इसके बाद आयोग ने आपत्तियों का निपटारा करते हुए प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया और उसके बाद अंतिम उत्तर कुंजी भी निकाल दी। याचिका में कहा गया कि अंतिम उत्तर कुंजी में आयोग ने कुछ सवालों के जवाब गलत जांचे हैं। इसके अलावा एक सवाल के एक से अधिक उत्तर भी सही हैं। याचिका में मान्यता प्राप्त पुस्तकों के जवाब पेश करते हुए कहा गया कि उनकी ओर से किए गए सवालों को सही माना जाए। वहीं आयोग की ओर से अधिवक्ता अमित लुभाया ने अदालत को बताया कि मॉडल उत्तर कुंजी जारी करने के बाद नियमानुसार आपत्तियां मांग कर उसका निस्तारण किया गया था और विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परिणाम जारी कर अंतिम उत्तर कुंजी निकाली गई थी। ऐसे में याचिकाओं को खारिज किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने परीक्षा परिणाम रद्द करते हुए चार विवादित प्रश्नों की विशेषज्ञ कमेटी से कराने, एक प्रश्न का विकल्प बदलने और एक प्रश्न को डिलीट करने के आदेश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि विपक्षी विधायकों और अभ्यर्थियों की ओर से आरएएस मेन्स परीक्षा स्थगित करने की लगातार मांग की जा रही थी। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार शाम को ही कहा था कि मुख्य परीक्षा स्थगित नहीं होगी। उन्होंने परीक्षा स्थगित करने की मांग को गलत ठहराया था। साथ ही कहा था कि सभी प्रतियोगी परीक्षाएं और भर्तियां तय समय में पूरी करना सरकार की प्राथमिकता है। इसी के तहत आरपीएससी और राजस्थान कर्मचारी बोर्ड भर्ती कैलेंडर जारी कर उसके मुताबिक परीक्षाएं करवा रहा है। गहलोत ने आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा भी 25 और 26 फरवरी को आर.पी.एस.सी. के कैलेंडर के मुताबिक करवाने की बात कही थी।

### कब क्या हुआः

-20 जुलाई 2021 को आयोग ने आर.ए.एस. के 363 और अधीनस्थ सेवाओं के 625 पदों पर भर्ती निकाली।

-27 अक्टूबर 2021 को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की गई।

-3 नवंबर 2021 को मॉडल उत्तर कुंजी जारी की गई।

-19 नवंबर 2021 को प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम जारी।

-22 नवंबर 2021 को आपत्तियों का निस्तारण कर अंतिम उत्तर कुंजी जारी।

### नीतीश कुमार ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जब तक कि वे (नीतीश कुमार) भाजपा से अपने संबंध ना तोड़ लें। पहले उन्हें भाजपा से संबंध विच्छेद करने होंगे तथा इसके बाद ही इस पर विचार किया जा सकता है। इसके बाद सभी विपक्षी पार्टियां एक जगह बैठकर इस पर विचार करेंगी।" बिहार में, वर्तमान में भाजपा के सहयोग वाली जे.डी. (यू.) सरकार है।

मलिक ने भाजपा पर आरोप लगाया कि जब उत्तर प्रदेश में उसकी सरकार थी तब उसने वर्ष 1993 में साम्प्रदायिक दंगे करवाए थे और वहां के लोगों ने उसी वजह से उसे सत्ता से बाहर किया था।

एन.सी.पी. नेता ने कहा कि अगले महीने जब विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आएंगे तब उत्तर प्रदेश में 30 वर्ष बाद इतिहास अपने आपको दोहराएगा।

मलिक ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जनता 25 वर्ष बाद वर्ष 2017 में भाजपा को सत्ता में लेकर आयी। यहां के लोग पिछले पांच वर्षों के दौरान ऊसकी राजनीति से तंग आ गए हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को उत्तर प्रदेश में 150 से कम सीटें मिलेंगी। तथापि, भाजपा वास्तविकताओं से परे यह उम्मीद कर रही है कि लोक सभा में 80 सांसद भेजने वाले उत्तर प्रदेश में वह अपनी सरकार बनाने में किसी तरह कामयाब हो जाएगी और यह संभव करने के लिए वह जी-तोड़ कोशिश कर रही है, लेकिन उसकी सत्ता में वापसी की संभावनाओं से इंकार किया जा रहा है क्योंकि आक्रामक सपा विरूद्ध वह काफी मुश्किल में फंसी हुई है। यहां तक कि कांग्रेस और बसपा भी भाजपा के वोटों में सेंधमारी कर रहे हैं।

# डेरा प्रमुख राम रहीम को जैड प्लस सिक्यूरिटी दी गई

## गृह मंत्रालय ने राम रहीम की जान को खालिस्तान समर्थकों से खतरे की आशंका जताई

चंडीगढ़, 22 फरवरी। डेरा सच्चा सौदा के मुखिया गुरमीत राम रहीम सिंह फरलो पर जेल से बाहर आ गये हैं। उन्हें अब प्लस सुरक्षा दे दी गई है। राज्य सी.आई.डी. की तरफ से रोहतक रेंज कमिश्नर को पत्र लिखकर बताया गया कि उनको गृह मंत्रालय से मिले इनपुट के मुताबिक़, राम रहीम को खालिस्तान समर्थित आतंकवादियों से खतरा है और सजा से पहले भी उसको धमकियां मिलती रही हैं।

राम रहीम ने रोहतक की सुनारिया जेल के सुप्रिटेंडेंट को 31 जनवरी को पत्र लिखकर तीन सप्ताह की फरलो दिए जाने की मांग की थी। इसमें राम रहीम ने अपने परिवार के साथ गुरुग्राम में रहने की इच्छा जताई थी। एक दिन में ही राम रहीम की मांग को भी स्वीकार कर लिया गया। बताया गया कि राम रहीम ने जेल में रहने के दौरान कोई अपराध नहीं किया है और हार्डकोर अपराधी की श्रेणी में भी नहीं आता है, जिसके कारण उसकी फरलो पर रिहाई की सिफारिश की जाती है।

अब राम रहीम को जेल से बाहर आने और सुरक्षा प्रदान किए जाने पर

■ **गौरतलब है कि, राम रहीम ने रोहतक की सुनारिया जेल के सुप्रिटेंडेंट को गत 31 जनवरी को पत्र लिखकर अपने परिवारजनों से मिलने के लिए तीन सप्ताह की फरलो दिए जाने की मांग की थी।**

सोशल मीडिया पर लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। द नमोज नाम के ट्विटर हैंडल से लिखा गया कि मोदी के गुरु के लिए इतना तो बनता है। मोहन भागवत, फिर कंगना, कुमार विश्वास फिर ओवैसी और अब बलात्कारी राम रहीम... वाह क्या चहेते हैं मोदीजी के। दीपक पसरीचा नाम के यूजर ने लिखा कि कानून है हमारे देश में? इसका पता 10 मार्च के बाद चलेगा कि कानून क्या होता है ये पंजाब सिखाएगा।

मोहम्मद शम्स नाम के यूजर ने लिखा कि मोदी की नीति कितनी अच्छी है, महिलाओं को सुरक्षा देने से अच्छा है बलात्कारियों को सुरक्षा दे दो। आर.के. रानी नाम के यूजर ने लिखा कि उस देश को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता, जिसकी जेलों में संत महात्मा रहते हों और साथ ही सिक्योरिटी मिली हो। भारत विश्वगुरु बनने वाला है बस आउटर पर खड़ा है।

कुमार संजय नाम के यूजर ने लिखा कि इतना ही जान का डर है तो जेल के अंदर ही रहना चाहिए था न, बेचारे को बीजेपी ने धोबी का ...न घर का न घाट का बना दिया है। चुनावी फायदे के लिए फरलो पर बाहर किया है। हेमंत शाहनी नाम के यूजर ने लिखा कि सब चोरों, कातिलों, बलात्कारियों और भ्रष्ट लोगों को मोदी ने संरक्षित करने का ठेका लिया हुआ है और जनता को पाठ पढ़ा रहे हैं कि गुंडे माफिया की कोई जगह नहीं है और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सब जुमला है।

### राहुल गांधी व...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही क्षेत्र भाजपा के हाथ से फिसल रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह की जमकर हूटिंग हुई तथा वे अपने रोड-शो को एक किलोमीटर से आगे जारी नहीं रख पाये।

दो दिन बाद, जब स्मृति ईरानी वहाँ प्रचार करने पहुँची तो उन्हें भी हूटिंग का सामना करना पड़ा तथा उनसे माइक छीन लिया गया। एक अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता, जिन्हें हूट किये जाने का ताज़ा उदाहरण हमारे सामने हैं, वे हैं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, जिन्हें अनवरत बेरोजगारी के लिये खिंचाई का सामना करना पड़ा। ऐसी आशा की जा रही है कि पाँचवे चरण के बाद, प्रधानमंत्री वाराणसी में डेरा डालेंगे, जहाँ अंतिम चरण में मतदान होना है। चाहे पश्चिमी उत्तर प्रदेश हो, चाहे पूर्वी भाजपा को योगी के काम को लेकर खरी-खरी सुनने को मिल रही हैं तथा वह पूरी तरह संतस्त्र एवं घबराई हुई है। वहीं राहुल गांधी की भी यही स्थिति है तथा ऐसी संभावना नज़र नहीं आ रही कि कांग्रेस दहाई के अंकों को स्पर्श कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की तो पहले से ही पतली हालत थी लेकिन, जहाँ तक कुल 403 सीटों में से 327 के आँकड़े को बचाये जाने के लिहाज से तो भाजपा बहुत कुछ खोने की स्थिति में दिखाई दे रही है।

# पुतिन ने सेना को पूर्वी यूक्रेन पर कब्जे का आदेश दिया

मॉस्को, 22 फरवरी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने सैनिकों को पूर्वी यूक्रेन के अलगाववादी क्षेत्रों डोनेट्स्क और लुहांस्क भेजने का आदेश दिया है। बताया जा रहा है कि रूसी सैनिक इन इलाकों में पहुंच चुके हैं। इससे पहले पुतिन ने इन क्षेत्रों को स्वतंत्रता देश की मान्यता दी थी। यहां कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। उधर, पुतिन के आदेश पर पश्चिम देशों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

रूस ने यूक्रेन के अलगाववादी राज्यों को स्वतंत्र पूर्वी यूक्रेन के रूप में मान्यता देने के बाद सेना भेज दी है। यूक्रेन के दो प्रांतों लुहांस्क-डोनेट्स्क में रूसी सेना के टैंक इस क्षेत्र में घुस गए है। हालांकि रूसी सैनिक भेजे जाने के सवाल पर पुतिन ने जवाब दिया है कि

■ **इससे तुरन्त पहले राष्ट्रपति पुतिन ने इन क्षेत्रों को स्वतंत्र देश के रुप में मान्यता देने की घोषणा भी कर दी थी।**

अलगाववादियों के कब्जे वाले दोनों प्रांतों में शांति बनाए रखने के लिए ऐसा करना जरूरी है। पुतिन के अपने सैनिकों को इन क्षेत्रों में भेजने के आदेश पर से बैंक जैसी कंपनियों के शेयर तेजी से गिर गए हैं।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में मध्य डोनेट्स्क में कई धमाकों की आवाज सुनी गई है। संभावना जताई जा रही है कि रूसी सैनिकों के इन इलाकों में घुसने के बाद यहां संघर्ष की कुछ घटनाएं सामने आई हैं।

वहीं, पुतिन के इस कदम पर पश्चिमी नेताओं ने चेतावनी दी है कि उन्हें इसके गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। पुतिन के इस फैसले की संयुक्त राष्ट्र और कई पश्चिमी नेताओं ने निंदा की है।

यूक्रेन पर संकट के बीच तमाम देशों ने रूस पर कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। पहले जर्मनी ने रूस के गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट नोर्ड स्ट्रीम को रद्द कर दिया है। वहीं, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को रूस के पांच बड़े बैंकों पर प्रतिबंध लगा दिया। बोरिस ने पुतिन पर यूक्रेन की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

# चुनावी रैलियों और प्रचार पर हर प्रकार की लिमिट खत्म हुई

## चुनाव आयोग ने करोना की वजह से लगे प्रतिबंधों को हटाने की घोषणा की

नई दिल्ली, 22 फरवरी। चुनाव आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए नियमों में ढील देने का फैसला किया है। चुनाव आयोग के अनुसार जिला अधिकारियों की पूर्व अनुमति से रोड शो की इजाजत दे दी है। इसी के साथ रैली के लिए 50 पर्सेंट की लिमिट भी अब खत्म हो गई है। चुनाव आयोग ने करोना वायरस संक्रमण को ध्यान में रखते हुए रैली पर कई प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि, बीच में भी चुनाव आयोग ने नियमों में

■ **इसी के साथ रैली के लिए 50 प्रतिशत की लिमिट भी अब खत्म हो गई है।**

ढील देते हुए 50 फीसदी क्षमता के साथ रैली करने की अनुमति दी थी।

इससे पहले रविवार को चुनाव आयोग ने सभी पार्टियों के लिए स्टार प्रचारकों की संख्या के संबंध में बड़ी राहत दी थी। -19 मामलों में गिरावट का हवाला देते हुए, चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों की संख्या को बहाल कर दिया था, जिससे अब सभी पार्टियां नियम के मुताबिक पहले जितनी संख्या में स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार सकती हैं। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्यीय दल अधिकतम 40 स्टार प्रचारकों को मैदान में उतार सकते हैं। अन्य पार्टियां जो पंजीकृत हैं लेकिन मान्यता प्राप्त नहीं हैं, उनके पास अब 20 स्टार प्रचारक हो सकते हैं।

बता दें कि चुनाव आयोग के अनुसार पांच राज्यों में कुल सात चरणों में विधानसभा चुनाव का ऐलान किया था। इसमें से अब तक तीन चरणों के चुनाव हो चुके हैं। अब चार चरण के चुनाव बचे हुए हैं। इसमें चौथे चरण के लिए 23 फरवरी को, पांचवें चरण के लिए 27 फरवरी को, छठवें चरण के लिए 3 मार्च और सातवें चरण के लिए 7 मार्च को वोट डाले जाएंगे।

### अरब पैसा ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुये डेटा से यह सामने आ गया है कि इस क्षेत्र, जिसमें राजनेताओं के पैसे के बारे में पारदर्शिता का लम्बे समय से अभाव रहा है, के वर्तमान एवं पूर्व नेताओं ने विदेशी बैंकों में अपार धन जमा कर रखा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह दर्शाता है कई देश अपने शासकों और देशों की सम्पत्ति के बीच पृथक्करण सीमा रेखा खींचने में असफल रहा हैं।

लीक हुए डेटा में एक मात्र वर्तमान राष्ट्राध्यक्ष जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय हैं, जो अमेरिका के बहुत नजदीक हैं तथा जिनके राज्य को अमेरिका से कम से कम 22 अरब डॉलर की सैन्य एवं आर्थिक मदद हासिल हुई है। डेटा के अनुसार अब्दुल्ला के छ: स्विस खाते हैं, जिनमें वह खाता भी शामिल है जिसमें 2015 में 22.40 करोड़ डॉलर से ज्यादा धनराशि जमा थी।

कुछ वर्ष पूर्व, 2011 में "अरब स्प्रिंग" के जोर पकड़ने के दौरान मिश्र के राष्ट्रपति होस्नी मुबारक के सत्ता से अपदस्य होने से पहले, उनके तथा उनके बेटों के नजदीकी व्यवसायियों ने अपार पैसा कमाया था। "क्रेडिट सुईस" में मुबारक बन्धुओं के छ: खाते हैं, जिनमें एक जॉइन्ट खाता भी शामिल है, जिसमें 2003 में 19.60 करोड़ डॉलर जमा थे।

लीक यह दर्शाती है कि "क्रेडिट सुईस" बैंक उन लोगों के खाते खोलने तथा उनका खयाल रखने में "रैड फ्लैग्स" की उपेक्षा करने की चूक कर बैठा, जिन लोगों की समस्याओं से भरी पृष्ठभूमि हर उस व्यक्ति के सामने खुली हुई, जो सर्च इंजन के जरिये उनके नामों को चलाता था।

### करोना की "ऑन लाइन"...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जबकि आई.सी.एम.आर. ने किसी भी "ऑन लाइन एग्रीगेटर" कम्पनी को करोना की जांच करने के लिए मान्यता नहीं दी थी।

उन्होंने अदालत को बताया कि क्योंकि इन "एग्रीगेटरों" को आई.सी.एम.आर. ने या एन.ए.बी.एल. ने प्रमाणित नहीं किया है, इस वजह से यह नहीं पता लगाया जा सकता है कि क्या इन कम्पनियों में करोना की जांच के लिए किए जा रहे टैस्ट के लिए योग्य प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा सैम्पल लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन कम्पनियों के कार्यप्रणाली पर और भी कई सवाल उठते हैं, जैसे कि, क्या सैम्पल कलैक्शन के बाद उसे सही जगह और तरीके से स्टोर किया जा रहा है? क्या सैम्पल कलैक्शन के बाद इसे सही समय सैम्पलों में लैब में टैस्ट के लिए पहुंचाया जाता है? क्या सैम्पल का टैस्ट योग्य व प्रशिक्षित व्यक्ति की निगरानी में किया जाता है? और क्या सही समय पर टैस्ट की रिपोर्ट यथा समय प्रभावित व्यक्ति तक पहुंचाई जाती है।

दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए 14 फरवरी को आदेश दिये थे, परन्तु 21 फरवरी की शाम तक ही न्यायाधीश द्वाार एग्रीगेटर्स आदेश को प्रकाशित किया गया है, जिसमें आई.सी.एम.आर. को "ऑनलाइन एग्रीगेटर्स" के मानक तय कर एक हफ्ते में वैबसाइट पर प्रकाशित करने का आदेश दिये गये हैं। इस आदेश के बाद जब अधिवक्ता शशांक देव सुधि से बात हुई तो उन्होंने बताया कि दरअसल "ऑन लाइन" एग्रीगेटर्स" के संचालन का निरीक्षण करने के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि स्वास्थ्य राज्यों की सूची का विषय है, परन्तु राज्यों का कहना है कि क्योंकि करोना महामारी के दौरान "डिज़ास्टर मैनेजमेंट एक्ट" लागू किया गया था, इसलिए स्वास्थ्य से संबंधित नीतियों पर केन्द्र सरकार का नियंत्रण है। सभी सरकारें और विभाग एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं"

उन्होंने बताया कि इस मामले की सुनवाई के दौरान पूछा गया था कि किस "ऑन लाइन एग्रीगेटर" के खिलाफ किसी भी राज्य में कोई कार्यवाही की गयी थी और इस कार्यवाही की क्या कोई "एक्शन रिपोर्ट" दर्ज की गई है, "तब केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों से इन कम्पनियों के खिलाफ की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी थी, परन्तु हैरानी की बात थी कि किसी राज्य में किसी भी "ऑन लाइन एग्रीगेटर्स" के खिलाफ कार्यवाही नहीं की थी।" उन्होंने बताया कि आई.सी.एम.आर. और एन.ए.बी.एल. जैसी संस्था केवल मैडिकल लैब द्वारा लिये जा रहे टैस्ट को ही प्रमाणित करती हैं, उनके पास किसी लैब के खिलाफ कार्यवाही करने के कोई अधिकार नहीं है यह केवल राज्य या केन्द्र सरकार के पास है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आई.सी.एम.आर. को दिल्ली सरकार के साथ मिलकर "ऑन लाइन एग्रीगेटर्स" के द्वारा किये जा रहे टैस्ट के मानक तय करने के आदेश दिये हैं, और मामले की अगली तारीख 9 मई तय की है। शशांक देव सुधि का कहना है कि यह एक ऐतिहासिक आदेश है क्योंकि ऐसे आदेश की कोई इसको मिसाल नहीं है। इस आदेश से पूरे देश में कार्यरत "ऑन लाइन एग्रीगेटर" कम्पनियों को रेगूलेट और मॉनिटर किया जाएगा।

### पुतिन ने इतिहास...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दुनिया ठीक उसका उल्टा सोचती है और रूस की कार्रवाहियां स्वयं के खिलाफ अमेरिका और कई यूरोपीय देशों के प्रतिबंधों को आमंत्रित कर रही हैं। एक तरह से पुतिन ने ऐसा कर कुछ उन देशों को भी स्वयं से दूर कर दिया है जो उसके लिए कूटनीतिक वार्ताओं के कुछ अवसर उपलब्ध करवा रहे थे।

इसके साथ ही जर्मनी ने रूस से मध्य यूरोप तक जा रही नॉर्ड स्ट्रीम-2,, पाइप लाइन में नैचुरल गैस की जरूरी सप्लायी रोक दी है। इससे अपनी प्राकृतिक गैस को अन्य देशों में बेचने की रूस की योजनाएं प्रभावित हो सकती हैं।

यू.के. ने रूस के पांच बैंकों और रूस के कई धनाढ्य लोगों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये सभी लोग रूस के राष्ट्रपति के गुट के हैं।

हाई विज़िबिलिटी स्पोर्ट्स भी रूस से अन्यत्र भेजे जा रहे हैं। यूरोपीयन चैम्पियंस लीग का फायनल सैंट पीटर्सबर्ग में होना था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की है कि रूस में अब फायनल मैच नहीं हो सकता क्योंकि उसने यूरोप के संप्रभु देश पर हमला किया हैं।

रूस की अर्थव्यवस्था से ऑयल व नेचुरल गैस प्रमुख है तथा नैचुरल गैस सप्लायी में किसी तरह की बाधा रूस के अहम आर्थिक हितों को बुरी तरह से नुकसान पहुंचा सकती हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन इन दोनों प्रांतों में गड़बड़ी व हिंसा होने की स्थिति में शांतिसेना भेजने की बात की है। हालांकि रूस के उप विदेश मंत्री ने इस संभावना से इन्कार किया और आश्वस्त किया कि सीमा पर कोई सैन्य गतिविधि नहीं हुई है।

अचानक ही यूक्रेन की स्थिति ज्यादा गंभीर लगने लगी है और रूस के शक्ति प्रदर्शन से यह और बिगड सकता है।

रूस द्वारा यूक्रेन के दो विखंडित प्रान्तों दनयस्क और लुहान्स्क को पृथक राष्ट्र के रूप में मान्यता देने से यूरोप में आशंका का माहौल है और एक प्रकार का सीमित युद्ध शुरू हो सकता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908